राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार , 13 अक्टूबर 2025
वर्ष 07,अंक 17, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मजदूरी न मिलने से 18 साल की कर्मठता हुई बेमानी महिला मजदूर का परिवार भुखमरी की कगार पर...03

बंगाल में आरजी कर जैसी एक और वारदात, मेडिकल छात्रा को अस्पताल के बाहर से घसीटकर ले गए और रेप किया...12

## जेल से चुनाव लड़ने का अधिकार पर वोटिंग का नहीं... अब सुप्रीम कोर्ट करेगा विचाराधीन कैदियों के मताधिकार पर विचार

**● भारत में विचाराधीन कैदियों के मताधिकार पर सुप्रीम कोर्ट फिर सुनवाई कर रहा है. जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 62(5) के तहत उन्हें वोट देने से रोका जाता है, जबकि हालिया फैसले मतदान को मौलिक अधिकार मानते हैं. लगभग 3.9 लाख विचाराधीन कैदी प्रभावित हैं. याचिका में जेलों में मतदान केंद्र या डाक मतपत्र की सुविधा मांगी गई है, ताकि इस असमानता को दूर किया जा सके**


इसे कानून की विसंगतियां कहें या फिर जेल में बंद विचाराधीन कैदियों के साथ भेदभाव, जो कारागार से चुनाव तो लड़ सकता है पर मतदान के अधिकार से वंचित रह जाता है. सर्वोच्च अदालत इस जटिल सवाल पर 1997 में फैसला दे चुका है, लेकिन एक बार फिर भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई ने विचाराधीन कैदियों को मताधिकार की मांग वाली याचिका पर नोटिस जारी कर दिया।

देश की जेलों में बंद पांच लाख से ज्यादा कैदी वोट डालने से मरहूम रह जाते हैं। उनके अधिकार पर जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 62(5) प्रतिबंध लगाती है. ढाई दशक पहले सुप्रीम कोर्ट ने इसी धारा को अनुकूल चंद्र प्रधान बनाम भारत सरकार (1997) मामले में बरकरार रखा था. तब बहस तीन मुख्य पहलुओं पर हुई थी, पर 28 साल के अंतराल में कुछ पहलुओं पर सुप्रीम कोर्ट की राय ही बदली है. चूंकि नागरिकों को मिला मतदान का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है. यह अनुच्छेद 326 के तहत संविधान से मिला एक अधिकार है और यही सबसे बड़ा पेंच है, जिसके चलते कानून के तहत विचाराधीन कैदियों को मताधिकार से वंचित किया गया है।

### विचाराधीन कैदियों को क्या मिलेगा मताधिकार?

साल 2023 में अनूप बरनवाल बनाम भारत सरकार मामले में 2023 में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के भाग-3 के तहत मतदान के अधिकार को भी मौलिक अधिकार माना था. दूसरा पहलू यह कि दोषी करार दिए जाने तक किसी व्यक्ति का संविधान से मिला अधिकार छीना जाना कितना मुनासिब है या फिर मनमाना है. तीसरा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 62 (5) में स्पष्ट, सटीक और उचित है या फिर नहीं. अब देखना ये है कि सरकार इस मामले में क्या जवाब देती है, क्योंकि चुनाव आयोग की भूमिका कानून बनाने में नहीं है और ना ही मताधिकार से किसी नागरिक को वंचित करने के पहलू से उसका लेना देना है।

तथ्यों पर गौर करें तो 1.40 अरब की जनसंख्या वाले देश में सवा पांच लाख से ज्यादा लोग जेलों में बंद है. प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया 2023 के अनुसार, जो राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की ओर से प्रकाशित की गई है, कुल कैदियों में से 73.5% विचाराधीन हैं. इसका मतलब है कि 5.3 लाख कैदियों में से 3.9 लाख ऐसे हैं जिन पर अभी मुकदमा चल रहा है और उन्हें दोषी नहीं ठहराया गया है. याचिकाकर्ता सुनीता शर्मा की दलील है कि



इन विचाराधीन कैदियों को वोट देने के अधिकार से वंचित रखना अनुचित है.

याचिका में मांग की गई है कि चुनाव आयोग जेल में बंद विचाराधीन कैदियों के मतदान के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए दिशानिर्देश तैयार करे. साथ ही, जेलों के अंदर मतदान केंद्र स्थापित करने या यदि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र या राज्य से बाहर की जेलों में हैं तो डाक मतपत्र का उपयोग करने की सुविधा प्रदान करने की मांग की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में की गई ये मांग

यह कदम विचाराधीन कैदियों के लिए मतदान को सुलभ बनाने में मदद करेगा. याचिका में यह भी कहा गया है कि दोषी ठहराए गए कैदियों या भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किए गए लोगों को वोट देने का अधिकार नहीं दिया जाना चाहिए. याचिकाकर्ता का मानना है कि यह अंतर उन लोगों के लिए उचित है जिन पर अभी मुकदमा चल रहा है और जिन्हें अभी दोषी नहीं ठहराया गया है।

याचिका में यह भी बताया गया है कि पाकिस्तान सहित अधिकांश देशों में विचाराधीन कैदियों को वोट देने का अधिकार प्राप्त है. यह तुलना भारत में मौजूदा स्थिति पर सवाल उठाती है. याचिका में कहा गया है कि भारत में, 75% से अधिक कैदी मुकदमे से पहले या विचाराधीन हैं. इनमें से कई दशकों से जेल में हैं. ऐसे मामलों में 80-90% व्यक्तियों को अंततः बरी कर दिया जाता है. फिर भी, उन्हें दशकों तक वोट देने के मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित रखा जाता है. यह स्थिति न्याय प्रणाली की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठाती है।

### विचाराधीन कैदी मतदाधिकार से वंचित क्यों? उठे सवाल

याचिकाकर्ता के नजरिए से देखें तो जेल के कैदियों को मताधिकार से वंचित करने से ऐसा संदेश पहुंचने की अधिक संभावना है जो उन मूल्यों को बढ़ाने वाले संदेशों की तुलना में कानून और लोकतंत्र के प्रति सम्मान को कमजोर करते हैं. वोट देने के अधिकार से वंचित रखना दंड के वैद्य मापदंडों का अनुपालन नहीं करता है।

यदि एक दोषी व्यक्ति जमानत पर बाहर होने पर मतदान कर सकता है, तो एक विचाराधीन व्यक्ति को उसी अधिकार से वंचित क्यों किया जाता है, जिसे अभी तक कानून की अदालत द्वारा अपराध का दोषी नहीं पाया गया है।

**शेष खबर पेज न. 12 पर**

## झारखंड- IED ब्लास्ट में CRPF जवान शहीद, विधायक का भाई घायल

**● झारखंड के सारंडा जंगल में नक्सलियों के IED ब्लास्ट में CRPF हेड कॉन्स्टेबल महेंद्र लश्कर शहीद हो गए, जबकि दो जवान घायल हुए हैं. सुरक्षा बल सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ गहन अभियान चला रहे हैं. माओवादियों ने 'प्रतिरोध सप्ताह' की घोषणा की है, जिसके जवाब में झारखंड पुलिस ने राज्यव्यापी अलर्ट जारी किया है।**



झारखंड के चाईबासा जिले के सारंडा जंगल में नक्सलियों की ओर से किए गए आईईडी ब्लास्ट में हेड कॉन्स्टेबल महेंद्र लश्कर शहीद हो गए. इस हमले में लश्कर के अलावा दो अन्य जवान भी घायल हुए थे. इनमें से एक खरसावां के विधायक दशरथ गागराई के भाई भी हैं. फिलहाल सुरक्षा टीमें सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही है।

आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर शहीद होने वाले सीआरपीएफ 60 बटालियन के हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर मूल रूप से असम के रहने वाले थे. उनके पार्थिव शरीर को राउरकेला से रांची लाकर पोस्टमार्टम कराया गया. उसके बाद उनके पार्थिव शरीर को रांची के धुर्वा स्थित सीआरपीएफ 133 बटालियन के मुख्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

### शुक्रवार को हुआ था विस्फोट

पश्चिम सिंहभूम जिला के सारंडा क्षेत्र के सरायकेला थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी के विस्फोट में सीआरपीएफ 60 बटालियन के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर शहीद हुए हैं. जबकि इस घटना में घायल अन्य जवानों में से एक जवान की पहचान झारखंड के खरसावां के विधायक दशरथ गागराई के भाई, रामकृष्ण गागराई जो एएसआई के पद पर कार्यरत हैं. इसके साथ ही एक अन्य की पहचान सीआरपीएफ 60 बटालियन के इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा के रूप में हुई है।

### प्रतिरोध सप्ताह मना रहे नक्सली

माओवादियों की तरफ से 8 अक्टूबर से लेकर 14 अक्टूबर के बीच प्रतिरोध सप्ताह के रूप में मनाने का ऐलान किया गया है. जबकि 15 अक्टूबर को एक दिन के बंद का बुलाया गया है, हालांकि नक्सलियों के प्रतिरोध सप्ताह को लेकर झारखंड पुलिस के आईजी माइकल राज एस ने 7 अक्टूबर को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह कहा था कि झारखंड पुलिस पूरे तरीके से अलर्ट है।

उन्होंने कहा था कि सभी जिला के एसपी को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है. इसके साथ ही उन्होंने बताया था कि इस साल यानी 2025 में अब तक 32 कुख्यात इनामी नक्सलियों को अभियान के दौरान मार गिराया गया है, वहीं दर्जनों नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण किया है।

### 15 अक्टूबर को किया बंद का आह्वान

प्रेस कांफ्रेंस में अधिकारियों ने कहा था कि झारखंड में मात्र 80 से 85 नक्सली बचे हुए हैं, जिसमें सर्वाधिक पश्चिम सिंहभूम जिला के सारंडा क्षेत्र में ही है, जिनके खात्मे के लिए झारखंड पुलिस ने ठोस रणनीति बनाई है और अगले कुछ महीनो के अंदर ही पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा. झारखंड पुलिस ने आठ अक्टूबर को सीपीआई (माओवादी) द्वारा शुरू किए गए 'प्रतिरोध सप्ताह' के मद्देनजर पूरे राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी है. संगठन ने 15 अक्टूबर को बंद का भी आह्वान किया है।

### पिछले महीनों में बढ़ी आइईडी घटनाएं

सुरक्षा बलों और आम जनता को पिछले महीनों में सारंडा क्षेत्र में आइईडी विस्फोटों से भारी नुकसान हुआ है। 8 अगस्त 2025 को सीआरपीएफ की 209वीं कोबरा बटालियन के दो जवान, राम प्रवेश सिंह और छोटू कश्यप, आईईडी विस्फोट में घायल हुए थे। 22 मार्च 2025 को सीआरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल और हेड कांस्टेबल पार्थ प्रतिम डेका आईईडी विस्फोट में घायल हुए, जिसमें बाद में मंडल की अस्पताल में मौत हो गई। 12 अप्रैल 2025 को झारखंड जगुआर के एक कांस्टेबल की भी आइईडी विस्फोट में मृत्यु हुई, जबकि एक अन्य जवान घायल हुआ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बाइक फिसलने से युवक की मौत दो घायल

**मलिहाबाद।** बाजार से वापस घर जा रहे बाइक सवार तीन भाइयों की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई हादसे में तीनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जहां एक की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने लखनऊ रेफर किया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।शनिवार शाम रहीमाबाद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोस्वा के मजरा बेलवा निवासी गुड्डू,राम शंकर और पडडे तीनों भाई एक बाइक से घरेलू सामान खरीदने दिलावर नगर बाजार गए थे।घर वापस आते समय बाइक को राम शंकर चला रहे थे और हेलमेट भी नही पहने थे। जिस समय बाइक दिलावर नगर से जमोलिया मोड़ के पास पहुंची तो बाइक अनियंत्रित होकर फिसल कर रोड पर गिर गई। हादसे में तीनो बाइक सवार घायल हो गए हादसे की सूचना रामशंकर ने घर वालों को दी सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें स्थानीय विजय अस्पताल में भर्ती कराया जहां गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने गुड्डू को लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई मृतक गुड्डू के परिवार में पत्नी रानी तथा बेटे और बेटी है।

### उप्र- बलिया में बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।**

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक बुजुर्ग ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार नगरा थाना क्षेत्र के नरही गांवनिवासी महंगी राजभर (65) ने शुक्रवार की रात्रि घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## किसान की समस्याओं को लेकर पंचायत लगाई गई। दिया गया ज्ञापन



**ब्यूरो प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत परिवार की किसान पंचायत 9 10.2025 को सहसो ब्लॉक में मासिक पंचायत लगाई गई महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष जियालाल द्वारा वीडियो को ज्ञापन दिया गया 45 ग्राम सभा को लेकर रोड नाली विधवा पेंशन आवास शौचालय सहसो के वीडियो ने यथाशीघ्र अपने अधिकारियों को अवगत कराया की 10 दिन के अंदर जितने काम है सब कर दिए जाएंगे उपस्थित गण युवा तहसील अध्यक्ष हरगोविंद यादव गंगा पार महिला अध्यक्ष फूलन देवी हडिया कोष अध्यक्ष अखिलेंद्र कुमार पटेल हडिया महिला कोषाध्यक्ष विद्या देवी पटेल फूलपुर प्रचारक मंत्री गयादीन पटेल ग्राम सभा अध्यक्ष विनोद कुमार पांडे अशोक कुमार मिश्रा राजेंद्र कुमार पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## इंडिगो विमान के 'विंडशील्ड' में आई दरार, हवा में अटकी 76 यात्रियों की जान, पायलट ने दिखाई समझदारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

चेन्नई एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक इंडिगो के एक विमान में 'विंडशील्ड' में दरार पड़ने का पता चला. एयरपोर्ट अथॉरिटी ने तुरंत पायलट की समझदारी से विमान को सरक्षित रवने पर उतार लिया. बताया जा रहा है कि घटना के समय विमान मदुरै से चेन्नई लौट रहा था और उसमे 76 यात्री सवार थे।

जानकारी के अनुसार विमान के कॉकपिट ग्लास में आई दरार पर लैंडिंग से ठीक पहले पायलट को नजर पड़ी. इसके बाद पायलट ने इसकी सूचना तुरंत इसकी सूचना एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को दी. पायलट की सूचना के बाद एयरपोर्ट पर विमान को सुरक्षित उतारने की तैयारी शुरू कर दी गई. विमान रनवे पर सुरक्षित उतरने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### पायलट की नजर पड़ने पर टला हादसा

बताया जा रहा है कि शुक्रवार-शनिवार देर रात इंडिगो विमान 76 यात्रियों को लेकर मदुरै से चेन्नई जा रही थी. इस दौरान चेन्नई एयरपोर्ट पर उतरने से पहले पायलट की नजर विंडशील्ड में आई दरार पर पड़ी. जिसे देखकर पायलट के होश उड़ गए, लेकिन उसने समझदारी दिखाते हुए इसकी सूचना फौरन हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को दी. जिसके बाद एयरपोर्ट पर व्यवस्था की गई और विमान सुरक्षित रूप से उतर गया. इसके बाद यात्रियों को विमान से उतारा गया।

### घटना के बाद मदुरै के लिए वापसी उड़ान की रद्द

एयरपोर्ट पर उतरने के बाद विमान के विंडशील्ड बदलने की व्यवस्था की गई. हालांकि विंडशील्ड पर दरार कैसे आई, इसके कारणों का फिलहाल पता नहीं चला पाया है. दूसरी तरफ इस घटना के बाद मदुरै के लिए उड़ान की वापसी यात्रा को रद्द कर दिया गया. इस घटना के बाद काफी देर बाद इंडिगो एयरलाइन की ओर से प्रतिक्रिया आई.उन्होंने कहा, ÷मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करते हुए विमान




को चेन्नई में सुरक्षित उतार लिया गया और आवश्यक जांच एवं मंजूरी के बाद ही इससे किसी उड़ान का संचालन शुरू किया जाएगा।÷

### अकासा एयर की उड़ान से टकराया पक्षी

जानकारी के मुताबिक शनिवार को पुणे से दिल्ली जा रही अकासा एयर की उड़ान क्यूक्ष1607 से पक्षी टकरा गया. इसके बाद विमान को सुरक्षित लैंड कराया गया और सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को विमान से उतार लिया गया. घटना पर अकासा एयर प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इंजीनियरिंग टीम ने अकासा एयर की मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार विमान की जांच की।

## अयोध्या दीपोत्सव की भव्य तैयारी- 28 लाख दीयों से बनेगा नया वर्ल्ड रिकॉर्ड!

**पिछले वर्षों में अयोध्या के दीपोत्सव को गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान मिला है। इस वर्ष, आयोजकों का लक्ष्य 28 लाख दीये जलाकर उस रिकॉर्ड को तोड़ना है। इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए, सरकार, प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों की टीमें अथक प्रयास कर रही हैं।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि शहर में नौवें दीपोत्सव के तहत अयोध्या में सरयू नदी के किनारे 56 घाटों को लगभग 28 लाख दीपों से रोशन किया जाएगा। पहली बार, लक्ष्मण किला घाट भी इस उत्सव में शामिल होगा, जिससे यह उत्सव और भी भव्य हो जाएगा। घाट को 1.25 लाख से ज़्यादा दीपों से रोशन किया जाएगा। राज्य सरकार ने बताया कि राम की पैड़ी और चौधरी चरण सिंह घाटों पर लगभग डेढ़ लाख दीये जलाए जाएँगे, जबकि भजन संध्या घाट भी डेढ़ लाख दीयों से जगमगाएगा। उत्सव का मुख्य आकर्षण, राम की पैड़ी, 15-16 लाख दीयों से जगमगाएगी।

पिछले वर्षों में अयोध्या के दीपोत्सव को गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान मिला



है। इस वर्ष, आयोजकों का लक्ष्य 28 लाख दीये जलाकर उस रिकॉर्ड को तोड़ना है। इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए, सरकार, प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों की टीमें अथक प्रयास कर रही हैं। सजावट, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आगंतुकों के आतिथ्य सत्कार के लिए व्यापक तैयारियाँ चल रही हैं। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र की देखरेख में, महोत्सव के हर पहलू की निगरानी के लिए 22 समितियों का गठन किया गया है। बयान में कहा गया है कि प्रमुख समितियों में समन्वय, अनुशासन, सुरक्षा, दीप गणना, यातायात, स्वच्छता, मीडिया एवं फोटोग्राफी, प्राथमिक चिकित्सा, सजावट, रंगोली, स्वयंसेवकों की पहचान पत्र, और निगरानी एवं नियंत्रण शामिल हैं।

## कोलकाता में मूक-बधिर युवती से बलात्कार, एक गिरफ्तार

**● एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कथित घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया कि यह घटना शहर के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में नडियाल इलाके में रात करीब 12:30 बजे हुई।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

कोलकाता में शनिवार तड़के एक व्यक्ति ने 20 वर्षीय मूक-बधिर युवती के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कथित घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया कि यह



घटना शहर के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में नडियाल इलाके में रात करीब 12:30 बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी चिकित्सा जांच की जा रही है। उन्होंने घटना का ब्यौरा दिए बिना बताया कि विशेष सूचना के आधार पर नडियाल पुलिस थाने के अधिकारियों ने छापेमारी की और शनिवार सुबह करीब 6:35 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने कहा, आरोपी से फिलहाल पूछताछ की जा रही है और उसे बाद में स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

## बाढ़ पीड़ित किसानों के हर परिवार को मिले 50 हजार... उद्धव ठाकरे ने की मांग, फडणवीस सरकार पर बोला हमला

**● उद्धव ठाकरे ने छत्रपति संभाजीनगर में बाढ़ पीड़ित किसानों से मुलाकात की और केंद्र-राज्य सरकार पर किसानों के प्रति उदासीनता का आरोप लगाया. उन्होंने प्रत्येक पीड़ित किसान परिवार को तुरंत 50 हजार रुपये की सहायता देने की मांग की और सत्ता में आने पर कर्जमाफी का वादा किया।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शिवसेना (यूबीटी)** नेता उद्धव ठाकरे मराठवाड़ा के छत्रपति शंभाजी नगर में एक दिवसीय दौरे पर गए और बाढ़ और बारिश में तबाह हो चुके किसानों से मुलाकात की. उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों किसानों के प्रति उदासीन है और किसानों के दुख तकलीफ को दूर करने का कोई प्रयास नहीं कर रही है. उन्होंने बाढ़ पीड़ित किसान के परिवारों को 50 हजार रुपए देने की मांग की।

आगामी जिला परिषद, नगर निगम और महानगरपालिका चुनाव के मद्देनजर उद्धव ठाकरे किसानों से मिलकर सांत्वना लेने की पूरी कोशिश कर रहे है. उन्होंने फडणवीस सरकार पर हमला बोला और किसानों के हर परिवार को तुरंत 50 हजार रकम सरकार घोषित करने की मांग की।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बाढ़ग्रस्त किसानों को 10 हजार रुपये तुरंत देने का ऐलान किया. साथ ही पंचनामा कर जिन किसानों के खेत पूरी तरह खत्म हो गए और जिनके घर मकान गिरे उन्हें सरकारी अनाज,राहत सामग्री और राहत पैकेज देने की घोषणा की, जिसके तहत 3500 करोड़ रुपये का पैकेज भी घोषित किया है।

### अगर सत्ता में होते तो फिर से कर्जमाफी करते

उद्धव ठाकरे ने छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित सभा में केंद्र और राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला. किसानों की स्थिति, दो उपमुख्यमंत्रियों के मुद्दे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखी टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वे सत्ता में होते तो किसानों को एक और कर्जमाफी दी जाती। उन्होंने कहा कि हमने कर्जमाफी दी थी, लेकिन कोरोना के कारण मदद देने में कठिनाई आई. अगर आज सत्ता में होते, तो फिर से कर्जमाफी करते. अब चुनाव आने वाले हैं, इसलिए ये लोग किसानों के सामने घुटने टेकेंगे।

### मोदी सरकार पर बोला हमला

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव आते ही सभी को खुश करेंगे, लेकिन अब तक जो वादे किए, क्या पूरे हुए? क्या किसानों की आमदनी दोगुनी हुई? बिहार चुनाव में वोट चोरी पकड़ी गई थी, अब महिलाओं के खातों में पैसे डालकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं. उन्होंने राज्य में दो उपमुख्यमंत्रियों पर कहा किविपक्ष नेता नियुक्त करने के नियम हैं, लेकिन दो उपमुख्यमंत्री कैसे हो सकते हैं? संविधान में ऐसा कुछ नहीं लिखा. हम इन्हें उपमुख्यमंत्री नहीं मानते, ये सिर्फ मंत्री के रूप में ही घूमें।




### उद्धव ने कहा- किसानों के साथ हैं

शिक्षा और किसानों की समस्या पर कहा कि परीक्षा शुल्क और शैक्षणिक शुल्क माफ किया जाना चाहिए. जिन बैंकों ने पहले किसानों को कर्ज दिया था, क्या वे अब नया कर्ज देंगी?

उन्होंने कहा कि दिवाली के बाद हम हर जिले में जाकर देखेंगे कि किसानों को वाकई मदद मिली या नहीं. मुझे मुख्यमंत्री बनने का सपना नहीं है, मुझे सिर्फ जनता का आशीर्वाद चाहिए. उन्होंने किसानों से अपील की कि किसान भाइयों, घबराइए मत. यह अस्मानी और सुलतानी संकट का समय है, लेकिन शिवसेना आपके साथ खड़ी है. कोई भी आत्महत्या न करे – हम सब आपके साथ हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क किनारे टूटे बिजली के तार की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत



**बस्ती।** बस्ती जिले केगौर थाना क्षेत्र के मेहनिया गांव के पास बभनान अइला मार्ग पर घास काटने जा रहे एक बुजुर्ग की शनिवार की सुबह करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मेहनिया निवासी 70 वर्षीय राम गोविंद पुत्र धनराज सुबह मवेशियों के लिए चारा काटने जा रहे थे। जैसे ही वह बढ़या गांव के पास सड़क से उतरकर खेत की ओर बढ़े, वहीं जमीन पर टूटा पड़ा ग्यारह हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार उनके संपर्क में आ गया। तेज करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस और विद्युत विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही से यह हादसा हुआ है, क्योंकि कई दिनों से तार नीचे लटक रहा था, जिसकी सूचना देने के बावजूद मरम्मत नहीं की गई। हादसे के बाद से गांव में शोक का माहौल है।

### लापता गोमती प्रसाद की तलाश में परिवार कलेक्ट्रेट में शुरू किया आमरण ने बांधे कफन



**बस्ती।** बस्ती जिले जिले में एक परिवार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आमरण अनशन शुरू कर दिया। परिवार के सदस्यों ने सिर पर कफन बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि उनके परिजन गोमती प्रसाद का अपहरण हुआ है, लेकिन पुलिस इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। बेटी कविता ने दावा किया कि पुलिस ने उनके पिता की बरामदगी की जगह उनकी मूल तहरीर ही बदल दी है।परिवार ने बताया कि वे 4 अक्टूबर से लगातार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को गोमती प्रसाद के लापता होने की सूचना दे रहे हैं। इसके बावजूद, अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। परिजनों के अनुसार, उन्होंने 8 अक्टूबर को प्रशासन को पत्र लिखकर चेतावनी दी थी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे आमरण अनशन पर बैठेंगे। जिलाधिकारी के आश्वासन पर उन्होंने कुछ दिन इंतजार भी किया, लेकिन कोई परिणाम न मिलने पर शुक्रवार सुबह 9रू30 बजे से पूरा परिवार कलेक्ट्रेट पर धरने पर बैठ गया। परिवार के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि जब तक गोमती प्रसाद की सकुशल बरामदगी नहीं होती, तब तक वे अपना अनशन समाप्त नहीं करेंगे। उन्होंने जिलाधिकारी से अपील की है कि मामले की तत्काल जांच कराई जाए और गोमती प्रसाद को जल्द से जल्द खोजा जाए।

### अन्तरार्ष्ट्रीय बालिका दिवस पर संस्था प्रबंधक ने बालिकाओं को किया प्रोत्साहित की उज्वल भविष्य की कामना



**शुकुलबाजार अमेठी।** अन्तरार्ष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने शिक्षा क्षेत्र शुकुलबाजार अमेठी अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय हरखूमऊ पहुंचकर शिक्षा क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले इं प्रधानाध्यपक संदीप कुमार निर्मल से मुलाकात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं विद्यालय मे उपस्थित बालिकाओं को पेन भेंटकर अन्तरार्ष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रकाश डाला एवं उन्हे शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं अनुशासन के प्रति जागरूक किया और इं.प्रधानाध्यपक संदीप कुमार निर्मल के कुशल नेतृत्व मे शिक्षा के प्रति योगदान की सराहना की वहीं बालिकाओं एवं इं.प्रधानाध्यपक संदीप कुमार निर्मल ने समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद किया बताते चलें कि संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी प्रबुद्धजनो के मार्गदर्शन उत्साहवर्धन एवं सहयोग से सामाजिक कार्यो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है और उनका उत्साहवर्धन करता रहता है।

## बस्ती रोडवेज परिसर में यूरिनल की दुर्दशा- पाइपों से लगातार बह रहा पानी, टोटियां गायब - स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के रोडवेज परिसर में स्वच्छता मिशन का मजाक बना रहा खुले में पानी और यूरिन की गंदगी बदबू से आम जन्मना यात्री त्रस्त है बस्ती रोडवेज परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए बने यूरिनल (मूत्रालय) की स्थिति इन दिनों बेहद बदहाल हो गई है। परिसर में बने यूरिनल में लगातार पाइपों से पानी टपक रहा है, जिससे जगह-जगह गंदा पानी भर गया है। हैरानी की बात यह है कि किसी भी यूरिनल में टोटियां (नल) नहीं लगी हैं, जिसके कारण न केवल पानी की भारी बर्बादी हो रही है बल्कि परिसर की स्वच्छता व्यवस्था भी पूरी तरह चरमराई हुई है।

**पानी की बर्बादी और बदबू से यात्रियों को परेशानी**

यूरिनल में पाइपों से लगातार गिरते पानी के कारण फर्श पर कीचड़ और गंदगी फैल गई है। कई जगहों पर बदबू इतनी तीव्र है कि यात्रियों को वहां रुकना मुश्किल हो जाता है। रोडवेज बस स्टेशन पर रोजाना सैकड़ों यात्री आते-जाते हैं, लेकिन शौचालय और यूरिनल की दुर्दशा देखकर लोगों को मजबूरन खुले में या अन्यत्र जाने की स्थिति बन रही है।स्थानीय यात्रियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन न तो रोडवेज प्रशासन और न ही सफाई व्यवस्था से जुड़े विभागों ने कोई ध्यान दिया है। पानी लगातार बहने से न केवल संसाधनों की बर्बादी हो रही है बल्कि परिसर के आसपास गंदगी और मच्छरों का जमाव भी बढ़ रहा है।

**टोटियां न होने से मरम्मत व्यवस्था पर उठे सवाल**

यूरिनल के सभी पाइप खुले पड़े हैं और कहीं भी कार्यशील नल नहीं लगा है। इससे साफ जाहिर होता है कि मरम्मत और रखरखाव के काम को गंभीरता से नहीं लिया गया। यात्रियों ने सवाल उठाया कि अगर पानी का प्रवाह बंद नहीं किया गया तो यह नगर निकाय और रोडवेज प्रशासन दोनों की लापरवाही मानी जाएगी।यात्रियों की नाराजगी बताया कि गंदगी कंबर लगा हुआ है शिकायत करने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा ऐसी स्थिति बनी हुई बीमारियों को दावत दे रही है रोडवेज परिसर पानी के भाव के कारण यूरिन की टूटी पाइप रोड पर बह रही है एक यात्री ने बताया, "यह जगह जिला मुख्यालय की रोडवेज है, जहां रोज हजारों लोग आते हैं। लेकिन यूरिनल की स्थिति देखकर शर्म आती है। न सफाई है, न टोटियां लगी हैं। बदबू के कारण अंदर जाना मुश्किल हो गया है।"

दूसरे यात्री ने कहा, "अगर कोई अधिकारी नियमित निरीक्षण करे तो यह स्थिति कभी न बने। लेकिन लगता है सफाई और रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं है।÷प्रशासनिक जिम्मेदारी तय करने की मांग यात्रियों और स्थानीय लोगों ने रोडवेज प्रशासन व नगर पालिका परिषद से मांग की है कि यूरिनल में तुरंत नल लगवाए जाएं, पाइपों से पानी का रिसाव रोका जाए और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिम्मेदार ठेकेदारों और संबंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाए। स्वच्छता मिशन के बीच गंदगी का गढ़ एक ओर जहां सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं बस्ती रोडवेज जैसे प्रमुख यात्री केंद्र पर इस तरह की स्थिति प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करती है। अगर समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो यह जगह संक्रमण और बीमारियों का केंद्र बन सकती है।

## ग्राम पंचायत सोनपुर धुतकहवा में भ्रष्टाचार की गंध तेज, जांच के नाम पर लीपापोती - ग्रामीणों में उबाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** विकासखंड तुलसीपुर की ग्राम पंचायत सोनपुर धुतकहवा में भ्रष्टाचार का जाल इस कदर फैल चुका है कि अब ग्रामीण न्याय की गुहार लगाते-लगाते थक चुके हैं। पंचायत के कार्यों में प्रधान और सचिव द्वारा किए जा रहे सरकारी धन के बंदरबांट और फर्जी भुगतान की शिकायतें लंबे समय से होती आ रही हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई शिकायतकर्ता अजमल शाह और अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर कागजी खानापूर्ति की जा रही है। कई योजनाओं में बिना मिट्टी पटाई और निर्माण कार्य कराए ही लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया है। गांव में न तो कोई साफ-सफाई की व्यवस्था दिखती है, न ही सरकारी योजनाओं का कोई ठोस परिणाम। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान और सचिव मिलकर सरकारी फंड का मनमाना उपयोग कर रहे हैं और उच्च अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सुनील कुमार आर्य से शिकायत की, तो बीडीओ स्वयं गांव पहुंचे और जांच की औपचारिकता पूरी की। लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक बीडीओ की जांच निष्पक्ष न होकर पूरी तरह प्रधान और सचिव के पक्ष में झुकी हुई दिखाई दी। शिकायतकर्ताओं का पक्ष सुने बिना ही प्रधान को क्लीनचिट देने जैसा रवैया ग्रामीणों के बीच गुस्से का कारण बन गया है।


जांच का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बीडीओ को शिकायतों को नकारते और प्रधान-सचिव का पक्ष लेते देखा जा रहा है। इस वीडियो ने पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक मिलीभगत की पोल खोल दी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जांच के नाम पर लीपापोती की जा रही है, ताकि दोषियों को बचाया जा सके। गांव के बुजुर्गों और समाजसेवियों का कहना है कि पंचायत में हुए विकास कार्य सिर्फ कागजों में पूरे दिखाए गए हैं, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। सड़कें टूटी हुई हैं, नाली जाम हैं, पंचायत भवन अधूरा है और स्वच्छता योजना के तहत बना शौचालय भी उपयोग के लायक नहीं। इसके बावजूद प्रधान और सचिव हर माह सरकारी फंड का उपभोग कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी बलरामपुर से निष्पक्ष जांच की मांग की है और कहा है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। लोगों ने यह भी कहा कि बीडीओ के खिलाफ भी जांच होनी चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आखिर क्यों वे भ्रष्टाचारियों के पक्ष में खड़े दिखाई दे रहे हैं। वहीं जिले के वरिष्ठ अधिकारी अब तक इस पूरे मामले पर मौन हैं। उनके इस रवैये से ग्रामीणों में यह सवाल गूंज रहा है कि "क्या गरीबों को न्याय सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है?" ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे पंचायत स्तर पर जन आंदोलन खड़ा करेंगे और उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग करेंगे। सोनपुर धुतकहवा पंचायत का यह मामला अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## मुंशीगंज पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**● कब्जे से 02 तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं सहित बीएनएस थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी में वांछित मोटरसाइकिल सवार 02 अभियुक्तों सत्यम उर्फ रंगा पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम पूरे ढखान मजरे गरथोलिया थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष व आशीष पुत्र सिद्धनाथ निवासी ग्राम पूरे कन्धई (कुटीवा) मजरे नोहरेपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 18 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । पल्सर मोटरसाइकिल सं0 यूपी 36 एम 6279 के कागज मांगने पर दिखा न सके । तलाशी से अभियुक्त सत्यम उर्फ रंगा के कब्जे से 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 12 बोर एवं अभियुक्त आशीष के कब्जे से 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ ।पूछताछ में अभियुक्त सत्यम उर्फ रंगा ने बताया कि उसके भाई के करीब 10 वर्ष बाद लड़की पैदा हुई थी जिसका दिनांक 06.10.2025 को ग्राम पूरे ढखान मजरे गरथोलिया में निकासन कार्यक्रम था जिसमें वह अपने दोस्त देव को फोन करके दिल्ली से बुलाया था । निकासन कार्यक्रम में डी0जे0 पर अपने-अपने पसन्द के गाने लगाने की बात को लेकर सत्यम उर्फ रंगा व आशीष का विवाद देव से हो गया था । विवाद ज्यादा बढ़ने पर वह दोनों एक राय होकर देव को अपने-अपने तमंचे से गोली मार दिया था जिससे देव गिर पड़ा अस्पताल ले जाने पर मृत्यु हो गयी थी । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी । बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## जीएसटी सुधार क्रान्तिकारी कदम- सी.ए. चन्द्र प्रकाश

**● भाजपा के विधानसभा सम्मेलन में गिनाई सरकार की उपलब्धियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज के पूर्व विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेता सी.ए. चन्द्र प्रकाश के नेतृत्व में जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार अभियान के तहत भाजपा का विधानसभा सम्मेलन कप्तानगंज ब्लॉक सभागार में सम्पन्न हुआ।आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हुये आयोजन के मुख्य अतिथि एमएलसी सुभाष यदुवंश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी सुधार करोड़ों भारतीयों के जीवन को आसान बनाने वाले परिवर्तनकारी कदम हैं। सरकार ने सामान्य नागरिकों पर कर का बोझ कम करते हुए किसानों को सशक्त बनाया है और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देकर समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।पूर्व विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेता सीए चन्द्र प्रकाश ने कार्यक्रम में आये पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का स्वागत करते हुये कहा कि जीएसटी सुधार से जनता को बहुत राहत मिल रहा है। दूध, पनीर, शैंपू, साइकिल, बच्चों के सामान,जरूरी घरेलू सामान पर अब शून्य या सिर्फ 5ः टैक्स लग रहा है। इससे रोजमर्रा के खर्च कम होंगे। इसी तरह किसान के खेती में प्रयोग होने वाले सामान, वाहन, शिक्षा आदि सस्ते हो गये। जीएसटी रिफार्म से मध्यम वर्ग की सलाना बचत बढ जायेगी। यह कदम सराहनीय है। भाजपा नेता राधेश्याम कमलापुरी, उमाशंकर यादव, जटाशंकर शुक्ला, इंजीनियर वीरेंद्र कुमार मिश्रा, सुनील पाण्डेय आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि जीएसटी रिफार्म से 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार होगा। कहा कि जीएसटी रिफार्म पीएम मोदी का आम लोगों को दीवाली उपहार है। संचालन मनोज ओझा ने किया। कार्यक्रम में विनय यादव, अमित गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष गौरव त्रिपाठी राजेश कमलापुरी, गंगेश सिंह लवकुश शुक्ल, मनोज पाठक के साथ ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे।

## हरैया तहसील के परशुरामपुर ब्लॉक केहरगांव मे राजस्व विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मिली भगत संचालित अपर्णा ब्रिक फील्ड

**●हरैया तहसील के परशुरामपुर ब्लॉक के हरगांव में अवैध रूप से संचालित अपर्णा ब्रिक फील्ड प्रशासन बना मूकदर्शकबना हुआ**

**राजस्व विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्डकी मिली भगत संचालित अपर्णा ब्रिक फील्ड**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के के हरैया तहसील अंतर्गत विकासखंड परशुरामपुर के ग्राम हरगांव में संचालित अपर्णा ब्रिक फील्ड ईट भट्ठा बिना वैध अनुमति और प्रदूषण नियंत्रण की स्वीकृति के अवैध रूप से संचालन किए जाने का मामला सामने आया है। सूत्रों ने बताया कि यह ईट भट्ठा पिछले कई वर्षों से प्रशासनिक अनुमति के बिना ही चालू है। न तो इसके पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी है, न ही राजस्व विभाग से नवीनीकृत लाइसेंस। बावजूद इसके, संचालक खुलेआम संचालन कर रहे हैं।प्रदूषण नियंत्रण मानकों की अनदेखी कर चल रहा है यह तो भट्ठा जिससे ग्रामीणों का बहुत नुकसान हो रहा है बीमारियां फैलने की आशंका हैग्रामीणों के अनुसार भट्ठे से उठने वाला घना धुआँ आस-पास के खेतों और फसलों को नुकसान पहुँचा रहा है। वहीं आस-पास के मकानों में रहने वाले लोगों को धूल और धुएं से श्वसन संबंधी परेशानी हो रही है। क्षेत्र में कोई ग्रीन बेल्ट या पर्यावरणीय सुरक्षा परिधि भी नहीं बनाई गई है, जो कि पर्यावरण विभाग के मानकों के विपरीत है।

**प्रशासन की लापरवाही पर सवाल**

लोगों ने आरोप लगाया है ना राजस्व विभाग और न ही प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई की है। क्षेत्रीय अधिकारियों की चुप्पी से यह संदेह और गहराता जा रहा है कि कहीं प्रशासनिक संरक्षण में यह अवैध कारोबार तो नहीं चल रहा।

**राजस्व और रॉयल्टी का नुकसान**

सूत्रों के मुताबिक, इस अवैध संचालन से शासन को रॉयल्टी और करों का भारी नुकसान हो रहा है। नियमानुसार प्रत्येक ईंट भट्ठे को खनन विभाग में रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क जमा करना अनिवार्य होता है, परंतु "अपर्णा ब्रिक फील्ड" द्वारा यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। अब देखना है की भट्ठे की जांच कर इसे सील किया जाएगा या संबंधित विभागीय अधिकारी। अब तक लापरवाही बरती रहेंगी

## 5.16 करोड़ से पूरा होगा आईटीआई श्रीदत्तगंज का निर्माण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर/श्रीदत्तगंज।** आकांक्षी ब्लॉक में वर्ष 2014 में शुरू हुए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भवन का निर्माण अब जल्द पूरा होने की उम्मीद जगी है। करीब एक दशक से अधूरे पड़े इस प्रोजेक्ट के लिए शासन से 5.16 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। बजट मिलने के बाद अब निर्माण कार्य में तेजी आएगी। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा देने के लिए आईटीआई का निर्माण 2014 में शुरू किया गया था, लेकिन बजट की कमी से कार्य बीच में ही रुक गया था। अधूरा भवन धीरे-धीरे खंडहर में बदलता जा रहा था। अब शासन से बजट स्वीकृत होने के बाद इसका निर्माण पूरा होने की तैयारी है। इस खबर से स्थानीय लोगों में खुशी है। अब उम्मीद जगी है कि यह संस्थान युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगा। क्षेत्रवासी रामलाल यादव ने कहा कि हमारे बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा के लिए अब शहर नहीं जाना पड़ेगा, गांव में ही प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। वहीं, छात्रा अंजली वर्मा ने कहा कि यह संस्थान विशेष रूप से बेटियों के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगा, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

**तेजी से कराया जाएगा निर्माण**

राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर क्षेत्र का युवा गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा से जुड़ सके। बजट मिल चुका है। श्रीदत्तगंज आईटीआई का निर्माण तेजी से कराया जाएगा ताकि जल्द से जल्द शिक्षण प्रारंभ हो और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। पल्टूराम, सदर विधायक

## एजी हाशमी इंटर कॉलेज बना ओवरऑल चैंपियन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर एजी हाशमी इंटर कॉलेज सादुल्लाहनगर ओवरऑल चैंपियन बना। विजेता खिलाड़ियों मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। एमवाई उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला के संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के 27 माध्यमिक विद्यालयों के करीब 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक, 100, 200, 800 व 1500 मीटर दौड़ र्स्पधा में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। सबसे ज्यादा मेडल व ट्रॉफी पर एजी हाशमी इंटर कॉलेज सादुल्लाहनगर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। इसलिए एजी हाशमी इंटर कॉलेज को जनपदीय प्रतियोगिता में पहला स्थान मिला। वहीं, उतरौला के भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज को दूसरा स्थान मिला। विजेता खिलाड़ियों को जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। संयोजक प्रधानाचार्य अबुल हाशिम खान, जिला खेल सचिव मो. सुहेल, आयोजन प्रभारी पंकज कुमार पांडेय, मदन लाल, सईद अहमद व अभय शंकर कुरील आदि मौजूद रहे।

**इन खिलाड़ियों को मिला मेडल**

200 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में कुमारी आरती, बालिका वर्ग ऊंची कूद में संध्या, 1500 मीटर जूनियर बालक वर्ग दौड़ में राहुल, ऊंची कूद बालक जूनियर वर्ग में अमर सिंह को पहला स्थान मिला। इसी तरह 200 मीटर दौड़ जूनियर बालक वर्ग में आलोक कुमार, भाला फेंक जूनियर बालक वर्ग में मेराज व रिले रेस में हाजी इस्माइल इंटर कॉलेज के खिलाड़ी पहले स्थान पर रहे।

**मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे विजेता खिलाड़ी**

जिला खेल सचिव मो. सुहेल ने बताया कि विभिन्न स्पर्धाओं में पहला स्थान पाने वाले खिलाड़ी अब मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। मंडलीय प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 अक्तूबर के बीच गोंडा में होगा।

## थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार व नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा की अध्यक्षता में थाना दिवस हुआ संपन्न

**●थाना दिवस पर कुल 12 शिकायतें आई जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से किया गया निस्तारण, शेष शिकायतों के ससमय निस्तारण हेतु टीम गठित कर मौके पर भेजी गई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु शूक्ल बाजार थाना प्रांगण में थाना दिवस, समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना नम्रता मिश्रा तथा थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल अभिनेष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । थाना दिवस समाधान दिवस पर फरियादियों द्वारा दी गई समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया, नायब तहसीलदार ने बताया कि समाधान दिवस पर कुल 12 शिकायतें आई जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजी गई है सभी शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाएगा। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि थाने आने वाले फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जा रहा है। थाना दिवस समाधान दिवस पर फरियादियों के उठने बैठने एवं जलपान की उत्तम व्यवस्था कराई गई थी। वहीं समाधान दिवस थाना दिवस पर आए हुए फरियादियों ने बताया कि सरकार द्वारा थाना स्तर पर समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसमें सक्षम अधिकारियों द्वारा थाना स्तर पर ही शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाता है जिससे तहसील और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने से निजात मिलती है। जिससे जहां धन की बचत होती है वही समय की भी बचत होती है थाना दिवस समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना नम्रता मिश्रा, थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल अभिनेष कुमार, कानूनगो संतराम , सहित थाना स्टाफ एवं राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## कथा को लेकर कलश यात्रा में हुई पुष्पवर्षा, भगवान की महिमा का हुआ बखान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर में शनिवार को श्रीमदभागवत कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कथाव्यास राजगुरू पं0 माधवपति त्रिपाठी महराज की अगुवाई में कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया। संयोजक एवं सेवानिवृत्त उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल व समाजसेविका दयावती शुक्ला के संयोजन में कलश यात्रा का शुभारंभ श्रीहनुमत निकेतन से हुआ। पुष्पवर्षा एवं अबीर गुलाल के साथ मगन भक्त कलश यात्रा में भगवान द्वारिकाधीश के जयघोष में मंत्रमुग्ध दिखे। कलश यात्रा कोतवाली के समीप परमानंद आश्रम मंदिर होते हुए जंगली वीर बाबा समेत विभिन्न देव स्थानों से सांगीपुर वार्ड स्थित कथास्थली पहुंची। कथाव्यास माधवपति त्रिपाठी जी ने कथा का शुभारंभ करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान किया। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की आराधना से जीवन के सभी पाप स्वतः धुल जाया करते हैं। संचालन अधिवक्ता जयकृष्ण शुक्ल ने किया। शिक्षिका रीतू शुक्ला, प्रियंका शुक्ला, गरिमा शुक्ला ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक डा0 आशीष शुक्ल ने श्रद्धालुओं के साथ कथाव्यास को सम्मानित किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, विद्युत मिश्र, आचार्य विनोद मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, प्रेमशंकर तिवारी, सूर्य नारायण तिवारी, रमाशंकर तिवारी, आचार्य दिवाकर शुक्ल आदि रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मां शारदे की प्रेरणा और आशीर्वाद से ही काव्य-पाठ संभव- सिद्धार्थ सिंह

**प्रशासनिक-सचिव के काव्य पाठ ने किया सभी को मंत्रमुग्ध।**



**लालगंज, रायबरेली।** शिक्षा, सामाजिकता, व्यावहारिकता हर क्षेत्र में बहुमुखी प्रतिभा के धनी बीएमपीएस के प्रशासनिक सचिव ने आईआईटी कानपुर में देश के विशिष्ट कवियों के मध्य अवध के लोकगीत पर आधारित काव्य-पाठ प्रस्तुत कर सभी को मंत्र-मुक्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि सिद्धार्थ सिंह बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में प्रशासनिक सचिव के रूप में अपना सहयोग देते हुए आंग्लभाषा की शैक्षणिक व्यवस्था में भी अमूल्य योगदान देते आए हैं।इन सभी के बीच श्री सिंह को गायन-विधा में भी पारंगत हासिल है। अपने व्यवहारिक जीवन में यह बहुत ही मिलनसार और साधु-प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। काव्य-पाठ के संदर्भ में श्री सिंह ने कहा शायद मां शारदे के विशेष आशीर्वाद और प्रेरणा से मैं काव्य पाठ करने के साथ-साथ अपने आप को शिक्षा, सामाजिकता, व्यवहारिकता हर क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में बनाए रखा। आउटरीच ऑडिटोरियम आईआईटी कानपुर में काव्य-पाठ करते हुए इन्होंने उपस्थित देश-भर के ख्यातिलब्ध कवियों के साथ-साथ सभी जनमानस को मंत्र मुक्त कर दिया। इस विशिष्ट व्यक्तित्व के काव्य-पाठ की क्षेत्र के सभी सुधी-जन भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।

### मिशन शक्ति के तहत शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

**रायबरेली,** जनपद रायबरेली के जी0आई0सी0 ग्राउंड में (9-18 अक्टूबर) आयोजित 10 दिवसीय यू0पी0 ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 के तृतीय दिवस पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में चलाये जा रहे ''मिशन शक्ति फेज 5.0'' अभियान के तहत जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल की अध्यक्षता में ''शक्ति संवाद'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा और शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। छात्राओं को आत्मविश्वास और जागरूकता के साथ समाज में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के साथ साथ नारी स्वास्थ्य एवं नारी सुरक्षा व सशक्तिकरण संबंधित कई विषयों पर जागरूक किया गया। छात्राओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों को विस्तार से बताया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति प्रेरित किया। साथ ही कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, बाल सेवा योजना, विकलांग पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना व राष्ट्रीय कृत टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1930, 112, 1090 आदि के प्रति जागरूक करते हुए विभागीय योजनाओं की पम्पलेट वितरण की गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, पूर्व नगर पालिका प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव, जी0एम0 डी0आईसी0, जिला समन्वयक शैफाली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, सुषमा कश्यप, चाइल्ड हेल्पलाइन कोआर्डिनेटर, सदस्य, बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण अधिकारी वीरेन्द्र पाल, श्रद्धा सिंह, एस0एस0 पाण्डेय के साथ ही अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिशन शक्ति के इस सार्थक आयोजन की सराहना की और नारी सशक्तिकरण के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

### एकाग्रता खिलाड़ियों का पहला लक्ष्य- सुरेन्द्र त्रिपाठी

**बनकटी में सम्पन्न हुई बस्ती दक्षिणी क्षेत्र की खेलकूद रैली**

**बस्ती।** बस्ती जिले के बनकटी स्थित सम्राट अशोक प्रभावंश बालिका इंटर कॉलेज द्वारा आयोजित 69वी बस्ती दक्षिणी क्षेत्रीय रैली का आयोजन जनता इंटर कॉलेज बनकटी के मैदान में किया गया। गुरूवार को रैली के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र तिवारी ने कहा गांव में खेल प्रतिभाओं की कमी नही है। वर्तमान सरकार उन्हे प्लेटफार्म दे रही है।खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बना रहे युवाओं को सरकार ने नौकरियों में भी छूट देना शुरू किया है। मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि एकाग्रता खिलाड़ी का लक्ष्य होना चाहिये। एक लक्ष्य बनाकर किये गये गये प्रयासों को मंजिल जरूर मिलती है। सम्राट अशोक इ.का. के प्रबंधक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने कहा खेल मे अनुशासन बहुत जरूरी है। अनुशासनहीन खिलाड़ी लक्ष्य से दूर होता चला जाता है। प्रधानाचार्य विजय कुमार, भानु प्रकाश मिश्र, डॉक्टर अजीत मणि त्रिपाठी, रविंद्र तिवारी, क्रीड़ा सचिव अमित कुमार यादव, मुरलीधर शुक्ल, मोहम्मद इकबाल, अजय कुमार वर्मा, शैलेंद्र कुमार सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

# मजदूरी न मिलने से 18 साल की कर्मठता हुई बेमानी महिला मजदूर का परिवार भुखमरी की कगार पर

**● ......तहसील दिवस पर भी नहीं मिली राहत।**

**.......बेटी की शादी पर संकट, प्रशासन बेखबर।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** कड़ी मेहनत और पसीने से सींची गई 18 सालों की कर्मठता आज एक महिला मजदूर और उसके परिवार के लिए भुखमरी का श्राप बन गई है। वन विभाग की नर्सरी में वर्षों से काम करने वाली मजदूर रेखा निवासी कैथुलिया को उसका लाखों रुपए का बकाया वर्षों बाद भी नहीं मिला है।जिसके कारण उसकी बेटी का विवाह अधर में है और पूरा परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गया है।लाखों की मजदूरी अटकी, जिंदगी की गाड़ी रुकी। मलिहाबाद की वन चौकी रहीमाबाद स्थित पौधशाला में रेखा विगत 18 वर्षों से काम कर रही हैं लेकिन पिछले कुछ वर्षों से उनकी मुश्किलें पहाड़ बन गई हैं। रेखा का आरोप है कि उन्हें वर्ष 2024 की 36,000 की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। इतना ही नहीं, 2025 में उन्होंने अपने पति प्यारे और बच्चों के साथ मिलकर ठेके पर डेढ़ लाख पन्नियों में मिट्टी भरने का काम किया जिसकी मजदूरी 45,000 बनती है।कुल मिलाकर लाखों रुपए की मजदूरी वन विभाग पर बकाया है जिसे पाने के लिए रेखा दर-दर भटक रही हैं। उनकी बेटी की शादी की तारीख नजदीक आ गई है लेकिन पैसा न मिलने से गरीब परिवार की खुशियों पर ग्रहण लग गया है। रेखा ने बताया कि मजदूरी न मिलने से उनके बच्चों को भरपेट भोजन भी नहीं मिल पा रहा है और पूरा परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है।थक-हारकर रेखा ने पिछले तहसील समाधान दिवस पर न्याय की गुहार लगाई थी और अधिकारियों को अपनी व्यथा सुनाई थी। दुख की बात है कि प्रार्थना पत्र देने के बाद भी एक सप्ताह बीत चुका है लेकिन उनकी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका है और जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने हुए हैं।इस संबंध में जब रेंजर



आलोक तिवारी से बात की गई तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है और जानकारी करने के बाद ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

सवाल यह है कि एक महिला जो अपने बच्चों का पेट भरने के लिए 18 साल से ईमानदारी से काम कर रही है।उसे अपनी मेहनत का पैसा पाने के लिए और कितने दिन अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ेंगे क्या प्रशासन इस गरीब परिवार की आंखों में आंसू और पेट की आग देखकर भी केवल कागज़ी कार्यवाही में उलझा रहेगा एक मजदूर का संघर्ष बेटी की शादी और दो वक्त की रोटी, दोनों ही दांव पर।

### जयप्रकाश नारायण का नाम लेकर ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव को घेरा, कह दी ये बड़ी बात



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करना राजनीतिक पाखंड है। सपा हमेशा से लोकतंत्र विरोधी रही है। जिस कांग्रेस के साथ अखिलेश यादव मंच साझा कर रहे हैं, उसी कांग्रेस ने जयप्रकाश नारायण जैसे लोकतंत्र के प्रहरी को जेल में डाला था। यह वही कांग्रेस है जिसने देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र को कुचला था। पाठक ने कहा है कि सपा को लोकतंत्र या संविधान से कोई लेना-देना नहीं, उनका मकसद केवल सुर्खियां बटोरना और सत्ता की कुर्सी पर बैठना है। जयप्रकाश नारायण की जयंती भाजपा पूरे देश में मना रही है, क्योंकि इमरजेंसी के दौरान सबसे अधिक जनसंघ और आरएसएस के कार्यकर्ता जेलों में बंद किए गए थे। कई समाजवादी भी जेल भेजे गए थे, लेकिन सपा आज उन नेताओं के त्याग को भुलाकर कांग्रेस के साथ मिलकर सत्ता की सौदेबाजी कर रही है।

### दो साल मासूम बच्चे की डूबने से हुई मौत घर में मचा कोहराम, खेत के गड्ढे में भरा था बारिश का पानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में दो साल की मासूम बच्चे की खेत के पानी में डूबने से मौत हो गई। बच्चा घर के पास ही खेत में भरे बाढ़ के पानी के पास खेल रहा था अचानक पैर फिसलने से वह पानी में जा गिरा और डूब गया किसी तरह घर वालों ने बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धर्मपुर के लोनियनपुरवा का है। रविवार दोपहर खेलते-खेलते एक मासूम की डूबने से मौत हो गई बच्चे की पहचान अर्पित (2) पुत्र पूरन के रूप में हुई है बताया जा रहा है कि अर्पित घर के पास स्थित खेत में भरे बाढ़ के पानी के पास खेल रहा था। अचानक पैर फिसलने से वह पानी में जा गिरा और डूब गया कुछ देर बाद जब परिजनों ने बच्चे को आसपास नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की। खेत के पास पहुंचने पर मासूम का शरीर पानी में दिखाई दिया।

परिजन उसे किसी तरह बाहर निकालकर आनन-फानन में स्थानीय चिकित्सक के



पास ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया मासूम की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मां -पिता और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में गम और सन्नाटा फैल गया है ग्रामीणों ने परिजनों को सांत्वना देते हुए प्रशासन से मदद की मांग की है घटना की सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि परिवार की तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल के दिनों में हुई बारिश और बाढ़ के कारण गांव के आसपास खेतों में पानी भरा हुआ है जिससे बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है!!

## जीएसटी को लेकर हुई गोष्ठी,विधायक सहित कई लोग रहे मौजूद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिश्रिख(सीतापुर)**जीएसटी दरों में की गई कटौती को लेकर मिश्रिख के स्व. यशोदा कन्या महाविद्यालय के सभागार में घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार "एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान" के तहत एक सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा शिवभूषण सिंह मौजूद रहे। नगर मिश्रिख कस्बे में जीएसटी मिले उपहार पर आत्मनिर्भर संकल्प अभियान के अंतर्गत विधानसभा सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ है जिसमें कार्यक्रम के दौरान व्यापारी मौजूद रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवभूषण सिंह ने व्यापारियों को सरकार के इस निर्णय से होने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार व्यापारी हित में कार्य कर रही है। क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव ने कहा कि नवरात्रि और दशहरा से पहले जीएसटी दरों में कटौती कर सरकार ने व्यापारियों को जो तोहफा दिया है, उसका लाभ उन्हें हमेशा मिलेगा।

उन्होंने व्यापारियों को जीएसटी संबंधी किसी भी कठिनाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष देवेश पांडेय, ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुनींद्र अवस्थी, गन्ना चीनी मिल के चेयरमेन रामगोपाल अवस्थी, नगर पालिका परिषद मिश्रिख नैमिषारण्य अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय भार्गव, रोहित सिंह, व्यापारी कन्हैया गुप्ता, व्यापारी हरिप्रसाद, सभासद श्याम किशोर, विवेक सिंह अंकित शुक्ला।

### भागवत कथा में बताया सत्संग का महत्व

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के साकेत नगर मोहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बृहस्पतिवार को कथा व्यास डॉ. आरपी ओझा ने कथा श्रवण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य में विवेक का उदय करती है। विवेकवान व्यक्ति के जीवन में पाप का प्रवेश नहीं हो पाता। कथा भवरोग का नाश करती है। यह जीव को जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति दिलाती है। कथा व्यास ने कहा कि जो व्यक्ति सत्संग करता है वह भवसागर को उतनी ही सहजता से पार कर लेता है, जितना कोई व्यक्ति गाय के खुर से बने गड्ढे के पानी को लांघ लेता है। उन्होंने बताया कि सत्संग से असंग का नाश होता है। इससे निश्चल वृत्ति का जन्म होता है। यह वृत्ति ही व्यक्ति को परम तत्व की ओर अग्रसर करती है। डॉ. ओझा ने कहा कि भगवान को दीनता और सरलता प्रिय है। अहंकार और अकड़ रखने वाला व्यक्ति ईश्वर से दूर हो जाता है। जीवन में समर्पण ही सच्चे धर्म का आधार है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा श्रवण किया और जय श्री कृष्ण के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य एसएन सिंह, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. एमडी सिंह, प्रो. मुन्ना सिंह, सुखेंद्र बहादुर सिंह, भैयाजी, डॉ. एसके निगम, पवन कुमार सिंह, मंसू सिंह, सुरेश दीक्षित, राकेश द्विवेदी, अंशुमान मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## PCS प्री परीक्षा की तैयारियां पूरी डीएम- एसपी ने 11 केंद्रों का लिया जायजा, 4608 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा एवं सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2025 की तैयारियां सीतापुर में पूरी कर ली गई हैं। यह परीक्षा कल रविवार को दो पालियों में आयोजित की जाएगी पहला पाली सुबह 09:30 से 11:30 बजे तक और दूसरा पाली दोपहर 02:30 से 04:30 बजे तक चलेगा। इस इस परीक्षा के लिए कुल 11 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां लगभग 4608 परीक्षार्थी अपने भविष्य की परीक्षा देने पहुंचेंगे। परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के कड़े इंतजाम किए हैं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्रों का शनिवार दोपहर निरीक्षण किया उन्होंने जिला मुख्यालय सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा शौचालयों की स्थिति का जायजा लिया अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी डीएम ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए, जबकि एसपी ने सभी केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने और बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी



तरह प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। परीक्षा के दौरान नकलविहीन वातावरण बनाए रखने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड भी सक्रिय रहेगा परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचें और आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करें!!

### फर्रुखाबाद के एक कोचिंग सेंटर में धमाका, 2 की मौत, 5 घायल

**उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद से एक धमाके की खबर आ रही है. शनिवार को एक कोचिंग सेंटर में धमाका होने से दो लोगों की मौत हो गई. जबकि 5 अन्य लोग घायल हो गए**

**फर्रुखाबाद** के एक कोचिंग सेंटर में हुए विस्फोट में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए. पुलिस का कहना है कि यह विस्फोट संभवतः बेसमेंट में स्थित सेप्टिक टैंक में अत्यधिक मात्रा में मीथेन गैस के कारण हुआ।

**विस्फोट कैसे हुई इसकी हो रही जांच- एसपी**

फर्रुखाबाद की एसपी आरती सिंह ने बताया, "हमें दोपहर करीब 3.19 बजे कादरी गेट थाना क्षेत्र से संबंधित सूचना मिली. प्रथम दृष्ट्या यह एक कोचिंग संस्थान लगता है और इसके बेसमेंट में एक सेप्टिक टैंक है. वहां मीथेन के कारण विस्फोट हुआ. वहां एक स्विच बोर्ड भी मिला है, संभवतः उसी के कारण विस्फोट हुआ. 7 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की मौत हो गई है और 5 का इलाज चल रहा है. जांच की जा रही है।"

### आज से पांच ग्रामीण शुरू करेंगे भूंख हड़ताल इमलिया सुल्तानपुर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** ऐलिया ब्लाक मुख्यालय इमलिया सुल्तानपुर पर चार दिन से चल रहा अनिश्चित कालीन धरना पांचवे दिन भूंख हड़ताल में बदल गया। धरने का नेतृत्व कर रहे पत्रकार सरोज सिंह ने बताया कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। परन्तु प्रशासनिक अमला विकास के नाम पर पंचायतों को उपलब्ध कराई जा रही शासकीय धनराशि का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग कर कार्यदाई संस्था खुद की तिजोरी भरने में लगी हैं। जिनकी शिकायत करने पर आरोपी का ही पक्ष लेकर फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर गुमराह कर देते हैं। ऐसा ही मामला पसनैका ग्राम पंचायत का है। श्री सिंह ने बताया कि बाउण्ड्रीवॉल, शौंचालय, विद्यालय कायाकल्प आदि सरकार की प्राथमिकता में है। जिसकी रिपोर्ट बीसी के माध्यम ब्लाक के अधिकारी देते हैं। लेकिन ब्लाक के अधिकारी धरातल नहीं देखते हैं। परिणाम स्वरूप ऐसे भ्रष्टाचार को



लेकर जब ग्रामीण धरना देने को विवस होते हैं। तो उनकी आवाज दबाने की कोशिश जिले के आलाधिकारी करते हैं। ऐसा ही खेला धरनारत पसनैका के ग्रामीणों के साथ किया जा रहा है। इसी से कुपित होकर धरने पर बैठे राजकुमार सिंह 50, परवन 45, प्रमोद 38, सुनील कुमार 35 व मनोज कुमार 28 ने रविवार की सुबह से भूंख हड़ताल करने का एलान कर दिया है। जिसकी सूचना शुक्रवार को ब्लाक कार्यालय पर लिखित में दी थी। परन्तु बीडीओ ऐलिया की अनुपस्थिति में किसी कर्मचारी ने रिसीव करने की जहमत नहीं उठाई।

## कसमंडी में नए अल्ट्रासाउंड सेंटर और मलिहाबाद में पैथोलॉजी क्लिनिक का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** कसमंडी चौकी क्षेत्र में आरपीएस अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन डॉ. अनित परिहार केजीएमयू ने फीता काटकर किया जिससे क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उद्घाटन के साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य और डायग्नोस्टिक सेवाओं को एक बड़ी मजबूती मिली है। डॉ. परिहार ने इस मौके पर कहा कि अब लोगों को तत्काल अल्ट्रासाउंड की सेवा और भी आसान हो गई है। यह सेंटर श्री हॉस्पिटल के सामने कमालू मार्केट कसमंडी कला में खोला गया है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इस अल्ट्रासाउंड व डायग्नोस्टिक सेंटर के खुल जाने से अब क्षेत्रीय लोगों को शहर की तरह की सारी सुविधाएं यहीं कसमंडी कला में मिलेंगी और उन्हें लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा।सेंटर के संचालक संदीप श्रीवास्तव ने उद्घाटन समारोह में आए सभी गणमान्य व्यक्तियों डॉ. विजय यादव, डॉ. रूपेंद्र यादव, पूर्व प्रधान संजय साहू, अनीश राजा, मनीष यादव, अकिल शामिल थे के प्रति आभार व्यक्त किया।

**मलिहाबाद में पायनियर पैथोलॉजी क्लिनिक का भी हुआ शुभारंभ**

वहीं दूसरी ओर मलिहाबाद में माल रोड नियर ह बाजार में पायनियर पैथोलॉजी क्लिनिक स्क्क का उद्घाटन भी किया गया। इसका उद्घाटन पूर्व प्रधान अनीश राजा ने किया।संजय प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में कई पैथोलॉजी खुली हुई हैं जो मरीजों से भारी मात्रा में पैसे ले लेती हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस नए पैथोलॉजी



क्लिनिक में ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यहां गरीब और असहाय लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और उन्हें उचित और सही ढंग से जाँच उपलब्ध कराई जाएगी।इन दोनों स्वास्थ्य केंद्रों के उद्घाटन से मलिहाबाद और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को डायग्नोस्टिक जाँच और अल्ट्रासाउंड जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सस्ती और सुलभ सुविधा मिलने की उम्मीद है।

## रन फॉर वूमेन इंपावरमेंट का भव्य आयोजन छात्राओं, महिला आरक्षियों ने तीन किमी लगाई दौड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर शनिवार सुबह "रन फॉर वूमेन इंपावरमेंट" का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में शहर की स्कूली छात्राओं के साथ-साथ सैकड़ों महिला रिक्रूट आरक्षियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तीन किलोमीटर की यह दौड़ तरणताल स्टेडियम से शुरू होकर पुलिस लाइन तक संपन्न हुई। दौड़ के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास, स्वालंबन और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया कार्यक्रम का नेतृत्व एएसपी उत्तरी आलोक सिंह और सीओ सदर नेहा त्रिपाठी ने किया। दौड़ के दौरान छात्राओं और रिक्रूट आरक्षियों ने ÷बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ÷ तथा ÷सेल्फ डिफेंस इज सेल्फ रिस्पेक्ट÷ जैसे नारों से पूरे माहौल को ऊर्जावान बना दिया एएसपी और सीओ सदर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, आत्मरक्षा के गुर सीखकर वे खुद को और समाज को सशक्त बना सकती हैं कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग की ओर से बालिकाओं को आत्मरक्षा के टिप्स भी दिए गए।

दौड़ के उपरांत मार्शल आर्ट ट्रेनर योगेश और उनकी टीम ने छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की बारीकियां सिखाई और बताया कि आपात स्थिति में किस तरह साधारण तकनीक से खुद की रक्षा की जा सकती है। मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने न केवल दौड़ लगाई बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर अपनी प्रतिबद्धता भी दिखाई रन फॉर इंपावरमेंट कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं में जागरूकता के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। सीतापुर पुलिस ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित करने का संकल्प लिया!!

### सरकार पीड़ित परिवार की हर सम्भव मदद करेगी, सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है- राकेश सचान

**● सरकार ने स्पष्ट सन्देश दिया है कि इस प्रकार का कृत्य करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा- राकेश सचान**

**ऊंचाहार की घटना बहुत ही गम्भीर घटना है, सरकार ने इसे गंभीरता से लिया गया है**


**सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कार्य करेगी- असीम अरुण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली,** प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान, मंत्री समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 सरकार असीम अरुण व विधायक ऊँचाहार डॉ मनोज पांडेय ने आज जनपद रायबरेली के थाना ऊंचाहार क्षेत्र में घटित घटना में मृतक हरिओम की पत्नी संगीता एवं अन्य पारिवारीजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, न्याय दिलाने का भरोसा दिलाते हुवे आर्थिक मदद की। मृतक हरिओम की पत्नी को रु0 06 लाख 92 हजार 500 सौ की आर्थिक मदद व रु0 8500 प्रतिमाह पेंशन व अन्य, इसी प्रकार पिता गंगादीन को रु0 06 लाख 62 हजार 500 सौ की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यह घटना बहुत गंभीर घटना है, सरकार ने इसे पूरी गंभीरता से लिया है, दोषी व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कार्य करेगी। उक्त प्रकरण में दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है, सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ है सरकार ने यह कार्यवाही करके स्पष्ट संदेश दिया है कि इस प्रकार का कृत्य करने वाले लोगों को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। इस प्रकार की घटना अक्षम्य है। ऐसे किसी भी दोषी को बक्सा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने इस घटना में 21 व्यक्ति अभी तक चिन्हित किए गए हैं, जिसमें से 12 की गिरफ्तारी हो चुकी है, शेष दोषियों की गिरफ्तारी भी शीघ्र होगी, इसके लिए पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। पीड़ित परिवार के साथ पूरी सरकार व जिला प्रशासन आज भी खड़ी है और हमेशा खड़ी रहेगी। पीड़ित के साथ न्याय होगा। मंत्री असीम अरुण ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि एक गरीब व्यक्ति की एक गिरोह द्वारा पीट-पीट कर हत्या करने के प्रकरण को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बहुत गंभीरता से लिया है और मंत्री राकेश सचान जी और हमें यहां पर भेजा है कि हम लोग जाकर पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने कहा कि यह जो घटना घटित हुई है, यह बहुत गंभीर घटना है और इसे पूरी गंभीरता से लिया गया है। विधायक ऊंचाहार मनोज पाण्डेय ने कहा कि सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कार्य कर रही है और न्याय दिलाएगी। इस अवसर पर विधयाक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी सहित संबंधित अधिकारी व क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहें।

## दीपावली व छठ पर चलेंगी 22 स्पेशल बसें



**बलरामपुर।** दीपावली व छठ पर्व पर जिले में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। त्योहार पर घर आने वाले लोगों के लिए बलरामपुर डिपो से 22 स्पेशल बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा लोकल रूटों पर बसों के फेरे भी बढ़ाए जाएंगे। दीपावली व छठ पर्व मनाने के लिए विभिन्न राज्यों से लोग अपने घर आएंगे। यात्रियों को आवागमन में असुविधा न हो, इसके लिए परिवहन निगम की तरफ से स्पेशल बसों का संचालन किया जाएगा। बलरामपुर डिपो की वरिष्ठ प्रभारी तरन्नुम ने बताया कि दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, बढ़नी रूटों पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। बलरामपुर-दिल्ली मार्ग पर 10 से बढ़ाकर 14, कानपुर मार्ग पर 22 से बढ़ाकर 30 व बहराइच-लखनऊ मार्ग पर आठ से बढ़ाकर 10 बसों का संचालन किया जाएगा। इसी तरह बलरामपुर-गोंडा-लखनऊ, कानपुर-बढ़नी व अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर भी दो-दो अतिरिक्त बसों का संचालन होगा। इसके अलावा उतरौला, बस्ती, तुलसीपुर व बहराइच मार्ग पर चलने वाली बसों का फेरा बढ़ाया जाएगा, ताकि यात्री आसानी से यात्रा कर सकें।

### मोहम्मद सुहेल आज़ाद समाज पार्टी के बने जिला प्रभारी कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न


**लहरपुर, सीतापुर।** नगर के मोहल्ला मंगोलपुर निवासी मोहम्मद सुहेल को आजाद समाज पार्टी का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है उनके मनोनयन पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है कार्यकर्ताओं ने उनके स्वागत में जश्न मनाया। मोहम्मद सुहेल, जो पहले समाजवादी पार्टी से जुड़े थे, हाल ही में आजाद समाज पार्टी में शामिल हुए थे उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद के निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ की सहमति से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कोर कमेटी सदस्य लखनऊ मंडल प्रभारी अनीश गाजी ने उन्हें जिला प्रभारी पद पर नियुक्त किया। शुक्रवार देर रात लहरपुर गेट पर पहुंचने पर मोहम्मद सुहेल का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया और जमकर आतिशबाजी की इस अवसर पर नव नियुक्त जिला प्रभारी मोहम्मद सुहेल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता आजाद समाज पार्टी से जुड़कर दलित, शोषित, वंचित और पिछड़ों की मदद करना होगी उन्होंने बताया कि पार्टी की विचारधारा 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' को आगे बढ़ाना उनका मुख्य लक्ष्य है मोहम्मद सुहेल के जिला प्रभारी बनाए जाने पर जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इसरार, ब्लॉक प्रभारी मोहम्मद इसरार, पूर्व सभासद मेराज अहमद, हसमत, फरीदी खान, गुड्डू बाला,



मोहम्मद सारिफ, नावेद, मोनू, मोहम्मद समीर, सलमान, समीर, सोनू सभासद, एजाज, फैसल, राजू पूर्व सभासद, शरीफ बाबा, हाजी सानू, फिरोज और शकील सहित कई कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया!!

# मानव चेतना के संकट को अभिव्यक्त करते हैं लास्लो

कई दिनों की उत्कंठा के बाद आख़िरकार साहित्य का नोबेल पुरस्कार घोषित हो गया और इस बार भी किसी भारतीय को नहीं मिला। चर्चा थी कि अमिताव घोष या विनोद कुमार शुक्ल रवींद्रनाथ टैगोर की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे पर ऐसा हो न सका। नोबेल पुरस्कार देने वाली स्वीडिश अकादमी ने विश्व के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए हंगरी के लेखक लास्लो क्रास्नाहोरकाई को चुना। ज्यूरी के मुताबिक लास्लो के लेखन में 'मानवता की नाजुकता और इतिहास की जटिलता को उजागर करने वाली गहन, अपोकैलिप्टिक(सर्वविनाशकारी) दृष्टि' है। यह लास्लो की अद्वितीय साहित्यिक उपलब्धियों और वैश्विक साहित्य में योगदान का प्रमाण है। क्रास्नाहोरकाई का साहित्य, जो अपनी जटिल संरचना, लंबे वाक्यों और दार्शनिक गहराई के लिए जाना जाता है, समकालीन विश्व की अस्थिरता और मानव चेतना के संकट को गहरे स्तर पर अभिव्यक्त करता है। क्रास्नाहोरकाई का साहित्य साम्यवाद, फासीवाद और पूंजीवाद जैसे ऐतिहासिक और राजनीतिक ढांचों के प्रभावों को गहराई से खंगालता है।उनके उपन्यास, जैसे 'सतानटैंगो' और 'द मेलानकली ऑफ रेसिस्टेंस', साम्यवादी हंगरी के पतन और उसके बाद की अराजकता को चित्रित करते हैं। हालांकि, उनकी रचनाएं केवल ऐतिहासिक नहीं हैं; वे सार्वभौमिक हैं। लेखक के अनुसार, मानवता का संकट समय और स्थान से परे है। फियोना सैम्पसन का मानना है कि क्रास्नाहोरकाई का साहित्य वर्तमान विश्व की अस्थिरता को प्रतिबिंबित करता है, जहां लोकतंत्र और सभ्यता के ढांचे कमजोर पड़ रहे हैं। उनकी विचारधारा में मानव स्वभाव की नाजुकता और सत्ता के दुरुपयोग के प्रति गहरी चिंता झलकती है। क्रास्नाहोरकाई का मानना है कि मानव समाज बार-बार अपने ही बनाए ढांचों में उलझकर पतन की ओर बढ़ता है। उनकी रचनाएं व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों स्तरों पर इस पतन को चित्रित करती हैं। उदाहरण के लिए, 'सतानटैंगो' में एक छोटे से हंगेरियन गांव में सामूहिक भ्रम और निराशा का चित्रण साम्यवाद के पतन के बाद की सामाजिक और नैतिक रिक्तता को दर्शाता है। क्रास्नाहोरकाई की लेखन शैली उनकी सबसे विशिष्ट विशेषता है। आलोचकों ने उनके लंबे, जटिल वाक्यों को 'संगीतमय और सम्मोहक' बताया है, जो पाठक को एक ट्रांस जैसी अवस्था में ले जाते हैं। उनकी रचनाएं पारंपरिक कथानक या संवाद पर निर्भर नहीं करतीं; इसके बजाय, वे चेतना के प्रवाह और आंतरिक एकालापों पर आधारित होती हैं। उनकी शैली फ्रांज़ काफ्का और थॉमस बर्नहार्ड की परंपरा को आगे बढ़ाती है, जिसमें एक ही वाक्य कई पृष्ठों तक चल सकता है, जैसे 'द मेलानकली ऑफ रेसिस्टेंस' में। यह शैली पाठक के लिए चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यही उनकी रचनाओं की गहराई का रहस्य भी है क्योंकि उनके वाक्य संरचना में एक दार्शनिक और काव्यात्मक गुणवत्ता है। उदाहरण के लिए, 'वार एंड वार' में एक पांडुलिपि के माध्यम से नायक की मानसिक अवस्था को उकेरा गया है, जो वास्तविकता और भ्रम के बीच की रेखा को धुंधला करती है। उनकी रचनाएं पारंपरिक कथानक की संरचना को तोड़ती हैं और पाठक को एक गहरे, लगभग ध्यानात्मक अनुभव में डुबो देती हैं। क्रास्नाहोरकाई के उपन्यासों में प्रमुख थीम्स में अपोकैलिप्टिक (सर्वविनाशकारी) दृष्टि, सामाजिक पतन और मानव की अर्थ की खोज शामिल हैं। उनके उपन्यास 'इतिहास के अंत' की भावना को चित्रित करते हैं, जहां समाज अपने ही वजन के नीचे ढह रहा है। 'सतानटैंगो' में, एक गांव के निवासियों का एक रहस्यमय नेता के पीछे चल पड़ना इस बात का प्रतीक है कि कैसे लोग भ्रम और झूठे वादों में आसानी से फंस जाते हैं। यह उपन्यास साम्यवादी हंगरी के पतन के बाद की निराशा को दर्शाता है, लेकिन इसकी थीम्स सार्वभौमिक हैं, जो आज के लोकलुभावन और अस्थिर विश्व से भी मेल खाती हैं।



'द मेलानकली ऑफ रेसिस्टेंस' में, क्रास्नाहोरकाई सभ्यता के पतन और कला की शक्ति को एक सर्कस और एक विशाल व्हेल के प्रतीक के माध्यम से चित्रित करते हैं। यह उपन्यास सत्ता, भय और सामूहिक हिस्टीरिया के बीच तनाव को दर्शाता है। आलोचकों ने इस उपन्यास को 'आधुनिक विश्व की अराजकता का दर्पण' बताया है। उनके साहित्य में प्रतिरोध भी एक महत्वपूर्ण थीम है। उनके पात्र अक्सर अर्थहीनता और निराशा के खिलाफ लड़ते हैं, भले ही उनकी लड़ाई व्यर्थ लगे। बारन वाल्डहाइम में, एक संगीतकार अपनी कला के माध्यम से अराजकता के खिलाफ प्रतिरोध करता है, जो क्रास्नाहोरकाई की इस विश्वास को दर्शाता है कि कला, भले ही वह त्रासदीपूर्ण हो, मानवता की आखिरी उम्मीद हो सकती है। उनके साहित्य का प्रभाव समकालीन लेखकों और पाठकों पर भी गहरा है। उनकी रचनाएं पाठकों को चुनौती देती हैं कि वे न केवल कहानी, बल्कि मानव अस्तित्व के मूलभूत सवालों पर विचार करें। वस्तुतः लास्लो क्रास्नाहोरकाई का साहित्य एक ऐसी दुनिया को दर्शाता है जो अस्थिरता, भय और अर्थ की खोज से भरी है। उनकी जटिल शैली, लंबे वाक्य और दार्शनिक गहराई उनके उपन्यासों को एक अनूठा अनुभव बनाती है। उनकी रचना यात्रा एक मानसिक और भावनात्मक यात्रा है।

उनकी रचनाएं साम्यवादी हंगरी के संदर्भ से शुरू होकर वैश्विक मानवता के संकट को संबोधित करती हैं, जो उन्हें समकालीन साहित्य में एक महत्वपूर्ण आवाज बनाती हैं। नोबेल पुरस्कार ने क्रास्नाहोरकाई को वह वैश्विक मंच प्रदान किया है, जिसके वे हकदार थे। उनके साहित्य की गहनता और जटिलता पाठकों को बार-बार उनके कार्यों की ओर लौटने के लिए प्रेरित करती है। उनके उपन्यासों को पढ़ना 'एक धीमी, चिंतनशील प्रक्रिया है, जो धैर्य मांगती है, लेकिन बदले में एक गहन अनुभव देती है।' क्रास्नाहोरकाई का साहित्य याद दिलाता है कि साहित्य केवल कहानियां नहीं सुनाता, बल्कि वह हमें हमारे समय, हमारे भय और हमारी आशाओं का सामना करने के लिए मजबूर करता है।

**हरीश शिवनानी**

# सावधान! लिवइन पार्टनर ले रहे हैं जान

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लिवइन में रहने वाले युवाओं को लेकर सचेत किया है। वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय के 47वें दीक्षांत समारोह में उन्होंने छात्राओं को लिव इन रिलेशनशिप से दूर रहने की नसीहत दी.राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने समारोह के दौरान कहा, बेटियों से एक ही बात कहूंगी, लिव इन रिलेशन मत करिए, मत करिए. अपने जीवन का निर्णय स्वयं करिए. देखा है ना 50-50 टुकड़े होते हैं. पिछले दस दिनों से ऐसी घटनाओं की जानकारी मिल रही है. देखती हूं तो कष्ट होता है कि हमारी बेटियां ऐसा क्यों करती हैं? उन्होंने कहा कि कई बेटियां ऐसे रिश्तों में फंसकर जीवन बर्बाद कर लेती हैं. आनंदीबेन ने कहा कि बेटियों को अपने भविष्य के फैसले सोच-समझकर लेने चाहिए.उन्होंने कहा कि बेटियों को लिव इन रिलेशन से बचना चाहिए. लिव इन रिलेशन का परिणाम देखना है तो अनाथालय जाकर देखिए. 15-20 साल की बेटियां एक एक साल का बच्चा लेकर लाइन में खड़ी हैं।लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जो राज्यपाल महोदया की चिंता को सही ठहराते है।

आपको बता दें कि इन दिनों भारत में 'लिव-इन रिलेशनशिप' (बिना विवाह किए सहमति सम्बन्ध) लोकप्रिय होती जा रही है। इसे कुंवारों के साथ-साथ विवाहित भी अपना रहे हैं जिन्हें अपना पति या पत्नी पसंद नहीं होती। 'लिव-इन रिलेशनशिप' एक ऐसी व्यवस्था है, जो भारत के उच्च आदर्शों से कतई मेल नहीं खाती। इसमें स्त्री-पुरुष बिना विवाह किए पति-पत्नी की भांति रहने के साथ-साथ आपस में शारीरिक संबंध तक बनाते हैं। यहां तक कि कई जोड़े तो बच्चे भी पैदा कर लेते हैं। पश्चिमी देशों में यह आम बात है और उनकी देखादेखी भारत जैसे देशों में भी यह बुराई फैल रही है।भारत में 1978 में सुप्रीमकोर्ट ने पहली बार 'लिव-इन रिलेशनशिप' को मान्यता दी थी। इसमें तलाक की नौबत तो नहीं आती, परंतु इसमें किसी एक साथी द्वारा धोखा देने के कारण दूसरे साथी की जिंदगी नरक जरूर बन जाती है। आए दिन लिवइन पार्टनर के साथ हिंसा हत्या दुष्कर्म के समाचार सुर्खियों में आ रहे हैं। दो दिन पहले 8 अक्टूबर को बिहार की राजधानी पटना से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 22 साल की एक लड़की बेरहमी से हत्या कर दी गई. इस घटना की वीडियो मौके पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई. आरोप है कि लड़की के लिव-इन पार्टनर अमित कुमार ने हत्या की है. मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 22 साल की रुखसार की उसके लिव-इन पार्टनर अमित कुमार ने बेरहमी से हत्या कर दी. आरोप है कि अमित ने उसे तीसरी मंजिल से धक्का देकर मौत के घाट उतार दिया. आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों से फ्लैट किराए पर लिया था. पुलिस फरार आरोपी और एक ऑटो चालक की तलाश कर रही है, जिसने शव अस्पताल पहुंचाने में मदद की थी। 5 अक्टूबर को खुलासा हुआ है कि गाजियाबाद में सुनीता नामक एक महिला ने अपने लिव-इन पार्टनर मनीष की ईंट से मारकर हत्या कर दी। शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी में मनीष ने सुनीता को गाली दी थी जिसके बाद उसने आपा खो दिया। हत्या के बाद सुनीता ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की और मनीष के दोस्तों पर आरोप लगाया। पुलिस ने बाद में सुनीता को गिरफ्तार कर लिया। हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे से भी ऐसा ही वारदात की खबर है यहां चिंचवड पुलिस ने चाकन के कडाचीवाडी इलाके में 4 अक्टूबर को मिले एक अज्ञात व्यक्ति के शव की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहता था और कथित तौर पर उसे लगातार परेशान करता था। महिला ने अपने भाई और उसकी मंगेतर की मदद से अपने पार्टनर की हत्या करवा दी और शव को चाकन में फेंक दिया पिछले दिनों दिल्ली में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक ट्रांसजेंडर लिव-इन पार्टनर की हत्या के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि लिव इन पार्टनर की हत्या के मामले में रेहान उर्फ इक्का के साथ उसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया है। लिव इन पार्टनर की हत्या के मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यूपी के बरेली में बीती दिनों हाईवे किनारे मिली एक घायल युवती और इलाज के दौरान उसकी मौत मामले में पुलिस ने आरोपी लिवइन पार्टनर को गिरफ्तार किया है.यह घटना प्रेम संबंध से जुड़ी थी. आरोपी डॉक्टर श्रीपाल, जो उसके साथ लिव इन में था, ने नर्स को पहले इंजेक्शन लगाया फिर उसे चलती कार से हाईवे किनारे फेंक दिया था. 21 सितम्बर को 'कानपुर' (उत्तर प्रदेश) में सूरज कुमार नामक युवक ने अपनी 'लिव इन पार्टनर आकांक्षा' को गला घोंटकर मार डाला क्योंकि उसकी दूसरी 'गर्लफ्रेंड' को आकांक्षा के साथ सूरज कुमार का रहना स्वीकार नहीं था।

मध्यप्रदेश के भोपाल में एक युवक ने लिव इन पार्टनर की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को चादर में लपेटकर बेड पर रखा। दो रात शव के पास ही सोया।वारदात के बाद युवक नशे की हालत में दोस्त के पास पहुंचा और हत्या करने की बात बताई।पुलिस ने आरोपी प्रेमी को हिरासत में ले लिया है।रितिका सेन (29) आरोपी सचिन राजपूत के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रह रही थी। दोनों साढ़े तीन साल से एक साथ रह रहे थे। आपसी विवाद के बाद सचिन ने रितिका की हत्या कर दी। 21 सितम्बर को ही रेवाड़ी (हरियाणा) के 'बावलपुर' में रोशन नामक एक व्यक्ति ने अपनी 'लिव इन पार्टनर' के साथ किसी विवाद के चलते उसके पहले पति से जन्मी पांच वर्ष की बेटी को जमीन पर बेरहमी से पटक-पटक कर मार डाला और उसके बाद कमरा बंद कर वहां से फरार हो गया। 'खूंटी' (झारखंड) में एक 15 वर्षीय किशोरी अपने प्रेमी 'प्रेमचंद साहू' के क्रोध की बलि चढ़ गई। ये दोनों 4 महीने से 'लिव इन रिलेशन' में थे। रोज-रोज की पिटाई से तंग आकर वह अपने प्रेमी का घर छोड़कर अपने गांव वापस आ गई थी परंतु 'प्रेमचंद साहू' ने वहां भी उसका पीछा नहीं छोड़ा और उसे अपने साथ चलने के लिए मजबूर करने लगा लेकिन जब वह न मानी तो उसने चाकू से कई वार करके उसे मार डाला। 22 सितम्बर को 'पालघर' (महाराष्ट्र) में 'सुरेंद्र सिंह' नामक एक युवक के साथ 'लिव इन रिलेशन' में रहने वाली 'रेखा दुर्गा दास वैष्णव' नामक एक युवती के 'हरीश सुखाड़िया' नामक एक अन्य युवक के साथ प्रेम प्रसंग का पता चलने पर सुरेंद्र सिंह को इतना गुस्सा आया कि उसने ईर्ष्यावश हरीश की आंखों में मिर्च का पाऊडर डाल कर चाकू से वार करके उसकी हत्या कर दी। सितम्बर में ही 'बेंगलुरू' (कर्नाटक) में लोहिताश्व नामक एक व्यक्ति ने अपनी 'लिव इन पार्टनर' 'रेखा' के शरीर पर चाकू से एक दर्जन से अधिक वार करके उसकी हत्या कर दी। उसे शक था कि उसके साथ रहने के बावजूद रेखा किसी दूसरे युवक के प्रेम में फंसी हुई है 24 सितम्बर को 'आगरा' (उत्तर प्रदेश) में सन्नी नामक विवाहित युवक के साथ 'लिव इन' में रह रही युवती 'गीता देवी' उर्फ 'टोनी' ने सन्नी की मारपीट से तंग आकर आत्महत्या कर ली। 24 सितम्बर को ही 'बरेली' (उत्तर प्रदेश) हाईवे पर एक नर्स की लाश मिली जो 'शिवपाल' नामक एक डाक्टर के साथ एक वर्ष से 'लिव इन रिलेशन' में रह रही थी। उससे मन भर जाने पर डाक्टर श्रीपाल ने पहले तो उसके शरीर पर तेज धार वाले हथियार से 16 घाव किए और फिर इंजैक्शन लगाकर बेहोश करने के बाद उसे कार में डालकर हाईवे पर फैंक दिया।और अब 26 सितम्बर को मेरठ (उत्तर प्रदेश) में 'लिव इन में रह रही फिरदौस नामक महिला पर उसके 'लिव इन पार्टनर' ने चाकू से हमला करके घायल कर दिया जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। स्पष्ट है कि लिव-इन रिलेशन किसी भी दृष्टि से भारतीय संस्कृति और परिवारों के अनुकूल नहीं है। यह एक ऐसी बुराई है जिसको सामाजिक समर्थन नहीं और जिसका परिणाम अधिकांशतः दुखद ही निकलता है। अतः इससे बचने में ही भलाई है।राज्यपाल आनंदीबेन ने लड़कियों को लिवइन के खतरों से आगाह कराते हुए अपने जीवन को मुसीबत में डालने से बचने की सलाह दी है। सरकार को भी इस संबंध में कोई कानून अवश्य बनाना चाहिए ताकि इस बुराई से मुक्ति मिल सके।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# शिक्षा, भाषा और संस्कृति देश की समृद्धि का पैमाना

**वैश्विक समन्वय की आधारशिला**

शिक्षा सदैव समाज, संस्कृति और सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील और प्रगतिशील रही है। यह न केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला भी है। शिक्षा, ज्ञान, कला, साहित्य और संस्कृति को देश-विदेश की सीमाओं में बाँधना संभव नहीं है। यह असीमित भंडार है, जिसमें आकाशीय ऊँचाइयाँ भी शामिल हैं। न केवल इसकी गहराई को नापा जा सकता है, न ही इसकी ऊँचाई को देखा जा सकता है। शिक्षा और ज्ञान की यह विशालता मानव जीवन में अनंत संभावनाओं के द्वार खोलती है। पूर्वी सभ्यता, विशेषकर भारतीय परंपरा, जहाँ अध्यात्म, वेद, पुराण और योग पर आधारित है, वहाँ पश्चिमी सभ्यता विज्ञान, तकनीकी नवाचार और अनछुई रहस्यमय खोजों पर आधारित है। इन दोनों सभ्यताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में मानव जीवन को बदलने वाले अनमोल योगदान दिए हैं। उदाहरण स्वरूप, पश्चिमी विज्ञान ने मानव को चंद्रमा पर पहुँचने का अवसर दिया और आधुनिक तकनीक जैसे हवाई जहाज, इंजन, रेडियो और डिजिटल तकनीक से जीवन को सरल और उन्नत बनाया। वहीं, भारतीय ज्ञान और दर्शन ने योग, आयुर्वेद, ध्यान और जीवन मूल्यों के माध्यम से मानव जीवन में शांति, संतुलन और आत्मसाक्षात्कार की दिशा प्रदान की। इस प्रकार शिक्षा, भाषा और ज्ञान ने पूर्व और पश्चिम के बीच समन्वय स्थापित किया। पश्चिम ने भारतीय दर्शन, आयुर्वेद और योग को अपनाकर अपनी जीवनशैली में संतुलन पाया, और भारत ने पश्चिम के विज्ञान और तकनीकी ज्ञान को अपनाकर विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ। शिक्षा और भाषा सदैव अज्ञानता के तमस में प्रकाश की तरह कार्य करती रही है। यह नवजीवन की विकास धारा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और समाज में सतत प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। भारतीय संस्कृति और दर्शन में जैन, बौद्ध, नव्य वेदांत और आधुनिक चिंतन ने समाज में नवयुग की कल्पना को साकार किया। वहीं पश्चिम के दार्शनिक और चिंतक जैसे प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स और लेनिन ने सामाजिक और राजनीतिक विकास के सिद्धांत प्रतिपादित किए, जिन्हें पूरी दुनिया ने अपनाया। इस प्रकार, दोनों सभ्यताओं में ज्ञान और विचारों का आदान-प्रदान निरंतर जारी रहा। भारतीय समाज में हमेशा सुधार और नवीन युक्तियों को अपनाने की क्षमता रही है। स्वतंत्रता पूर्व और स्वतंत्रता पश्चात राजनीति और समाज में हुए परिवर्तन इसका सजीव उदाहरण हैं। उदाहरण के लिए, गांधीजी ने सत्याग्रह और अहिंसा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को साकार किया, जबकि जवाहरलाल नेहरू ने विज्ञान और तकनीक के माध्यम से आधुनिक भारत की नींव रखी। सुभाष चंद्र बोस और बाल गंगाधर तिलक ने स्वतंत्रता संग्राम में नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की। इन सबके प्रयासों ने भारत को विश्व पटल पर एक नया स्वरूप और पहचान दी। पाश्चात्य ज्ञान ने हमें अपने आडंबर, अंधविश्वास और रूढ़िवादिता पर विजय पाने में मदद की। उदाहरण के लिए, वास्तु, जन्मकुंडली और अंधविश्वास से जुड़े कई प्रचलित विश्वासों को आधुनिक विज्ञान और शिक्षा के माध्यम से समाज से दूर किया जा सका। यह स्पष्ट करता है कि शिक्षा और ज्ञान समाज में समग्र सुधार और नवप्रवर्तन के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। हमारे दैनिक जीवन में भी शिक्षा, भाषा और ज्ञान हमें यह एहसास कराते हैं कि हम अभी भी कितने पीछे हैं और कितनी दूर तक सीखने की आवश्यकता है। ज्ञान का कोई अंतिम स्रोत नहीं होता; यह एक ऐसा समृद्ध भंडार है, जिसमें जितना भी सीखना संभव है, वह निरंतर बढ़ता रहता है।



अतः हमें सदैव प्रयासरत रहना चाहिए कि हम पल-पल कुछ नया सीखें—हर व्यक्ति, हर समाज, और हर सभ्यता से। शिक्षा, भाषा और ज्ञान ही हमें समृद्ध, विकसित और परिवर्तनशील बनाते हैं। परिवर्तनशील जीवन ही नई ऊर्जा, आशा और विकास की नींव रखता है। इस दृष्टि से देखा जाए तो हर मानव, हर समाज और हर राष्ट्र के लिए सीखने, अपनाने और नवाचार करने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती। यही कारण है कि शिक्षा और ज्ञान न केवल व्यक्तिगत उन्नति बल्कि समग्र मानवता के विकास के लिए अनिवार्य हैं।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## ममता का नेटवर्क कभी कमजोर नहीं होता




**मीलों की दूरी, पर दिलों का सेतु अब भी अटूट**

**दूर रहकर भी साथ-प्रेम का डिजिटल युग में पुनर्जन्म**

कभी रिश्ते दूरी से टूटा करते थे, आज वही दूरी नये अर्थ रच रही है। पहले "दूर रहना" मतलब था बिछड़ जाना, अब यही दूरी "साथ रहने" की नई परिभाषा गढ़ रही है। विदेशी धरती पर बसे बच्चे, जिनकी कामयाबी माता-पिता के सीने में गर्व जगाती है, वही अब उस गर्व के पीछे छिपे सन्नाटे का कारण बन रहे हैं। यह नया युग है—जहाँ भावनाएँ ऑनलाइन सिमटती हैं, मुलाक़ातें ऑफलाइन बिखरती हैं, और अपनापन वाई-फाई के सिग्नल पर टिका है। यह कहानी है उन अनगिनत परिवारों की, जो मीलों की दूरी में भावनात्मक सेतु तलाशते हैं। यह कहानी है बदलते रिश्तों की, जहाँ प्रेम अब मीलों में नहीं, वीडियो कॉल के चंद पलों में साँस लेता है—दिलों को जोड़ता है, पर पूरी तरह पास नहीं लाता। विदेश गए बच्चे अब सिर्फ़ बेटा-बेटी नहीं, प्रवासी भारतीय बन चुके हैं। वे सपनों की उड़ान में नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं, पर पीछे छूट जाता है वह घर, जहाँ उनकी कहानी शुरू हुई थी। माता-पिता, जो कभी उनके जीवन का केंद्र थे, अब धीरे-धीरे हाशिए पर खिसक रहे हैं। सुबह की चाय के साथ माँ फोन की घंटी का इंतज़ार करती है; पिता टाइम ज़ोन के हिसाब से घड़ी मिलाते हैं। बच्चे, अब विदेशी शहरों की चकाचौंध में रमे, रात की थकान के बाद व्हाट्सऐप पर लिखते हैं, "माँ, अब सो जाओ।" संवाद है, पर उसमें पहले सी गर्माहट नहीं। बातचीत अब समय की कमी, नेटवर्क की उपलब्धता और कैलेंडर की उलझनों में सिमटती है। रिश्ते तकनीक के मोहताज हो गए हैं, जहाँ एक मिस्ड कॉल भी दिल को बेचैन कर देता है। माता-पिता का जीवन, जो कभी बच्चों की हँसी, शरारतों और ज़रूरतों के इर्द-गिर्द घूमता था, अब वीडियो कॉल के छोटे-छोटे फ्रेम में कैद हो गया है। कैमरे के सामने माँ हँसती है, पर कॉल कटते ही उसकी आँखें खामोश दीवारों से सवाल करती हैं। पिता की आवाज़, जिसमें कभी आदेश की गूँज थी, अब सलाह में बदल गई है—अधिकार नहीं, एक अनकहा इंतज़ार बचा है। वे जानते हैं, बच्चे अब उनके पास नहीं, पर पूरी तरह खोए भी नहीं। रिश्ते अब संवाद से नहीं, स्मृतियों से जीवित हैं। माँ को आज भी याद है, बेटे को नींद न आए तो वह कितने प्यार से लोरी सुनाती थी। पिता को याद है, बेटी की पहली साइकिल सवारी में वह कैसे पीछे-पीछे दौड़ा था। ये स्मृतियाँ ही हैं, जो उन्हें जीवित रखती हैं, जब बच्चे मीलों दूर अपने नए जीवन में मशगूल हैं। यह दूरी सिर्फ़ किलोमीटरों की नहीं, जीवन की प्राथमिकताओं की भी है। विदेश गए बच्चे अब करियर, सामाजिक दायरे और नए परिवेश में रम चुके हैं। माता-पिता उनके लिए अब "परिवार" से ज़्यादा "बैक होम सपोर्ट सिस्टम" बन गए हैं। माँ-बाप की सलाह अब उतनी प्रासंगिक नहीं लगती। उनका घर अब बच्चों के लिए छुट्टियों की मंज़िल है—जहाँ वे लौटते हैं, पर रुकने की नहीं, सिर्फ़ मुलाक़ात की योजना बनाते हैं। बैंक ट्रांसफर, मेडिकल इंश्योरेंस और सालाना टिकटों के बीच भावनाओं का हिसाब सिमट जाता है। बच्चे कोशिश करते हैं कि माता-पिता के लिए उपलब्ध रहें, पर ज़िंदगी की रफ्तार उन्हें भावनाओं से पीछे छोड़ देती है। "माँ, मैं बिज़ी था" या "पापा, अगले हफ्ते कॉल करता हूँ" जैसे वाक्य अब रिश्तों की ज़ुबान बन गए हैं। प्रेम अब भी है, पर वह "थैंक यू" इमोजी और "मिस यू" मैसेज में सिमट गया है। माता-पिता भी समय के साथ ढल रहे हैं। नाराज़गी अब दिल में नहीं ठहरती, शिकायतें होंठों तक नहीं आतीं। उन्होंने मान लिया है कि बच्चों की सफलता की कीमत उनकी दूरी है। अकेलापन अब "आज़ादी" का नाम लेता है, और इंतज़ार "रोज़मरा" का हिस्सा बन गया है। माँ ने व्हाट्सऐप की डीपी बदलना सीख लिया, पिता ज़ूम कॉल की लिंक खोलने में माहिर हो गए। तकनीक के साथ तालमेल बिठाकर वे बच्चों से जुड़े रहने की जद्दोजहद में हैं। पर इस तालमेल में एक खालीपन है। स्क्रीन पर बच्चों का चेहरा देखकर आँखें चमकती हैं, पर दिल कहीं गहरे में चाहता है—काश यह मुलाक़ात स्क्रीन की बजाय सामने हो। यह रिश्ता समझौते का नहीं, सह-अस्तित्व का है—दूरियाँ हैं, पर दोनों पक्ष उसे टूटने नहीं देना चाहते। पर इस "दूर रहकर भी साथ" के समीकरण में एक अनकहा सवाल तैरता है—क्या भावनाएँ अब भी उतनी गहरी हैं? विदेश में बच्चे नई संस्कृति, नए मूल्यों और नए ताने-बाने में रच-बस गए हैं। उनकी सोच, तौर-तरीके और प्राथमिकताएँ बदल गई हैं। दूसरी ओर, माता-पिता अब भी पुरानी परंपराओं और अपेक्षाओं से बँधे हैं। यह अंतर इतना सूक्ष्म है कि शुरू में कोई भाँप नहीं पाता। पर धीरे-धीरे संवाद का स्वर बदलता है। "माँ, तुम समझती क्यों नहीं?" और "बेटा, अब तुझे पहचानना मुश्किल है" जैसे वाक्य उस अदृश्य दरार को उजागर करते हैं, जिसे कोई चाहकर भी अनदेखा नहीं कर पाता। बच्चे चाहते हैं कि माता-पिता उनकी नई दुनिया को समझें; माता-पिता चाहते हैं कि बच्चे उनकी पुरानी दुनिया को भूलें नहीं। यह एक ऐसी रस्साकशी है, जो थकाती है, पर प्रेम इसे हारने नहीं देता। फिर भी, इन दूरियों में अपनापन मिटा नहीं। उसका रूप ज़रूर बदल गया है। अब प्रेम घर की घंटी से नहीं, फोन की घंटी से जागता है। दुआएँ अब पोस्टकार्ड पर नहीं, ईमेल के ड्राफ्ट में सिमटती हैं। पर आश्चर्य यह है कि इस आधुनिक रिश्ते में भी वही पुरानी गंध बसी है—माँ के आँचल की, पिता के मौन गर्व की।

माता-पिता जानते हैं कि बच्चे कितने ही दूर क्यों न हों, उनकी हँसी, उनकी आवाज़, उनका वजूद अब भी इस घर की दीवारों में गूँजता है। बच्चे भी समझते हैं कि चाहे वे कितने व्यस्त क्यों न हों, माँ-पिता की दुआएँ हर कदम पर उनके साथ हैं। यह प्रेम अब शब्दों में कम, भावनाओं में ज़्यादा साँस लेता है। आज का यह भावनात्मक समीकरण एक नए संतुलन की तलाश में है। माता-पिता अब बच्चों की हर पल की मौजूदगी की उम्मीद नहीं करते; वे बस इतना चाहते हैं कि बच्चे उन्हें भूलें नहीं। बच्चे भी चाहते हैं कि उनकी अनुपस्थिति को गलत न समझा जाए। दोनों के बीच अब संवाद से ज़्यादा एक संवेदनशील समझ की ज़रूरत है। यही समझ वह सेतु है, जो मीलों की दूरी को पाटता है। समय बदल गया है, पर ममता का कैलेंडर नहीं बदला।

विदेशी धरती पर उगते सूरज के साथ भी, भारत के किसी घर में एक माँ आज भी वही प्रार्थना दोहराती है—"बेटा, जहाँ भी रहो, खुश रहो।" इस एक वाक्य में सिमटा है वह प्रेम, जो दूरी में भी साथ चलता है, समय के साथ फीका नहीं पड़ता। यह वह धागा है, जो कभी टूटता नहीं—बस लंबा होता जाता है, फिर भी दोनों सिरों को जोड़े रखता है।

**प्रो. आरके जैन**

# जनता बनाम वादे-क्या इस बार सच होगा 'बदलाव'?

**समीकरण, टूटती परंपराएँ — बिहार के मतों में कौन जीतेगा दिल?**

बिहार की सियासी रणभूमि पर 2025 का विधानसभा चुनाव एक ऐतिहासिक तूफान लाने को तैयार है, जो न केवल सत्ता का फैसला करेगा, बल्कि बिहार की तकदीर को भी नया रंग देगा। 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होने वाला यह महासंग्राम, 14 नवंबर को नतीजों के साथ, 243 सीटों और 7.42 करोड़ मतदाताओं के दम पर बिहार के भविष्य की दिशा तय करेगा। बेरोजगारी, पलायन, जातिगत जनगणना, महिला सशक्तिकरण और भ्रष्टाचार जैसे ज्वलंत मुद्दों पर एनडीए, महागठबंधन और जन सुराज पार्टी की रणनीतियां न सिर्फ मतदाताओं का दिल जीत रही हैं, बल्कि बिहार की दशकों पुरानी समस्याओं को हल करने का एक नया वादा भी पेश कर रही हैं। यह चुनाव सत्ता की कुर्सी से कहीं बढ़कर है—यह बिहार की उम्मीदों, आकांक्षाओं और बदलाव की जंग है। बिहार में 15% से अधिक बेरोजगारी दर और लाखों प्रवासी मजदूरों की पीड़ा हर चुनाव को प्रभावित करती है। एनडीए, जिसमें भाजपा और जेडीयू की जोड़ी अहम है, ने अपने संयुक्त घोषणापत्र में 10 लाख नौकरियों, स्किल यूनिवर्सिटी और औद्योगिक निवेश का भरोसा दिलाया है। भाजपा हिंदुत्व, अवैध घुसपैठ और महिला सुरक्षा के मुद्दों को जोड़कर शहरी और ऊपरी जाति के वोटरों को रिझा रही है, जबकि जेडीयू का सुशासन मॉडल सड़कों, बिजली और सिंचाई के दम पर ग्रामीण इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। सर्वे एनडीए को 136-160 सीटों का अनुमान दे रहे हैं, लेकिन 2020 की 125 सीटों (भाजपा 74, जेडीयू 43) के बाद जेडीयू 25-31 सीटों तक सिमट सकती है। अगर एनडीए की रणनीति कामयाब रही, तो भाजपा बिहार में 'गुजरात मॉडल' का परचम लहरा सकती है, लेकिन असफलता नीतीश कुमार की जेडीयू को सियासी हाशिए पर धकेल देगी, खासकर जब प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि जेडीयू 25 सीटों से आगे नहीं बढ़ेगी। तेजस्वी यादव की अगुवाई में महागठबंधन बेरोजगारी को सामाजिक न्याय के साथ जोड़कर एक नई लहर पैदा कर रहा है। आरजेडी का घोषणापत्र 10 लाख सरकारी नौकरियों और जातिगत जनगणना के आधार पर आरक्षण बढ़ाने का वादा करता है, जो 85% ओबीसी-एससी/एसटी आबादी को लुभाने की ताकत रखता है, खासकर तब जब 88% संपत्ति उच्च जातियों के पास है। कांग्रेस का 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प' ईबीसी और दलितों के लिए विशेष पैकेज लेकर आया है, और प्रियंका गांधी की सभाओं में महिलाओं को यह संदेश दिया जा रहा है कि वे एनडीए के लाभ लें, लेकिन वोट महागठबंधन को दें। वामपंथी दल कर्जमाफी और ग्रामीण विकास पर जोर दे रहे हैं। 2020 में 110 सीटें (आरजेडी 75, कांग्रेस 19) जीतने वाला यह गठबंधन अब 100-105 सीटों की उम्मीद कर रहा है, लेकिन कांग्रेस की 55-70 सीटों की मांग से गठबंधन में दरारें साफ दिख रही हैं। अगर ये वादे हकीकत बने, तो तेजस्वी बिहार के सबसे युवा मुख्यमंत्री बनकर सामाजिक न्याय की नई क्रांति ला सकते हैं; वरना, महागठबंधन फिर से विपक्ष की बेंच गर्म करता दिखेगा। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने जातिगत जनगणना, शिक्षा सुधार और पलायन रोकथाम जैसे मुद्दों पर ताजा दृष्टिकोण पेश किया है। उनका पांच-सूत्री एजेंडा—शिक्षा, पलायन रोकथाम, महिला-किसान सशक्तिकरण, वृद्ध पेंशन (400 से 2000 रुपये) और उद्योग—5 लाख करोड़ के निवेश और शराबबंदी हटाकर राजस्व जुटाने पर केंद्रित है। 5000 किमी की बिहार बदलाव यात्रा ने युवाओं और ऊपरी जातियों में जोश भरा है। सर्वे में जन सुराज को 40 सीटों का अनुमान है, और सभी 243 सीटों पर 40 महिलाओं सहित 90% नए चेहरों के साथ यह पार्टी बिहार की सियासत को बहुध्रुवीय बनाने की ताकत रखती है। अगर जन सुराज 30-40 सीटें जीत लेती है, तो यह बिहार की राजनीति में भूचाल ला देगी, लेकिन असफलता प्रशांत किशोर की साख को गहरा झटका दे सकती है। महिला सशक्तिकरण और भ्रष्टाचार इस चुनाव में केंद्रीय मुद्दे हैं। एनडीए की 'महिला रोजगार योजना' महिलाओं को 10,000 रुपये मासिक सहायता और 2 लाख का ऋण प्रदान करती है, जो आर्थिक सशक्तिकरण का वादा करती है। दूसरी ओर, महागठबंधन आरक्षण और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है, जबकि जन सुराज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का दावा करता है। भ्रष्टाचार के मोर्चे पर तेजस्वी यादव का 'संस्थागत भ्रष्टाचार' का आरोप एनडीए पर भारी पड़ रहा है। चुनाव आयोग के 100% वेबकास्टिंग जैसे 17 सुधार पारदर्शिता को बढ़ावा देंगे, लेकिन 3.5 लाख मतदाताओं के नाम हटने का विवाद मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है। छठ पूजा के बाद प्रवासी मतदाताओं की वापसी और 12% वोट लीड एनडीए को बढ़त दे सकती है, लेकिन महागठबंधन की उभरती लहर और जन सुराज की ताजा अपील इसे कड़ी टक्कर दे रही हैं। एनडीए की जीत भाजपा को बिहार का नया राजनीतिक केंद्र बनाएगी, महागठबंधन की विजय सामाजिक न्याय को नई दिशा देगी, और जन सुराज की सफलता बिहार की सियासत को त्रिकोणीय बना देगी। यह चुनाव बिहार की आकांक्षाओं का निर्णायक मोड़ है—क्या यह विकास और न्याय का मार्ग प्रशस्त करेगा, या वादों का धुंधलका यथावत रहेगा?




**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी, जेल

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरैनी टोला सवनहवा निवासी एक युवक को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व भारत के प्रधानमंत्री पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरैनी टोला सवनहवा निवासी अफजल अली ने ओवैसी के पैर में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को गिड़गिड़ाने का फोटो शोसल मीडिया पर अपने आईडी से वायरल किया था। शोसल मिडिया पर अभद्र फोटो वायरल को संज्ञान में लेते हुए परसामलिक पुलिस ने शनिवार को युवक को हिरासत में ले लिया और आरोपी को पकड़ कर थाने पर लाई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर उपनिरीक्षक दिलीप कुमार की तहरीर पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी को जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

## एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनी खुशी कुमारी



**रतनपुर/महराजगंज।** मिशन नारी शशक्तिकरण अभियान के तहत महिला सम्मान में एक दिन के लिए नौतनवा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय खैराटी में कक्षा 8 की छात्रा खुशी कुमारी को शनिवार को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनाया गया। खुशी ने बखूबी प्रिसिंपल के पद को निभाया उसने शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया। विद्यालय के अभिलेख के साथ-साथ सफाई आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया। कक्षाओं के अनुशासन को परखा व कक्षा आठ में शैक्षणिक कार्य किया। कक्षा आठ की प्रीती, शिवानी, सत्यपाल, अरुण, शनि उसके क्लास के सभी बच्चे उनके शिक्षण कार्य से प्रभावित रहे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक राघवेन्द्र नाथ पाण्डेय,सहायक अध्यापक राकेश कुमार, शकीला बानो, कुलेश कुंवर, शिक्षामित्र सुरेन्द्र मणि त्रिपाठी एवं समस्त रसोईया स्टॉप उपस्थित रहे।

## सांसद शशांक मणि ने खेल प्रतिस्पर्धा का किया शुभारम्भ



**खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह**

**देवरिया।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में विधानसभा रामपुर कारखाना के अशोका इंटर कॉलेज में सांसद/विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। जैवलिन थ्रो में अभिषेक यादव, 1500 मीटर दौड़ में सचिन गोंड़, अखिलेश व श्लोक भारती, 100 मीटर दौड़ में गौतम कनोजिया व रजनी विजेता रहे। वॉलीबॉल में पुरुषोंतमपुर तथा महिला वर्ग में मदिरपाली की टीम ने बाजी मारी। समापन समारोह में विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने विजेताओं को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी पुनीत कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। अगला चरण 13 अक्टूबर को सलेमपुर के बापू इंटर कॉलेज में होगा।

## निबिहा परसापुर के मदन पांडेय का आकस्मिक निधन

**गोण्डा।** ग्राम पंचायत निबिहा परसापुर निवासी, पूर्व प्रधान श्री जगन्नाथ पांडेय के छोटे सुपुत्र मदन पांडेय (उम्र 32) की ट्रेन से गिरने के कारण दुखद मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, मदन पांडेय अपने भाई शिवनाथ पांडेय के साथ मुंबई से घर लौट रहे थे। यात्रा के दौरान शिवनाथ पानी लेने ट्रेन से उतरे, तभी मदन गलत ट्रेन में चढ़ गए। ट्रेन से उतरने की कोशिश में वह गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।मृतक के पीछे पत्नी खुश्बू और तीन बच्चे – बेटियाँ नैंसी (11), सृष्टि (9) और बेटा राज (7) रह गए हैं।घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला पंचायत प्रत्याशी मुकेश शुक्ला शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे और कहा कि वे दिवंगत के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में हर संभव मदद करेंगे।परिजन और ग्रामीण इस दुःखद घटना से गहरे सदमे में हैं।

# कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार द्वारा महा ब्राम्हणों को अछूत कहने पर महा ब्राम्हण समाज मर्माहत

**● महा ब्राम्हणों ने बैठक कर निंदा प्रस्ताव पारित किया**

**कांग्रेस नेता ने अपना अपशब्द वापस नही लिया तो महा ब्राम्हण समाज सक्षम न्यायालय का शरण लेने को मजबूर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी-** गोरखपुर महा ब्राम्हणों को अछूत कहने राष्ट्रीय महा ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु तिवारी की अध्यक्षता में नगर पंचायत उनवल में एक आकस्मिक बैठक कर कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार द्वारा महा ब्राम्हण समाज को अछूत कहने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार का महा ब्राम्हण को अछूत कहना यह साबित करता है कि वह हिन्दू धर्म और संस्कृति पर करारा कुठाराघात कर हिन्दू धर्म और भारतीय संस्कृति में विष घोलने का एक कुचक्र रच रहे हैं जिससे यहां ब्राम्हण समाज काफी आहत व मर्माहत है । बैठक को संबोधित करते हुए प्रतिक्रिया में उमेश राम त्रिपाठी ने कहा कि मनुस्मृति में कहा गया है कि जिस तरह से खून से डूबे हाथ को खून से धोकर साफ नहीं किया जा सकता है उसी तरह सूतक में मृत कर्म का दान किसी सुपात्र ब्राम्हण को ही देने से सूतक समाप्त होता है।

महाराज दशरथ की मृत्यु के बाद भरथ जी ने मानस में वर्णित चौपाई के अनुसार ( वैषानस भुषन,बशन,अन्न,धरनि,धन,धाम दिये भरथ लहि भूमि सुर,भे परि पूरन,काम ) धर्म व शास्त्र महा ब्राम्हण को भूमि का देवता कह कर धर्म शास्त्रों ने नवाजा व सम्मान दिया है महा ब्राम्हण समाज के लोग आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का खुल कर विरोध करेंगे तथा जिन प्रांतों में भविष्य में चुनाव होगा वहां भी महा ब्राम्हण समाज कांग्रेस का विरोध करेगी। भा जा पा शासन हिन्दू धर्म और संस्कृति का जहां रक्षा करने का कार्य कर रही है वहीं कांग्रेस नेता हिन्दू धर्म और संस्कृति को मिटाने का कुत्सित प्रयास कर रहे है जिसका हम महा ब्राम्हण समाज घोर निन्दा करते हुए भा ज पा सरकार से मांग करते हैं कि कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार पर नियमानुसार उचित कार्रवाई करे अन्यथा हम महा ब्राम्हण समाज माननीय न्यायालय में जाति विषेश पर अपशब्द बोलने एवं धार्मिक मान्यताओं व भावनाओं पर ठेंस पहुंचाने का मुकदमा पंजीकृत करने हेतु बाध्य होंगे। बैठक में उपस्थित लोगों में राकेश त्रिपाठी, इन्द्र मणि त्रिपाठी, राम सूरत त्रिपाठी, जनार्दन तिवारी, विरेन्द्र तिवारी,रामू तिवारी, राम रुप तिवारी, प्रभाकर तिवारी, दिवाकर राम त्रिपाठी, मनीष तिवारी,आद्या तिवारी, रामभुज त्रिपाठी, शिवकुमार त्रिपाठी, निखिल तिवारी, आकाश त्रिपाठी , विकास त्रिपाठी, उदयराज त्रिपाठी, सूरज तिवारी, अमन कुमार त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे।

# नगरपालिका में प्रकाश पर्व, छठ महापर्व दृष्टिगत तैयारी बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व के दृष्टिगत नगर में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं जलापूर्ति की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आज नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सफाई विभाग, बिजली विभाग एवं जलकल विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि दोनों पर्व हमारे नगर की पहचान और आस्था से जुड़े हैं। नगरवासी इन दिनों किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करें, इसके लिए सभी विभाग पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि दीपावली से पूर्व पूरे नगर में गली-मोहल्लों की सफाई, नालियों की सफाई, विद्युत व्यवस्था की मरम्मत एवं छठ घाटों की साफ-सफाई व प्रकाश की व्यवस्था समय रहते पूर्ण की जाए। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर की स्वच्छता और उजाला ही त्योहारों की असली पहचान है, आइए हम सब मिलकर अपने नगर को स्वच्छ, सुंदर और जगमग बनाएं। बैठक में अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज अभियंता निर्माण रामबहादुर, सफाई विभाग से अरुण सिंह, अनिल मौर्य, घनश्याम यादव, बबलू मद्धेशिया, विद्युत प्रभारी महेन्द्र चौधरी, प्रमोद मद्धेशिया, अजित, जयप्रकाश, श्यामू , जलकल प्रभारी मनोज सिंह, अशोक गुप्ता सहित सभी संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इटियाथोक में विधायक डॉ. पल्लवी पटेल का धरना- प्रशासन पर लापरवाही का आरोप, दो घंटे तक जाम रहा गोंडा-बलरामपुर मार्ग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** इटियाथोक स्थित बंधुकपुरवा गांव में सिराथू विधानसभा की विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने गोंडा-बलरामपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया। विधायक एक हत्या के पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची थीं, जिसके बाद उन्होंने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह धरना लगभग दो घंटे तक चला।यह मामला 4 सितंबर की शाम का है, जब 15 वर्षीय मंगल देव को गोली मार दी गई थी। गोंडा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पीड़ित पिता की तहरीर पर महादेवा कला निवासी संदीप मिश्रा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था और आरोपी को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।शनिवार को अपना दल की नेता डॉ. पल्लवी पटेल पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचीं। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि सूचना देने के बावजूद कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। इसके बाद उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। थोड़ी देर बाद, विधायक अपने समर्थकों के साथ वाहन में बैठने के बजाय गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर धरने पर बैठ गईं। मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन के लोग इस कदम से अवाक रह गए। गांव की महिलाएं और पुरुष भी इस धरने में शामिल हो गए। सीओ सदर विनय सिंह के नेतृत्व में धानेपुर, खरगूपुर, मोतीगंज और इटियाथोक सहित चार थानों की पुलिस ने मोर्चा संभाला। पुलिस और कर्मचारियों ने विधायक को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह अपनी मांगों पर अड़ी रहीं। उनकी मांगों में पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, रहने के लिए आवास और आरोपी के मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई शामिल थी। करीब दो घंटे बाद, उपजिलाधिकारी अशोक गुप्ता ने 30 दिन के भीतर आवास और रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से मुआवजा देने का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। इस धरने के कारण सड़क के दोनों ओर लगभग दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**क्या यह धरना न्याय के लिए था या जातीय राजनीति का प्रदर्शन?**

स्थानीय जनता के बीच इस धरने को लेकर दो तरह की प्रतिक्रियाएँ देखने को मिलीं। एक पक्ष का मानना है कि विधायक ने पीड़ित परिवार के न्याय की लड़ाई को आवाज दी, क्योंकि गरीब परिवारों की सुनवाई अक्सर देर से होती है। वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों का कहना है कि जब आरोपी पहले ही गिरफ्तार होकर जेल भेजा जा चुका था, तब सड़क जाम कर जनता को परेशान करना राजनीतिक और जातीय संदेश देने का प्रयास प्रतीत होता है। गांव के क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस घटना को "सामाजिक न्याय बनाम जातीय राजनीति" के चश्मे से देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने घटना के तुरंत बाद राहत और सहायता दी होती, तो विधायक को सड़क पर उतरने की आवश्यकता नहीं पड़ती। हालांकि, कई लोग यह भी मानते हैं कि विधायक का धरना आने वाले चुनावों से पहले अपनी राजनीतिक पहचान और सामाजिक आधार को मजबूत करने की रणनीति भी हो सकता है। इस तरह, यह धरना अब केवल एक हत्या की घटना का विरोध न रहकर राजनीति और सामाजिक समीकरणों की नई बहस का केंद्र बन गया है।

# भव्य शादियों के बीच गुम हुई भावनाएं ,जब बेटी घर से नहीं होटल से होती विदा तो हिलने लगती रिश्तों की जड़ें !!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर-** भारतीय संस्कृति में बेटी की शादी न केवल दो दिलों का मिलन है, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा है, जहां खुशियां और आशीर्वाद की धारा बहती है। आजकल शादियां भव्य हो गई हैं–महंगे होटल, चमचमाते रिसॉर्ट्स और हरे-भरे गार्डन्स में। लेकिन एक परंपरा है, जो इन सबके बीच खोती जा रही है–बेटी की विदाई। विदाई वह पल है, जब बेटी अपने मायके की देहलीज लांघती है, और पीछे मुड़कर न देखते हुए चावल और सिक्के उछालती है। यह रस्म सिर्फ एक रिवाज नहीं, बल्कि गहरा प्रतीक है–लक्ष्मी स्वरूपा बेटी अपने पीछे सौभाग्य छोड़कर जाती है, ताकि मायका हमेशा अन्न-धन से भरा रहे, खुशहाली कभी न छूटे।

कल्पना कीजिए उस दृश्य को- बेटी की आंखों में आंसू, मां-बाप के चेहरे पर मुस्कान और दर्द का मिश्रण। वह चावल उछालती है–प्रतीक है अन्न की बहुलता का, जो घर की रसोई को हमेशा भरी रखे। सिक्के गिरते हैं–धन की वर्षा का संकेत, जो परिवार की समृद्धि को अटूट बनाए। यह सब घर की देहलीज पर होता है, जहां से बेटी की जड़ें जुड़ी हैं, जहां बचपन की यादें बसी हैं। लेकिन आज? यह रस्म होटलों की चकाचौंध में, रिसॉर्ट्स की कृत्रिम हरियाली में, या लॉन्स की अजनबी जमीन पर हो रही है। नतीजा सौभाग्य घर की बजाय उन अजनबी जगहों पर बरस रहा है। होटल मालिकों की तिजोरियां भर रही हैं, जबकि घरों से खुशियां रिस रही हैं। दोनों कुलों में दरारें पड़ रही हैं–रिश्ते कमजोर, परंपराएं खोखली हो जा रही है।

**क्या कहते बुजुर्ग**

गोरखपुर जनपद के ख़जनी क्षेत्र रुदपुर गांव निवासी 90 वर्षीय शिवसम्मत राम तिवारी ने कहा ,क्या एक कि पीढ़ी कभी सोचा, इस बदलाव का असर हो रहा ? बेटी विदा होकर जाती है, लेकिन घर की दीवारें खाली रह जाती हैं। वह सौभाग्य, जो मायके के लिए था, अब किसी और की जेब में जा रहा है। परिवारों में विवाद बढ़ रहे हैं, क्योंकि रस्में गलत जगह पर हो रही हैं–परिणाम विकृत, भावनाएं ठंडी। एक मां की व्यथा सुनिए÷ ÷मेरी बेटी की विदाई होटल से हुई, लेकिन घर लौटकर लगा जैसे कुछ छूट गया। खुशियां अधर में लटक गई।÷ यह सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि हजारों घरों की हकीकत है। हम फैंसी शादियों के चक्कर में अपनी संस्कृति को भूल रहे हैं, और इसके साथ खो रहे हैं वे मूल्य जो पीढ़ियों से हमें बांधे हुए हैं। पण्डित विजय राम तिवारी ( पदोही बाबा ) ने कहा अभी समय है। संभल जाइए। शादी को भव्य बनाइए–गार्डन से, होटल से, रिसॉर्ट से–लेकिन विदाई घर से ही कीजिए। परंपराओं को बचाइए, क्योंकि वे सिर्फ रिवाज नहीं, हमारे अस्तित्व की नींव हैं। कलेवर बदलिए–आधुनिकता अपनाइए–लेकिन कल्चर को मत छोड़िए। बेटी की विदाई घर की देहलीज से हो, ताकि सौभाग्य घर में ही बरसे, खुशियां हमेशा महकें, और रिश्ते अटूट रहें। याद रखिए, घर वह जगह है जहां से जीवन शुरू होता है, और विदाई वह पल जहां नई शुरुआत होती है–लेकिन जड़ें वही रहनी चाहिएं। आइए, अपनी विरासत को सहेजें, क्योंकि बिना जड़ों के पेड़ नहीं खिलते।

# सातवीं के छात्र ने दीवार फांदकर भागा, शिक्षकों पर मारपीट का आरोप, गार्ड को अपहरणकर्ता समझ पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोळाबाजार गोरखपुर-** जिले के गोला तहसील क्षेत्र स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पतरा में शुक्रवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब कक्षा सात का छात्र अमन (11) विद्यालय की दीवार फांदकर भाग निकला। करीब आठ किलोमीटर दूर गोपालपुर चौराहे पर पहुंचने पर विद्यालय के गार्ड अभिषेक दुबे ने उसे देख लिया और पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान छात्र के चिल्लाने पर स्थानीय लोग जुट गए और गार्ड को अपहरणकर्ता समझकर पीट दिया। गार्ड ने अपनी पहचान बताकर किसी तरह भीड़ से जान बचाई। सिकरीगंज क्षेत्र के बसंतपुर निवासी वीरेंद्र का पुत्र अमन हाल ही में विद्यालय में भर्ती हुआ था। उसने बताया कि विद्यालय में बच्चों के साथ रोज मारपीट होती है। उसके अनुसार शुक्रवार को प्रधानाचार्य जयविजय तिवारी ने एक छात्र को ड्रेस न पहनने पर बुरी तरह पीटा। डर के मारे उसने दवा मांगी, लेकिन शिक्षक ने उसे नाटक कहकर मना कर दिया। भयभीत होकर अमन ने शाम पांच बजे विद्यालय की दीवार फांदकर भागने का फैसला किया।

गोपालपुर चौराहे पर पहुंचने पर जब गार्ड ने उसे रोकने की कोशिश की तो अमन चिल्लाने लगा। शोर सुनकर भीड़ इकट्ठा हो गई और गार्ड को पकड़कर पीटने लगी। इसी बीच स्थानीय दुकानदार दिनेश कुमार ने अमन के बताए नंबर पर उसके परिवार को सूचना दी। कुछ देर बाद अमन के चाचा मौके पर पहुंचे और उसे घर ले गए।

प्रधानाचार्य जयविजय तिवारी ने छात्र के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि अमन का नामांकन हाल ही में हुआ था और उसका मन पढ़ाई में नहीं लग रहा था। संभव है डर या दबाव में उसने गलत बातें कह दी हों। एसडीएम अमित जायसवाल ने कहा कि अब तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। यदि जांच में मारपीट के आरोप सही पाए गए तो दोषियों पर कार्रवाई होगी, अन्यथा छात्र की काउंसलिंग की जाएगी। घटना से विद्यालय के अनुशासन और बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ गए हैं। ग्रामीणों में आक्रोश है और वे विद्यालय प्रशासन से जवाब मांग रहे हैं।

# डकैती गिरोह के तीन शातिर गैंगस्टर गिरफ्तार, गैंगस्टर एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर** –जनपद के कैम्पियरगंज पुलिस ने संगठित अपराधों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती जैसे जघन्य अपराधों में शामिल तीन शातिर गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह सफलता पुलिस को मिली है। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कैम्पियरगंज के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आशीष चौधरी की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम क्रमशः संदीप साहनी पुत्र कोईल साहनी, संतोष मौर्या पुत्र रामनवमी, तथा गोलू पुत्र दुखी हैं। ये तीनों अभियुक्त थाना कैम्पियरगंज क्षेत्र के निवासी हैं और पुलिस रिकॉर्ड में पहले से अपराधी प्रवृत्ति के रूप में दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार, उक्त अभियुक्त गिरोह बनाकर क्षेत्र में डकैती की घटनाओं को अंजाम देते थे। इनके आतंक से स्थानीय लोग भयभीत थे। अपराध पर अंकुश लगाने और इनकी आपराधिक गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट तैयार किया गया। इसी आधार पर थाना कैम्पियरगंज में मुकदमा अपराध संख्या 618/2025 धारा 2(ख)(द्व), 2(ख)(×द्व), 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत दर्ज कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पहले भी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इनमें मुकदमा संख्या 92/2025 धारा 310(2), 317(2), 61(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) शामिल है। पुलिस का कहना है कि इन अपराधियों का नेटवर्क इलाके में सक्रिय था, जो संगठित रूप से लूट और डकैती की घटनाओं को अंजाम देता था।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक आशीष चौधरी, हेड कांस्टेबल दीनदयाल, कांस्टेबल बच्चा यादव, धर्मेंद्र सिंह यादव एवं अरविंद कुमार की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस टीम ने अभियुक्तों को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने टीम की इस सराहनीय कार्रवाई के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि गोरखपुर पुलिस संगठित अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रखेगी। ऐसे अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और संपत्ति जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी, ताकि समाज में भयमुक्त वातावरण कायम रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शनिवार को थाना मईल क्षेत्र के पंडित जवाहरलाल कृषक इंटर कॉलेज लार रोड में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील सिंह एवं क्षेत्राधिकारी बरहज अंशुमान श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर अपराध, नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। अधिकारियों ने बालिकाओं को 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा) और 112 (आपातकालीन सेवा) जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और किसी भी आपात स्थिति में इनसे तत्काल संपर्क करने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, थाना मईल के प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

**मिशन शक्ति के तहत भाटपार रानी में बालिकाओं को किया जागरूक**

देवरिया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी दीपशिखा वर्मा ने राजकीय बालिका विद्यालय टीकमपार में छात्राओं को सुरक्षा व आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को 1090, 181, 1076, 108 और 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और किसी भी उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने की सलाह दी। क्षेत्राधिकारी ने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध से बचाव और आत्मरक्षा के उपाय भी बताए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या, शिक्षिकाएं, थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

**मिशन शक्ति के तहत शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित**

देवरिया। मिशन शक्ति फेज 5.0 और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत भारत भारती श्री यमुना जगन्नाथ इंटर कॉलेज, भरथुआ थाना खुखुंदू में महिला कल्याण विभाग द्वारा शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक नीतू भारती और मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को 181, 1098 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं ने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता का संकल्प लिया।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं को दी गई सुरक्षा व जागरूकता की जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा शनिवार को बाबू बच्चा सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, देवरिया कलां भटपुरवा में मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में सुरक्षा जागरूकता, आत्मनिर्भरता और नारी सशक्तिकरण की भावना को प्रबल करना रहा।इस अवसर पर उपनिरीक्षक कामेश्वर रावत, हेड कांस्टेबल राहुल मिश्रा और कांस्टेबल पंकज प्रेमी ने छात्राओं को बालिका सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), इमरजेंसी पुलिस नंबर (112), साइबर क्राइम से बचाव एवं महिला हेल्पलाइन (1090) जैसी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में छात्राएं बिना झिझक तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि यूपी पुलिस सदैव महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं से संवाद स्थापित कर फीडबैक फॉर्म भी भरवाए, जिसमें बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए और सुरक्षा संबंधी सुझाव दिए।फीडबैक के माध्यम से छात्राओं ने यह भरोसा जताया कि आपात स्थिति में यूपी पुलिस उनके साथ खड़ी है। मिशन शक्ति अभियान के तहत इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा का वातावरण तैयार करना तथा बालिकाओं को अपने अधिकारों व आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

## ओवरटेक के दौरान भीषण हादसा, एक की मौत, तीन घायल

**गोण्डा – बहराइच हाईवे पर आर्य नगर चौकी के सामने हुआ दर्दनाक सड़क हादसा**

**गोण्डा।** कौड़ियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आर्य नगर चौकी के सामने शुक्रवार की शाम ट्रक को ओवरटेक करते समय दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दत्तनगर निवासी शिवकुमार वर्मा (40) की इलाज के दौरान रात में मौत हो गई। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी कौड़ियां गोविन्द कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी सुनीता वर्मा और बेटे कुलदीप, संदीप का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गायत्री महायज्ञ के पहले पुष्प आधारशिला पत्रिका का राज्यपाल ने किया विमोचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट-** अखिल भारतीय गायत्री परिवार के द्वारा आयोजित धर्मक्षेत्र चित्रकूटधाम में 17 से 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले 151 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के पहले पुष्प के रूप में आधारशिला पत्रिका का विमोचन शनिवार की सुबह मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने किया। आधारशिला के विमोचन समारोह में महामहिम राज्यपाल ने कहा कि यह एक रचनात्मक कार्यक्रम है। ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिये। इन्हीं कार्यक्रमों से राष्ट्र के विकास को बल मिलेगा। वहीं मौजूद दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि पं श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने देश की सनातन ध्वजा पताका समूचे विश्व में फ्हराया है। गायत्री शक्ति पीठों की श्रंखला देश विदेश में सद्भावना का प्रचार और मनुष्य में देवत्व का उदय करने में प्रयासरत है। यही प्रयास भारत को एक बार फिर विश्व गुरू के रूप में स्थापित करेगा। गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक डां रामनारायण त्रिपाठी कि हम परम पूज्य गुरूदेव की सेना के एक छोटे से सिपाही है। स्थानीय शक्ति पीठ अपने गुरूदेव की कल्पना को साकार करने में गिलहरी जैसा प्रयास करने में लगी है। इस हेतु गायत्री परिजन तनम न धन से जुटे हुये हैं। इस कार्यक्रम में आधारशिला के संपादन से जुडे देश के जाने माने पत्रकार डॉ रवीन्द्र अरजरिया, डॉ संदीप रिछारिया सहित गायत्री परिजन पन्ना लाल अवस्थी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### समाधान दिवस पर डी.एम.एस.पी.ने कोतवाली सदर मे सुनी समस्याए



**लखीमपुर (खीरी)।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें।डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी विवेक तिवारी, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### रणंजय अध्यक्ष, नाज़ बानो उपाध्यक्ष, जगदानंद मंत्री, नेबूलाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित



**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा ब्लॉक संसाधन केन्द्र बांसी के सभागार में शनिवार को ब्लॉक स्तरीय अधिवेशन एवं शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अधिवेशन चुनाव अधिकारी/ पर्यवेक्षक राजेश यादव की देखरेख में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के दौरान निर्विरोध रूप से रणंजय मिश्र अध्यक्ष, नाज़ बानो उपाध्यक्ष, जगदानंद झा मंत्री और नेबूलाल कोषाध्यक्ष चुने गए। जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने सभी ब्लॉक स्तरीय नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि सेवाशर्तों की सुरक्षा, मान सम्मान और स्वाभिमान तथा सामूहिक समस्याओं के समाधान के लिए संगठन का सशक्त होना आवश्यक है। जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की बेहद कमी है, शिक्षा के अलावा ऑनलाइन बहुत सारे काम शिक्षकों से लिए जा रहे हैं, जो शिक्षकों को समाज में बदनाम करने की एक साजिश है, संगठन हर प्रकार के गैर शैक्षिक कार्यो के बहिष्कार के लिए संघर्ष करेगा। आप सबके हर समस्या का निदान होगा। उन्होंने निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उपस्थित अध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र, जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, संजय कन्नौजिया, दिलीप चौधरी, अनिल कुमार वरुण, सुभाष चन्द्र गुप्त, अमरनाथ मिश्र, अरमान मजरूह, इफ़्तिखारुनिशा, चित्रा त्रिपाठी, किरन देवी, सुमबुल अनीस, फरजाना मुस्तकीम निरुपमा पाठक आदि उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर मारने पीटने के मामले में कार्यवाही की मांग

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने देईपार गांव में कथित छेडखानी और शंका को लेकर हुई मारपीट के मामले में रामसुरेश पुत्र हरिराम की तहरीर पर रामनेवास पुत्र रामनरायन, अनेश पुत्र रामनेवास, बुधई पुत्र बनारस यादव, अमन यादव पुत्र झिनकू यादव, अलोक यादव पुत्र रामफेर यादव के विरूद्ध घर में घुसकर, गालिया देने मारपीट पर गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में नामजद मुकदमा दर्ज किया है।तहरीर में कहा गया है कि गत 6 अक्टूबर को देवी प्रतिमा विर्सजन के दौरान रोडवेज के आसपास मेले में छेडखानी के दौरान देईपार निवासी अनीस पुत्र राम नेवास को अज्ञात लोगों ने बुरी तरह से मारा पीटा, उनके परिजनों को शक हुआ तो दूसरे दिन 7 अक्टूबर को रामनेवास पुत्र रामनरायन आदि ने घर में घुसकर रामसुरेश, कृष्ण गोपाल पुत्रगण हरिराम, रामसुरेश की पत्नी गीता देवी और हरिराम को लाठी डण्डो से बुरी तरह से मारा पीटा। रामसुरेश और कृष्ण गोपाल के सिर में गंभीर चोटें आयी है। शिवसेना के जिला प्रभारी प्रमोद पाण्डेय ने प्रशासन से मांग किया कि दोषियों को गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को समुचित न्याय दिलाया जाय।

# दबंगों ने घर में घुसकर महिला को बेरहमी से पीटा हालत गंभीर मेडिकल में हुआ खेल

**●पीड़ित ने जिला अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर नवाबगंज अस्पताल में मेडिकल में मोटी रकम मांगने का आरोप लगाया है न देने पर उसे ना तो जिला अस्पताल भेजा गया न हीं उसका मेडिकल समुचित रूप से किया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली**/थाना क्योलड़िया क्षेत्र के गांव बरसिया की गुड्डी देवी पत्नी सतोष को मामूली से विवाद में दबंगों द्वारा घर में घुसकर बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया पीड़िता ने पुलिस को नाम जद तहरीर दी पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण हेतु नवाबगंज भेज दिया गया सूत्रों के अनुसार घायल महिला के सिर में एक दर्जन टांके भरे गए है मेडिकल ठीक करने के लिए मोटी रकम की मांग की गई । जिसे घायल गुड्डी देवी देने में असमर्थ रही तो उसका मेडिकल नॉर्मल चोट दर्शाकर छोड़ दिया गया इधर पीड़िता ने भी जिलाधिकारी बरेली वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है के मनगढ़ंत तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जिसमें भगवान दास प्रमोद कुमार महेंद्र पाल आदि को मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। जब के घायल महिला ने जिले के आल्हा अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है पुलिस द्वारा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ने मेरी मेडिकल में कोई भी चोट नहीं दिखाई गई है ना ही नवाबगंज अस्पताल से उस को जिला अस्पताल भेजा गया परंतु उसकी हालत बिगड़ने पर उसे निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां पर हुए सिटी स्कैन में उसके सिर में फैक्चर होना पाया गया है सूत्रों के अनुसार इस घटना की जांच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नवाबगंज पुलिस को सौंपी गई है परंतु पीड़िता महानगर के एक निजी अस्पताल में जीवन मौत से जूझ रही है ।

नवाबगंज के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अमित कुमार गंगवार से इस बाबत संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया पैसे मांगने की बात निराधार है परंतु गुड्डी देवी के मेडिकल में क्या लिखा गया है यह देखने के उपरांत ही बताया जा सकेगा जब पूछा गया महिला को जिला अस्पताल क्यों नहीं भेजा गया तो उन्होंने कोई भी जवाब नहीं दिया । पुलिस के अनुसार पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है मेडिकल के अनुसार कार्यवाही की जाएगी इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है इतनी चोट होने के बाद पुलिस ने अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं की इतना ही नहीं चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस पीड़ित के गांव निरीक्षक को नहीं पहुंची है। प्रभारी निरीक्षक क्यों लड़िया राजबली सिंह ने बताया पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है मेडिकल के आधार पर जो भी मामला प्रकाश में आएगा उसे विवेचना में सम्मिलित कर धाराएं बढ़ा दी जाएगी तहरीर बदलने पर भी उन्होंने कहा पुलिस को क्या जरूरत है तहरीर पर अंगूठा दशक्त किसने किए हैं यह भी स्पष्ट हो जाएगा यदि सिटी स्कैन में फैक्चर आया है तो वह धारा सम्मिलित की जाएगी अस्पताल में क्या हुआ इससे उनका कोई वास्ता नहीं है।

## कृषि विज्ञान केंद्र, जमुनाबाद, खीरी ने आयोजित किया पी एम धन - धान्य कृषि सहित 1100 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास प्रसारण कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, जमुनाबाद, लखीमपुर खीरी ने आज अपने कैंपस पर माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 1100 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का प्रसारण उत्साह पूर्वक देखा और कहां कि निश्चित तौर पर योजनाओं से हम लोगों का चतुर्दिक विकास होगा, लोगों को रोजगार मिलेगा, बेरोजगारी में कमी लाई जाएगी, प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी होगी जिससे हमारे जीवन स्तर में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। केंद्र के अध्यक्ष डॉ0 एस0 के0 विश्वकर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम से निश्चित तौर पर किसानों के बीच एक विश्वास विकसित होगा जिससे वह ग्रामीण विकास आधारित सभी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करेंगे और उन्हें एक नई दिशा मिलेगी जिससे उनकी आर्थिक, सामाजिक एवं वैचारिक दशा में सकारात्मक बदलाव होगा और रोजगार के नए-नए आयाम सृजित होंगे जिससे कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा दी जा रही विभिन्न तकनीकी जानकारी का लाभकारी प्रयोग होगा। केंद्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ0 प्रदीप कुमार बिसेन ने धान एवं गेहूं फसलों के साथ-साथ मोटा अनाज और दलहनी फसलों पर आधुनिक तकनीक द्वारा उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने पर तकनीकी जानकारी दी, उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक तकनीक के प्रयोग द्वारा ही यह कार्य संभव है, उन्होंने दलहन की विभिन्न प्रजातियों के बीज, बुवाई विधि, फसल सुरक्षा, कटाई एवं कटाई उपरांत सभी तकनीकी विधाओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी, उन्होंने बीज की विभिन्न श्रेणी के विषय में बताया और कहा कि निश्चित तौर पर अच्छे बीजों के प्रयोग से समय के समय समय पर प्रयोग करने से इसकी वजह से 15 से 20% उत्पादन बढ़ता है उन्होंने दलहन में आधुनिक तकनीक के विषय में बताया कि सर्वप्रथम बीज को कवकनाशी से उपचारित करें, तत्पश्चात कीटनाशक से और अंत में जैविक उर्वरकों से शोधित करके बुआई करें। डॉ0 बिसेन ने बीज की बुआई पंक्तियों में समय से करें, फसल को कीटों और बीमारियों से उपचार के बजाय उनके बचाव की तकनीक बताई। उद्यान वैज्ञानिक डॉ0 मोहम्मद सोहेल ने मशरूम उत्पादन, हाइड्रोपोनिक खेती, वर्टिकल और एयरोपोनिक खेती तकनीकों, पॉली हाउस / ग्रीन हाउस में सब्जी पौध उत्पादन के साथ साथ अन्य क्रिया कलापों के विषय में सविस्तार जानकारी दी। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ0 एन0 के0 त्रिपाठी ने टिकाऊ कृषि और उद्यान में पशुपालन एक बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है और आने वाले दिनों में इसकी उपयोगिता और भी बढ़ेगी के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। केंद्र के कृषि प्रसार वैज्ञानिक डॉ0 जिया लाल गुप्ता ने प्रोटीन की महत्ता के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रोटीन की कमी की वजह से ही विभिन्न प्रकार की लाइलाज जीवन शैली बीमारियां हो रही है जिसको दूर करने के लिए प्रोटीन का सेवन अति आवश्यक है जिसका दाल ही सर्वोत्तम स्रोत है।

# पटाखो के साथ अभियुक्पत गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पलिया (खीरी)-** पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा के निर्देशन में अवैध पटाखों के परिवहन/भंडारण में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन व थानाध्यक्ष पलिया पंकज त्रिपाठी के नेतृत्त्व में थाना पलिया की पुलिस टीम द्वारा 0 नफर अभियुक्त मो0 अनीश पुत्र हनीफ को दिनांक 10.10.2025 को अवैध पटाखों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की गयी। उपरोक्त गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी बरामदगी फर्द के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 410/2025 अन्तर्गत धारा 9 क्वविस्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। त्यौहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या विस्फोटक सामग्री के अनधिकृत भंडारण/परिवहन पर कड़ी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

नाम पता अभियुक्तः-मो0 अनीस पुत्र हनीफ निवासी मो) सिंगहिया कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी उम्र करीब 25 वर्ष। बरामदगी विवरणः- 1. छोटी फुलझड़ी48 पैकेट2. बडी फुलझड़ी19 पैकेट 3. अनार 04 पैकेट4. छोटा अनार 13 डिब्बा 5. स्काई शाट 1 पेटी 60 राउड 6. स्काई शाट 240 राउड 7. चिट पिट 21 डिब्बा 8. राकेट छोटा04 डिब्बा 9. बुलेट बम 14 डिब्बा10. बड़ी चटाई 06 डिब्बा 11. छोटी चटाई 65 पैकेट 12. मुन्ना पटाखा 75 पैकेट13. चकरी15 डिब्बा14. सूतली बम 0.5 डिब्बा15. राकेट बड़ा 02 डिब्बा । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-1. उ0नि0 प्रेमनारायण सरोज थाना पलिया जनपद खीरी।2. हे0कां) जितेन्द्र सिंह थाना पलिया जनपद खीरी।3. कां0 परीक्षित सैनी थाना पलिया जनपद खीरी।

## सिद्धार्थनगर में फर्जी ट्रक और कबाड़ स्क्रैप चोरी में तीन गिरफ्तार

**●पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से बिना नंबर प्लेट की डीसीएम ट्रक, 2 लाख नगद, 4 फर्जी नंबर प्लेट की बरामद**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर ।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र में फर्जी नंबर प्लेट वाली ट्रक पर लदा स्क्रैप और चालक के रहस्यमय ढंग से गायब होने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। मामला 4 अक्टूबर की रात का है। जब कस्बा बर्डपुर स्थित कन्हैया ट्रेडर्स की दुकान से लगभग 10 टन स्क्रैप लादकर पंजाब भेजने के लिए फर्जी नंबर प्लेट वाली डीसीएम ट्रक भेजी गई थी। अगले दिन जब व्यापारी और उनके सहयोगी ऊंची पेट्रोल पंप के पास ट्रक देखने पहुंचे, तो चालक और ट्रक दोनों गायब थे। जांच में पता चला कि ट्रक का नंबर फर्जी था और असली ट्रक हरियाणा में खड़ी है। चालक का ड्राइविंग लाइसेंस केवल दोपहिया वाहन के लिए था। जिससे पुलिस को शक हुआ कि यह पूरी साजिश पहले से रची गई थी। पुलिस ने गोरखपुर जिले के कैंपियरगंज निवासी ट्रांसपोर्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मोहाना रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस और थाना मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और फील्ड सर्विलांस के जरिये टीम ने केवल 48 घंटे में तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में सनोज मिश्रा पुत्र जीवन लाल उर्फ किशोर, प्रमोद मिश्रा पुत्र जीवन लाल मिश्रा उर्फ किशोर निवासी ग्राम बेहड़ी हुजूरपुर जनपद बहराइच, राहुल मिश्रा पुत्र पप्पू मिश्रा निवासी गायघाट थाना डीह जलान जनपद मुजफ्फरपुर शामिल हैं। अभियुक्तों के पास से बिना नंबर प्लेट वाली डीसीएम ट्रक, 2,00,120 रुपए और चार फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर ट्रांसपोर्टर के नेटवर्क के माध्यम से माल की चोरी करता था। गिरफ्तार आरोपियों के माध्यम से इस रैकेट का पर्दाफाश किया गया है।

### बना तो दिया राजकीय इंटर कॉलेज, पर जान जोखिम में बच्चों की



**मैलानी-खीरी।** उच्च शिक्षा और गुणवत्ता के लिए सरकार के प्रयास को नीचा दिखा रहे अधिकारी। बताते चलें कि ग्राम कंधईपुर में जंगल के किनारे की ही जमीन का मुआयना करने आए थे अधिकारी,इन्हें कोई और जगह नहीं मिली।जबकि तमाम जगह पर ग्राम पंचायत की जमीनें हैं और इन सबने बंदर बांट कर तालाब चूने और सरकार को रिपोर्ट भेज दी। विद्यालय बन गया,पर बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था देख सकते हैं,इस पर कोई प्रबंध नहीं।बात करने को कोई तैयार नहीं और अमली जामा पहना दिया गया,साथ में सब सही दिखा सरकार को अच्छी रिपोर्ट भेज दी गई।शायद इसलिए कि यह जमीन सस्ती मिली हो और सरकार द्वारा आया पैसा पूरा दिखा दिया गया हो। अब क्या इन बच्चों के साथ भी खिलवाड़ होगा? बताने की जरूरत कोई नहीं समझता।

# नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली**/क्यों लड़िया थाना दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया यहां पर फरियादियों की लंबी भीड़ जुटी नायव तहसीलदार द्वारा फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। यहीं पर शेष बची दो शिकायतों का पंजीकरण कर संबंधित को निस्तारण का निर्देश दिया गया यहां पर कई शिकायत है ऐसी आई जिनका इस थाने से कोई संबंध नहीं था उनको संबंधित थाने में जाने की सलाह दी गई यहीं पर भऊवा बाजार के प्रधान जुल्फिकार खा के द्वारा की गई झूठी शिकायत का सच उजागर हुआ इसमें गाटा संख्या 523 नवीन प्रती पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया था। यह मामला थाना दिवस में उठा न्याय तहसीलदार द्वारा गाटा संख्या 523 की नकल तालब की गई तो वह एक के नाम पाई गई इस पर नायब तहसीलदार द्वारा शिकायत को निराधार मानते हुए निरस्त कर दिया गया लेखपाल को निर्देशित किया गया इस झूठी शिकायत करने के बाबत एसडीएम को रिपोर्ट बनाकर दे जिससे जिलाधिकारी को भेजी जा सके ताकि झूठी शिकायतों पर अंकुश लगाया जा सकेगा यहां पर उपस्थित नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह प्रभारी निरीक्षक राजबली सिंह इंस्पेक्टर क्रीम शैलेंद्र कुमार वरिष्ठ उप निरीक्षक देशराज सिंह तोमर के साथ ही लेखपाल एवं कानूगो उपस्थित थे।

## समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों ने किया टूण्डला प्रेस क्लब अध्यक्ष का स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** समाजवादी पार्टी स्टेशन रोड़ स्थित कार्यालय पर टूण्डला प्रेस क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सोमेंद्र पौनिया का माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चंद्रवीर यादव व नगर अध्यक्ष मो. फहीम ने संयुक्त रूप से पत्रकारों की भूमिका उनके योगदान और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में पत्रकारिता का महत्व बढ़ चुका है। पत्रकार समाज के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करते हैं और समाज के हर मुद्दे को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने कहा कि समाज को जागरूक करना और सही जानकारी प्रदान करना पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य है। मुझे इस सम्मान से और अधिक प्रेरणा मिली है और में आगे भी अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा और सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक यादव, चंद्रवीर यादव, अजब सिंह यादव, अलकेश सविता, भोले शंकर निषाद, उदयवीर पोनियां,मोहम्मद फहीम नगर अध्यक्ष, मोहम्मद सनी, डॉ.राजू यादव, ओमप्रकाश दिवाकर,वीरेश यादव प्रधान, प्रकाश चंद्र यादव, अभिषेक यादव,मिट्ठू यादव,संजीव मेवाती शंकर लाल दिवाकर, गिरीश चंद्र यादव, एम डी राशीद, देशराज यादव, अमन यादव, लोकेश निषाद, बी.पी यादव,अंशु वाल्मीकि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता अशोक यादव ने की एवं संचालन नगर अध्यक्ष मोहम्मद फहीम ने किया।

## प्रधान और रानी शुक्ला की मिलीभगत से फर्जीवाडा होने के आरोप

**● फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनबाकर जमीन हडपने का मामला आया सामने**

**जिलाधिकारी,एस.डी.एम.,पुलिस अधीक्षक तथा सी एम.पोर्टल पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी -** जनपद खीरी के विकास खण्ड पसगवां की घपले और घोटाले तथा फर्जीवाडे के लिये बहुचर्चित ग्राम पंचायत खमरिया मे एक फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनाये जाने की सी.एम पोर्टल सहित डी.एम.एस.पी से शिकायत किये जाने का मामला सामने आया है। मामला कुछ इस प्रकार सेबताया जाता है कि आज से 30 वर्ष पहले की बात है जब अपने ननिहाल के संपत्ति पर रह रहे लक्ष्मीधर पुत्र रामसरे ने मैगलगंज में अपना आवास बना लिया और वहीं रहने लगे उनके दो पुत्र नित्यानन्द बाजपेयी व राहुल बाजपेई भी अपने परिजनो के साथ मैगलगंज मे निवास करते आ रहे है। नित्यानंद अपने परिवार के साथ पिता के जीवनकाल मे ही अलग रहने लगे वही राहुल माता पिता केसाथ रहते थे।सभी का मुल निवास मैगलगंज था यहा तक राशन कार्ड,वोटर आई डी ,आधार कार्ड,समेत सभी शैक्षिक एवंसमस्त अभिलेखीय प्रपत्रो मे मूल निवास मैगलगंज अंकित है।एस डी.एम. मितौली द्वारा राहुल वाजपेई को मगरगंज मूल निवासी निवास प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है।हाल ही मे राहुल की मृत्यु होने के बाद उसके नाम दर्ज कागजात जमीन हडपने की मंशा से राहुल की कथित पत्नी रानीशुक्ला,पुत्री राजेश शुक्ला ,दीपक शुक्ला उर्फ दीपू पुत्र राजेश शुक्ला निवासीगण मोहल्ला हाथीपुर,कृष्णानगर निकट दुर्बल आश्रम लखीमपुर खीरी ने विकास खंड पसगवां की चर्चित ग्राम पंचायत खमरिया के ग्राम प्रधान पूनम देवी के साथ योजना पद तरीके से साठगांठ करके रानी पत्नी राहुल बाजपेई निवासी खमरिया अंकित कर फर्जी निवास प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया।

मामले की जानकारी होने पर राहुल बाजपेयी के बडे भाई नित्यानंद बाजपेयी ने शासन प्रशासन से लिखित शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर फर्जी निवास प्रमाण पत्र जारी करने वाली ग्राम प्रधान पून. देवी ग्राम पंचायत खमरिया सहित तथ्यो को छिपाकर फर्जी निवास प्रमाण पत्र हासिल कर फर्जीबाडा करने वालो मे रानी शुक्ला,दीपक शुक्ला के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग की है। जिलाधिकारी खीरी समेत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत में शिकायतकर्ता नित्यानंद वाजपेई ने आरोप लगाया है की रानी शुक्ला पुत्री राजेश कुमार शुक्ला निवासी हाथीपुर मोहल्ला कृष्णा नगर निकट दुर्बल आश्रम लखीमपुर खीरी का लखीमपुर खीरी के राशन कार्ड में रानी शुक्ला का नाम दर्ज है और लगातार राशन का उठान भी किया जा रहा है।इतना ही नही इनके आधार कार्ड मे भी लखीमपुर शहर का उपरोक्त पता दर्जहै।वही राहुल बाजपेयी जन्म से लेकर मृत्यु तक कभी खमरिया मे नही रहे।राहुल के समस्त शैक्षिक दस्तावेजो और अन्य अभिलेखो मे मैगवगंज का पता दर्जहै यहांतक परिवार रजिस्टर भी मैगलगंज काहै। तो किस आधार पर राहुल का गलत पता अंकित कर निवास प्रमाण पत्र खमरिया का जारी किया गया अहम सवाल बना हु आ है।आखिर ग्राम प्रधान खमरिया नेकिस आई डी प्रूफ के आधार पर जारी किया निवास प्रमाण पत्र यक्ष प्रश्न बना है।शिकायत कर्ता ने ग्राम प्रधान पर भारी रिश्वत राशि लेकर फर्जी निवास प्रमाण पत्र जारी करने तथा अपने चहेती को अनुचित लाभ पहुचाने के लिये पद का दुरूपयोग करने का गंभीर आरोप लगाया है।मा.ले मे कई दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करते हुये मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जांच मे दोषी पाये जाने वाले लोगो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराये जाने की मांग की है।

## बगैर परमिशन मेला ग्राउंड में लगने लगी मेले की दुकाने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** श्री रामलीला मेला समिति को नगर पंचायत मेला मैदान में शुक्रवार को मेले के लिए दुकाने व झूले लगने से मेले के आयोजन को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है अभी तक नगर पंचायत मेला लगाने की परमिशन अभी नहीं दी है। लेकिन मेला मैदान में बाहरी दुकानदारों के सामान गिराने से कस्बे में चर्चा का विषय बन गया। बताते चलें कि सात अक्टूबर मेला कमेटी की बैठक में कस्बे में 23 अक्टूबर को सिंगाही रामलीला का भूमि पूजन की तिथि मेला कमेटी ने तय की है। श्री रामलीला मेला के कार्यक्रमों व खेल तमाशा झूले व दुकानदारों बाजार आदि से होने वाली है आय का ठेका की बोली 12 अक्टूबर को रामलीला मेला के धर्मशाला में होने का निर्णय कस्बे के वरिष्ठ नागरिकों उपस्थिति लिया गया था। मगर बिना परमिशन दुकानों के लगने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं कई स्थानीय व्यापारी ऐसे भी थे, जिन्होंने प्रतिबंध के चलते मेले में दुकान नहीं लगाई। मेले में दुकान लगना शुरू होने से वह भी दुविधा की स्थिति में थे। कस्बे के दुकानदार संशय में है कि मेला कमेटी द्वारा अपने चहेतों को गुपचुप तरीके से ठेका दे दिया जिससे मेला मैदान पर सामान उतरने लगा लेकिन जिससे दुकान दारो में रोष पनप रहा है।

सिंगाही नगर पंचायत प्रभारी अधिशासी अधिकारी/ उपजिलाधिकारी निघासन ने बताया की मेला मैदान में मेला लगाने की परमिशन नगर पंचायत से नहीं ली गई है मेला ग्राउंड पर दुकाने सजाने की जांच कर कराई जायेगी।

## दामाद पर बेटी की हत्या कर शव को गायब करने का लगाया आरोप

**● ससुराल से लापता हुई पत्नी की पति ने लिखवाई गुमशुदगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** करवा चौथ के एक दिन पहले अपनी ससुराल से लापता हुई पत्नी की पति ने लिखाई गुमशुदगी। विवाहिता की माता ने अपने दामाद पर बेटी की हत्या कर शव को गायब करने का आरोप लगाया है। विवाहिता चार बच्चो की मां है सिंगाही पुलिस घटना की जांच में जुटी है।शनिवार को चंद्रकली निवासी कटठौहा थाना पढुआ ने सिंगाही पुलिस को तहरीर देकर अपने दामाद पप्पू पर संगीन आरोप लगाकर बताया कि उसका दामाद पप्पू निवासी सिन्हौना शराबी प्रवृत्ति का व्यक्ति है वह हमारी लड़की राजकुमारी को आए दिन शराब पीकर मारता पिता था जिसकी कई बार मेरी बेटी ने शिकायत की लेकिन हमने मामले को नजअंदाज कल बेटी को समझा बुझा कर अपनी ससुराल में ही जीवन यापन करने की सलाह दी लेकिन 9 नवंबर को शराब में धुत होकर दामाद पप्पू ने बेटी की बेरहमी से पिटाई कर दी इसके बाद से मेरी बेटी का कहीं अता-पता नहीं है दामाद पप्पू ने बेटी को मारकर उसके सब को गायब कर दिया है।बताते चलें कि सिंगाही पुलिस ने पप्पू निवासी से सिन्हौना ने अपनी पत्नी राजकुमारी के गुम होने की गुमशुदगी एक दिन पहले सिंगाही पुलिस ने दर्ज की है।

सिंगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि राजकुमारी के गायब होने की सूचना मिलने पर उसकी गुमशुदगी दर्ज की गई है पप्पू की सास ने जो आरोप लगाए हैं उनकी जांच की जा रही है जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### आज 6 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**भदोही/चौरी** दिनांक 11 सितंबर 2025 शनिवार। विद्युत उपकेंद्र चौरी के अंतर्गत 11 केवी फीडर पर ऋष्ठस्स् योजना के अंतर्गत 12 सितंबर 2025 को जर्जर विद्युत पोल एवं तार बदलने का कार्य किया जाना है जिसके कारण 11:00 से 5:00 शाम तक विद्युत आपूर्ति 6 घंटे बंद रहेगी

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से कई झोपड़ियां जलकर राख

**दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू, ग्रामीणों ने जताई साजिश की आशंका**



चौरी थाना क्षेत्र के चक्र भूमिधर ग्राम सभा स्थित बनवासी बस्ती में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से कई झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। जानकारी के अनुसार, रात करीब 12 से 1 बजे के बीच अचानक सुदामा देवी, रामलाल, वीरेंद्र, छोटेलाल, जमुना, दिनेश और इंद्रावती की झोपड़ियों में आग भड़क उठी। आग की लपटें देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल दमकल विभाग और चौरी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि किसी शरारती तत्व द्वारा जानबूझकर आग लगाई गई है, जिससे बस्ती में दहशत का माहौल है। इस घटना को लेकर ग्रामीण तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं। फिलहाल पीड़ितों की ओर से चौरी पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि आज भदोही जिले में मुख्यमंत्री का आगमन प्रस्तावित है, और दौरे से ठीक पहले इस तरह की घटना होने से प्रशासन भी सतर्क हो गया है।

### क्षेत्राधिकारी भदोही द्वारा सुरियावा नगर में किया गया पैदल ग्रस्त



**भदोही/सुरियावा** 11 सितंबर 2025 शनिवार को शासन के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी भदोही अशोक कुमार मिश्रा व थाना अध्यक्ष सुरियावा अजीत कुमार श्रीवास्तव के द्वारा सुरियावा नगर के विभिन्न हिस्सों में पैदल ग्रस्त कर लोगों को शांति व सुरक्षा का एहसास दिलाया तथा बताया गया की शांति व सुरक्षा भंग करने वाले अराजक तत्वों पर विशेष निगाह रखी जा रही है

### बुद्ध विहार का अधिग्रहण रोकने के संबंध में ज्ञापन



**चुनार मिर्जापुर।** बौद्ध महासभा सुषमारगिरी ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार इवेंद्र सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि तथागत बुद्ध विहार भीटी रामनगर वाराणसी उत्तर प्रदेश में जहां पर बौद्ध उपासक आते हैं उसी परिसर में राष्ट्रीय चिन्ह सम्राट अशोक का लाट 32 फीट ऊंचा लगा है ।बुद्ध विहार के आसपास अन्य धर्म का भी धार्मिक स्थल है।रामनगर वाराणसी उत्तर प्रदेश में बंदरगाह बन रहा है जिसके कारण बंदरगाह के आसपास की जमीन के अधिग्रहण की योजना है ।यदि ऐसा होता है तो बुद्ध विहार नष्ट हो जाएगा तथा उपासकों को भावनात्मक अपूर्ण क्षति होगी। इसलिए बुद्ध विहार तथा आसपास की जमीन को अधिग्रहण मुक्त किया जाना चाहिए। इस दौरान राजकुमार सिंह एडवोकेट, अशोक सिंह एडवोकेट, रंग बहादुर सिंह, देवराज एडवोकेट, सुनील कुमार एडवोकेट, राजेश कुमार सोनकर एडवोकेट उपस्थित रहे।

# रविवारभदोही-मिर्जापुर और वाराणसी देश के प्रमुख कारपेट क्लस्टर- योगी

**● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया 49वें इंडिया कारपेट एक्सपो का किया शुभारंभ**

**भदोही की कालीन हुई विश्व विख्यात 88 देशों के 300 बायर्स पहुँचे कालीन नगरी**

**काशी नरेश महाविद्यालय जल्द ही बनेगा विश्वविद्यालय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही, 11 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार कालीन नगरी भदोही में 49वें इंडिया कारपेट एक्सपो का उद्घाटन फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भदोही, मिर्जापुर और वाराणसी देश के प्रमुख कारपेट क्लस्टर हैं। जिन्होंने न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश को वैश्विक पहचान दिलाई है। कालीन उद्योग लाखों परिवारों की आजीविका का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे प्रोत्साहित करने के लिए 'इंडिया एक्सपो मार्ट' की स्थापना कराई। इसका उद्देश्य था कि यहां के बुनकरों को विश्व बाजार से सीधा जोड़ने का अवसर मिले।

चार दिवसीय यह आयोजन 11 से 14 अक्टूबर तक कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (CEPC) के तत्वावधान में इंडिया एक्सपो मार्ट परिसर में शुरू हुआ है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बुनकरों और उद्यमियों से संवाद किया। उनकी समस्याएँ जानीं और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस आयोजन ने हैंडमेड कालीनों के वैश्विक व्यापार में उत्तर प्रदेश को नई पहचान दिलाई है। अब विदेशी खरीदार सीधे भदोही आते हैं, यहीं के बुनकरों से संवाद करते हैं और यहीं से निर्यात के अनुबंध संपन्न होते हैं यह भदोही के गौरव की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार परंपरागत उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्ष 2018 में शुरू हुई वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) योजना इसी दिशा का बड़ा कदम थी। उन्होंने बताया कि भदोही के कालीन उद्योग को ODOP योजना में शामिल कर विशेष सुविधाएं दी गई। उन्होंने कहा कि "प्रदेश में जो भी पारंपरिक शिल्पकार या बुनकर कार्य कर रहे हैं, सरकार उन्हें सामाजिक सुरक्षा, प्रशिक्षण, डिज़ाइन और ब्रांडिंग में सहयोग दे रही है। हर पंजीकृत बुनकर को 5 लाख रुपये की सुरक्षा गारंटी दी गई है," उन्होंने बताया कि सरकार लगातार तकनीक और बाजार की माँग के अनुसार डिज़ाइन नवाचार पर बल दे रही है ताकि उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़े।

मुख्यमंत्री योगी ने केंद्र सरकार के हालिया जीएसटी सुधारों को व्यापार और उद्योग जगत के लिए ऐतिहासिक बताया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार के इंडिया कारपेट एक्सपो में 88 देशों से 300 से अधिक विदेशी खरीदार शामिल हुए हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी है। आज जो दृश्य भदोही में है, वह दस वर्ष पहले कोई सोच भी नहीं सकता था। विदेशी खरीदार अब सीधे भदोही आकर स्थानीय बुनकरों से व्यापार कर रहे हैं। यह आत्मनिर्भर भारत की भावना का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों ने भारत को वैश्विक व्यापार के लिए आकर्षक गंतव्य बनाया है। भारत सरकार ने हाल के वर्षों में यूएई और यूके सहित कई देशों से व्यापारिक समझौते कर निर्यात संभावनाओं को और मजबूत किया है।



मुख्यमंत्री ने भदोही के शैक्षणिक विकास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि काशी नरेश कॉलेज को विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। इससे क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के साथ-साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण भी मिलेगा। यह विश्वविद्यालय कारपेट क्लस्टर को कुशल जनशक्ति उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि भदोही न केवल कालीन उद्योग का केंद्र बने, बल्कि कौशल और तकनीकी नवाचार का भी हब बने।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भदोही की कालीन केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। यह उद्योग सदियों पुरानी विरासत का संवाहक है। यहां के बुनकरों की मेहनत, कौशल और कला ही भदोही की पहचान है। एक्सपो जैसे आयोजन इस विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिला रहे हैं। भदोही की कालीन भारत की सांस्कृतिक पहचान मुख्यमंत्री ने सभी विदेशी प्रतिनिधियों, बुनकरों और आयोजकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर और सशक्त बनाएगा।

### मामूली विवाद में युवक ने की आत्महत्या



चौरी थाना क्षेत्र के जमुआ निवासी लालजी वनवासी के पुत्र धर्म उर्फ ब्लू (27 वर्ष) ने बीती रात कथित रूप से मामूली विवाद के बाद अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों के अनुसार धर्म खेती-बाड़ी का कार्य करता था। बताया जा रहा है कि देर रात वह घर से निकल गया और पर्सीपुर रेलवे स्टेशन के समीप डाउनलाइन ट्रैक पर किसी ट्रेन के सामने कूद गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तथा शव की पहचान की। स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने पर चौरी थाना पुलिस भी पहुंची, लेकिन मामला जीआरपी क्षेत्राधिकार का होने के कारण शव को जीआरपी ने अपने कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। गांव में घटना से शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मिशन शक्ति केंद्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किया जा रहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत" अभिमन्यु मांगलिक" पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों/मिशन शक्ति टीम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत विद्यालयों, प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत बालिकाओं व महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच/बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया। महिलाओं/बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हैल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### अन्तर्राष्ट्रीय कालीन मेला शुभारम्भ कार्यक्रम को सफल बनाने पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों, मीडिया बन्धुओं, भदोहीवासियों को डीएम व एसपी ने दी बधाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** विश्व प्रसिद्ध कालीन नगरी भदोही की हस्तनिर्मित कालीन की सांस्कृतिक विरासत एवं बुनाई कौशल को बढ़ावा देने के लिए कालीन निर्यात सवर्धन परिषद (सी0ई0पी0सी0) एवं जिला प्रशासन द्वारा कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी भदोही में आयोजित चार दिवसीय (11-14 अक्टूबर) 49वें इण्डिया एक्सपो मार्ट/चौथे अन्तर्राष्ट्रीय कालीन मेला का मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी द्वारा दिव्य व भव्य शुभारम्भ कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी मा0 जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों, पुलिस कर्मियो, मीडिया बन्धुओं, जनपदवासियों आयोजन पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने उनका आभार व्यक्त करते हुए बधाई व धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में जनपदीय प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यक्रम के विभिन्न स्थलों पर ड्यूटी लगाते हुए उन्हें तैनात किया गया था। जिसका सभी सम्बन्धित अधिकारियों ने बाखूबी उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा जनपद के पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के आलावॉ दूसरे जनपद के भी पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी गई थी। सभी ने कर्तव्य परायणता के साथ आवंटित कार्यो का अनुशासनात्मक व प्रसशनीय दायित्व



निभायॉ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी का विशेष योगदान सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों पुलिस कर्मियों, मीडियॉ कर्मियों, जनपदवासियों, का भी योगदान रहा।

## मोबाइल दिलाने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी

**● ठग के उपर कार्वाही करने के बजाय पुलिस ने कराया सुलह**

**सुलह समझौता के बाद भी ठग ने नहीं दिया पैसा पीड़ित ने फिर दिया थाने पर प्रार्थना पत्र किया कार्रवाई का मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बरबसा गहरवार गांव निवासी रामपाल पुत्र छोटे लाल ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि हम प्रार्थी का लड़का अतुल कुमार से मोबाइल दिलाने के नाम पर कई किस्त में विपक्षी संतोष शर्मा उर्फ रूज्जे पुत्र जुगल शर्मा निवासी ग्राम उपरोक्त ने 55000 माह जनवरी 2025 में लिया था किंतु अभी तक मोबाइल नहीं दिलाया और ना ही पैसा वापस किया जिसकी सूचना पूर्व में




थाने पर दिया था तो उक्त विपक्षी ने 11-5-2025 को 25000 व दिनांक 10- 6-2025 को 12500 रुपए व दिनांक 10.-7-.2025 को 125 00 देने के लिए बोला और इसी बात पर सुलह समझौता किया गया था किंतु उक्त विपक्षी एक भी पैसा वापस नहीं किया और मौके से बाहर भाग गया जब मैं प्रार्थी को फोन लगाया तो हमारा नंबर ब्लैक लिस्ट मे डाल दिया। पीढ़ीत ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई का मांग किया है पिढ़ीत ने बताया की काफी दिन से इतजार करते करते थक गया हम अपनी लडकी की शादी पैसे के अभाव मे नही कर पाया। हमे न्याय चाहिए?

### तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित



**चुनार मिर्जापुर।** कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को तहसीलदार ईवेन्द्र कुमार सिंह व पुलिस उपाधीक्षक मंजरी राव ने सुना। ऐबकपुर मोहाना निवासी केशलाल सोनकर ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आराजी नंबर 266 रकवा 0.1010 हे0व आ0नं0267 रकवा 0.2780 हे0का मालिक है और काबिज दखिल है।पैमाइश के बाद सीमांकन किया गया था मुहल्ले के कल्लू यादव, सुनील, रवि व पप्पू द्वारा पत्थर गड्ढी को उखाड़ कर फेक दिया गया है।इस दौरान कोतवाल विजय शंकर सिंह व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत नारी शक्ति संवाद का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शनिवार को मिशन शक्ति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में "नारी शक्ति संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिला स्वावलंबन एवं उन्नति हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य प्रो (डॉ0) माधवी शुक्ला ने कहा कि मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रम महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।ऐसे आयोजन छात्राओं को समाज में अपनी भूमिका को सशक्त रूप से निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कन्या सुमंगला योजना प्रभारी डॉ रीता मिश्रा रहीं, जिन्होंने छात्राओं को महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना, साइबर सुरक्षा, वन स्टॉप सेंटर, दहेज एक सामाजिक हिंसा, बाल विवाह प्रतिषेध, घरेलू हिंसा, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल श्रम और विभिन्न आत्मनिर्भरता योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ शिखा तिवारी,धन्यवाद ज्ञापन डॉ विद्या सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं सहित शिक्षणेतर कर्मचारी और लगभग 90 छात्राओं एवं 16 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

### नशा मुक्त भारत अभियान रथ को राजबहादुर सिंह ने शिव बाबा की आरती कर किया रवाना



**चुनार मिर्जापुर।** नगर के लोअर लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार में शुक्रवार को 90 दिवसीय मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान रथ को राजदीप महाविद्यालय कैलहट के प्रबंधक इंजीनियर राजबहादुर सिंह द्वारा शिव बाबा की आरती कर रवाना किया गया। रथ शिवपुर,बाराडीह,बड़ागांव उदितनगर इत्यादि गांवों में पहुंचा जहां लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान को अपना सहयोग और समर्थन प्रदान किया। रथ पर एल ई डी स्क्रीन पर लगे कुंभकर्ण की झांकी के माध्यम से लोगों को नशा मुक्त अभियान से अवगत कराया गया।संस्था की बहनों ग्रामवासियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस दौरान ज्योति प्रकाश सिंह,सुरेंद्र सिंह पटेल, जिलाजीत सिंह, शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी बीनू, सह प्रभारी तारा, सुनीता दीपिका, शालिनी, विद्या, गूंजा, ब्रह्मकुमारदीपेंद्र, पंकज, जगदीश, सत्यनारायण, श्यामसुंदर, कैलाश, वैभव, बद्री, त्रिभुवन, आनन्द, राजेश, आदि उपस्थित रहे।

## संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे विंध्याचल बस्ती मे निकला पथ संचलन

**● संघ बिना किसी स्वार्थ के राष्ट्र सेवा के कार्य में निरंतर लगा है- डा. कुलदीप पाण्डेय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य मे शस्त्र पूजन एवं बौद्धिक के उपरान्त विंध्याचल बस्ती मे पूर्ण गणवेशधारी स्वयसेवको ने पथ संचलन निकाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता काशी प्रांत के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉक्टर कुलदीप पांडेय जी का पाथेय प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता श्री पाण्डेय द्वारा अध्यक्ष राकेश शुक्ला, विंध्याचल विभाग के विभाग संघचालक एडवोकेट तिलकधारी के साथ शस्त्र पूजन करके किया गया। तत्पश्चात स्वयसेवको को संबोधित करते हुए उन्होने कहाकि वर्ष 1925 में विजयदशमी के दिन आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य व्यक्ति के चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। संघ बिना किसी स्वार्थ के राष्ट्र सेवा के कार्य में निरंतर लगा है। उन्होंने कहाकि पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में व्यापक बदलाव लाकर राष्ट्र को सशक्त, संवेदनशील और संस्कारित बनाना ही संघ का उद्देश्य है।

इस अवसर पर जिला संघचालक शरद चंद्र, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य मिलन, सह नगर कार्यवाह शैलेश, नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख अखिलेश व सह शारीरिक प्रमुख अर्जुन ने संचलन को सुचारू रूप से कार्यक्रम स्थल तक संपन्न कराया। मुख्य शिक्षक आलोक तिलक एवं सहयोगी मधुकर, सह नगर कार्यवाह आलोक, सामाजिक समरसता प्रमुख दीपक तिलक,




जिला प्रचार प्रमुख अनिल व्यवस्था में लगे रहे। कार्यकर्तागण भावेश, शुभम, महेंद्र, सोना, विकाश, रामलाल, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोहन लाल श्रीमाली, शिवराम, आदर्श, कृष्ण कुमार, मनोज, अमन, रोहित, लाल, लक्ष्मी नारायण, वेद पाठशाला के प्रधानाचार्य अगस्त, अश्वनी आदि स्वयंसेवक बंधुओं ने पथ संचलन किया।

## विन्ध्य कायस्थ परिवार "याद किए गए जय प्रकाश नारायण"

**● "आज जय प्रकाश नारायण के बताए रास्ते पर चल रहा है देश"**

**मीरजापुर।** जय प्रकाश जी कि जयंती के अवसर पर जनपद के प्राचीन श्री चित्रगुप्त मंदिर बरियाघाट पर विन्ध्य कायस्थ परिवार द्वारा आयोजित जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री चित्रगुप्त सभा बरियाघाट के अध्यक्ष श्री सुधांशु अस्थाना जी ने किया, बतौर अध्यक्ष श्री जय प्रकाश नारायण जी के जयंती गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री अस्थाना जी ने कहा की, जय प्रकाश नारायण जी का सम्पूर्ण जीवन देश, समाज और क्रान्ति को समर्पित रहा। कार्यक्रम में मुख्य बक्ता के रूप में विन्ध्य कायस्थ परिवार के संस्थापक शिवम श्रीवास्तव (Advocate) ने कहा कि जय प्रकाश नारायण जी भारतीय स्वतन्त्रता, संग्राम सेनानी और राजनेता थे। उन्होंने 1970 में इंदिर। गाँधी के विरुद्ध विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता हैं। उन्होंने उस समय के बर्तमान सरकार को हटाने के लिए सम्पूर्ण क्रान्ति नामल आन्दोलन चालाबा था। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे जय प्रकाश नारायण जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन



अर्पित किया गया। कार्यक्रम में, दिव्याश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव. अंकुर श्रीवास्तव, सुशील श्रीव श्रीवास्तव, मुकेश, पप्पन जी आदि लोग उपस्थित।

### पटाखों के अवैध भंडारण पर कठोर कार्रवाई के संबंध में समीक्षा कर दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश

**आर0पी0सिंह0ऋ द्वारा परिक्षेत्र के समस्त पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से आगामी धनतेरस, दीपावली, डाला छठ आदि त्योहारों की तैयारियां व जनपदों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा विस्फोटक,पटाखों की दुकानों,गोदामों के सत्यापन के दिए गए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर ''आर0पी0 सिंह"द्वारा परिक्षेत्र के समस्त पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से आगामी धनतेरस, दीपावली गोवर्धन पूजा, भाई-दूज, छठ पूजा आदि पर्वों पर आम जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी अधीनस्थों को अपने-अपने जनपद के थाना क्षेत्रों में सर्राफा बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों,चौकों तथा मुख्य मार्गों पर अधिक से अधिक पुलिस बल के साथ पैदल गस्त करते हुए संदिग्धों के सत्यापन एवं असामाजिक तत्वों की धरपकड़ करने के निर्देश दिये गये। स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारी, कर्मचारीगण को सतर्क किया जाय । विभिन्न असामाजिक अवाँछनीय एवं सम्प्रदायिक तत्वों पर सर्तक दृष्टि रखने एवं विभिन्न अभिसूचना इकाई के माध्यम से प्राप्त होने वाली लाभप्रद सूचनाओं के आधार पर समय रहते प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कराने, सोशल मीडिया पर प्रसारित (वायरल) होने वाली खबरों गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने के भी निर्देश दिये गये। यह भी निर्देशित किया गया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत ढ़ाबा, होटल, बस स्टैंड आदि संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी चेकिंग किया जाए। परिक्षेत्र के थाना क्षेत्रों में संदिग्ध स्थानों को चिन्हित कर वाहन चेकिंग की जाए, साथ ही बैंक,ए.टी.एम के आस-पास भी विशेष चेकिंग कराई जाए।

इस दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि आगामी दीपावली पर्व पर पटाखों की दुकाने लगायी जाती है इसलिए यह आवश्यक है कि विस्फोटक,पटाखों की दुकानों,गोदामों के सत्यापन एवं पटाखों के अवैध भंडारण पर कठोर कार्रवाई की जाये पटाखों के निर्माणकर्ताओं के लाईसेंस चेक किये जायें एवं यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी दशा में पटाखों का अवैध भण्डारण न होने पाये। चेकिंग की प्रक्रिया सही दिशा निर्धारित मानक के अनुसार ही पूर्ण किया जाए। चिन्हित उपद्रविदियों, अराजक तत्वों को पाबंद किया जाए और माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता बरती जाए। शासन एवं मुख्यालय द्वारा त्योहार के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करायें तथा यह सुनिश्चित करें की आगामी त्योहार सकुशल एवं शांतिपूर्ण



वातवरण में सम्पन्न हो।

उक्त के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा को शांति एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु ÷आईजी÷ द्वारा परीक्षा के मद्देनजर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गयी । परीक्षा को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने, सीसीटीवी कैमरों को चेक करने, परीक्षा में फर्जीवाड़ा पर पूर्णतया रोक लगाने और परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के कड़े प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कहीं भी फर्जीवाड़ा की सूचना प्राप्त होने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाए। जनपद में यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लें। परीक्षा केंद्रों पर लगाये जाने वाले फोर्स को ब्रीफ कर उचित दिशा-निर्देश देते हुए शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये गये।

## संक्षिप्त खबरें

### जदयू के तीन बड़े नेता राजद में शामिल

**प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड को बड़ा झटका लगा है। शुक्रवार को तीन प्रभावशाली नेता राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए, जिससे बिहार की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। तेजस्वी यादव की मौजूदगी में पूर्णिया के पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, जहानाबाद के पूर्व विधायक राहुल शर्मा और बांका के मौजूदा जेडीयू सांसद गिरधारी यादव के बेटे चाणक्य प्रकाश ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा अजय कुशवाहा (लोजपा के पूर्व प्रत्याशी) भी शामिल हुए। तेजस्वी यादव ने कहा, "मुझे विश्वास है कि इनके पार्टी में आने से दल मजबूत होगा और सामाजिक न्याय की विचारधारा भी मजबूत होगी... अब हमारे चाचा अचेत अवस्था में हैं। जदयू और बिहार अब नीतीश कुमार जी नहीं चला रहे हैं बल्कि भाजपा चला रही है..." बिहार विधानसभा में 243 सीटें वोटिंग होनी है। पहले चरण में 6 नवंबर 2025 को मतदान होगा। दूसरे चरण का चुनाव मंगलवार 11 नवंबर 2025 को होगा। पहले फेज में कुल 121 सीटों के लिए वोटिंग होगी वहीं, दूसरे फेज में कुल 122 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग होगी। इसके नतीजे 14 नवंबर 2025 दिन शुक्रवार को आएंगे।

### तीन दिनों बाद घर से लापता किशोरी घर लौटी, सहेली के साथ गई थी शहर घूमने



**प्रयागराज यमुनापार।** मेजा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव से तीन दिनों पहले लापता हुई किशोरी कल्पना गौड़ (12वर्ष) सकुशल अपने घर लौट आई है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और स्थानीय पुलिस उसकी तलाश जोरों से कर रही थी।शिववंश राय का पूरा,रामनगर के रहने वाले धीरज गौड़ की बेटी कल्पना गौड़ तेसहिता गांव स्थित एक कन्या पाठशाला में पढ़ती है। तीन दिनों पहले वह सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परेशान होकर परिजनों ने उसे रिश्तेदारों व हर संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पिता धीरज गौड़ ने मेजा थाने में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने भी थाना क्षेत्र में कई स्थानों पर बैनर पोस्टर लगाए, और सक्रियता से किशोरी की खोजबीन शुरू की, लेकिन शुक्रवार शाम को अचानक बेटी अपने घर लौट आई। परिजनों के पूछताछ करने पर छात्रा ने बताया कि वह अपनी सहेली प्रियांशी के साथ शहर घूमने चली गई थी। जहां अचानक वह उससे बिछड़ गई थी।

### दस्यु गिरोह के 4 सदस्यों को 10-10 साल की सजा और 2-2 लाख का जुर्माना



**प्रयागराज।** मुठभेड़ में मारे गए कुख्यात दस्यु ठोकिया के भाई और चाचा समेत 4 आरोपियों को विशेष न्यायालय ने 1010 साल की कारावास की सजा व सभी को 2-2 लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा और वरिष्ठ लोक अभियोजक संगीता सिंह के अनुसार,12 अगस्त 2005 को तत्कालीन कर्वी कोतवाली प्रभारी हरिनाथ शर्मा ने ठोकिया और उसके गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभियोजन के अनुसार,17 मार्च 2003 को ठोकिया अपने गिरोह के साथ बगैहा गांव पहुंचा था और राजू पटेल के घर पर गोलियां चलाकर तीन लोगों की हत्या कर दी थी। घर में आग लगाने और फायरिंग करने पर दो महिलाएं व एक पुरुष दम घुटने से मारे गए थे। इस नरसंहार में कुल 6 लोगों की जान गई थी। इसके अलावा 29 अक्टूबर 2004को गिरोह ने सरकारी नौकरी से लौट रहे पुलिसकर्मी रामलाल पाल और रामसजीवन पाल की हत्या कर सरकारी राइफलें और 100 कारतूस लूट लिए थे। ठोकिया गिरोह पर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में हत्या, अपहरण सहित अन्य गम्भीर अपराधों के लगभग 50 मुकदमे दर्ज थे। एसटीएफ द्वारा 22 जुलाई 2007 को दस्यु ददुआ की मुठभेड़ में हत्या के बाद ठोकिया गिरोह ने पुलिस से बदला लेने के लिए हमला किया था, जिसमें 6 एसटीएफ कमांडो शहीद हुए थे और एक मुखबिर की भी हत्या कर दी गई थी। विशेष न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने सुनाए गए अपने निर्णय में ठोकिया के भाई कलेश,चाचा नत्थू, राममिलन और हीरालाल को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# थाना लालापुर हेड कांस्टेबल भरत यादव (कारखास) की धमक के आगे बौने हुए सम्बंधित अधिकारी

● ट्रांसफर के बाद भी कुर्सी पर कायम।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज यमुनानगर।** लालापुर थाना परिसर में इन दिनों एक नाम चर्चा का विषय बना हुआ है – भरत यादव सूत्रों के अनुसार, हेड कांस्टेबल भरत यादव का ट्रांसफर हो जाने के बावजूद वह अभी भी लालापुर थाने में "कारखास" के पद पर सक्रिय हैं। वर्ष 2019 में भी यही सिपाही लालापुर थाने में कारखास रहे थे, और अब 2025 में दोबारा उसी कुर्सी पर कब्ज़ा जमाए हुए हैं। 03/10/2025 को ट्रांसफर आदेश जारी हो चुका है, फिर भी भरत यादव ने थाने में अपनी मौजूदगी बनाए रखी है। सवाल उठता है- आखिर"सेटिंग" कहां से है? जानकार सूत्रों के अनुसार, भरत यादव के पास कई थानों में कारखासी और अवैध कार्यों का लंबा अनुभव है। पहले शंकरगढ़ में भी इसी भूमिका में रहे हैं, जहां उनके कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे। सूत्रों का कहना है कि लालापुर प्रभारी को पूरी जानकारी होने के बावजूद उन्हें फिर से कारखासी की जिम्मेदारी दी गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि या तो कारखास की पहुंच बहुत ऊँची है, या फिर अधिकारी खुद इस खेल से अनजान नहीं।

**स्थानीय लोगों में आक्रोश।**

क्षेत्र के लोगों में "भरत यादव को लेकर असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों और सूत्रों का कहना है कि जब किसी पुलिसकर्मी का ट्रांसफर हो चुका है, तो फिर उसे उसी थाने में काम करने की अनुमति कैसे?

**राजनीतिक और विभागीय दबाव**

सूत्र बताते हैं कि भरत यादव ने अपनी कारखासी बरकरार रखने के लिए कई नेताओं और विभागीय अधिकारियों से थाने पर कॉल करवाए हैं, जिससे थाना प्रभारी पर दबाव बना रहे। वहीं, दूसरे नंबर के कारखास राधा मोहन भी इस पूरे सिस्टम में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं।

**पत्रकारों द्वारा पूर्व में भी उठाया गया था मुद्दा**

इससे पहले भी इसी विषय पर पत्रकारों द्वारा खबरें प्रकाशित की गई थीं,जिस पर अधिकारियों ने रिपोर्ट तलब की थी और यह आश्वासन दिया गया था कि जिन सिपाहियों की रिपोस्टिंग हुई है, उन्हें तत्काल हटाया जाएगा।

### पूजा शकुन पांडे गिरफ्तार, अवैध संबंध और पार्टनरशिप के लिए कराई थी अभिषेक गुप्ता की हत्या

**ब्यूरो प्रयागराज।** अभिषेक गुप्ता मर्डर केस की मुख्य आरोपी और 50 हजार की इनामी पूजा शकुन पांडे को अलीगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पिछले कई दिनों से उसकी तलाश में थी। आखिरकार, राजस्थान में पूजा की लोकेशन मिली, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अलीगढ़ पुलिस ने पूजा शकुन पांडे के ऊपर 50 हजार का इनाम भी रखा था। जूना अखाड़े की पूर्व महामंडलेश्वर पूजा शकुन पांडे उर्फ डॉक्टर अन्नपूर्णा भारती के ऊपर आरोप है कि उसने अवैध संबंधों और टीवीएस शोरूम में हिस्सेदारी की मांग ना पूरी होने पर अभिषेक गुप्ता की हत्या कराई थी। अलीगढ़ में अभिषेक गुप्ता की हत्या 26 सितंबर की रात को हुई थी। बाइक पर आए दो शूटरों ने उसे गोली मारी थी। इस मामले में पूजा शकुन पांडे के पति अशोक पांडे और गोली चलाने वाले दो शूटरों से से एक फजल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अभिषेक के साथ पूजा के अवैध संबंध थे और वह उससे जिद करती थी कि वो उसके साथ रहे। इसके बाद जब पूजा ने अभिषेक के टीवीएस शोरूम में भी हिस्सेदारी मांगी, लेकिन जब उसने पूजा का नंबर ब्लॉक कर दिया तो सुपारी देकर उसकी हत्या करा दी गई।

## शिक्षक और स्नातक चुनाव में कांग्रेस11 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद शिक्षक और स्नातक चुनाव में सपा के बाद कांग्रेस ने भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी 11 सीटों पर चुनाव अकेले लड़ने का एलान किया है।

पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं और शिक्षकों की आवाज को सदन में बुलंद करने के लिए आगामी विधान परिषद चुनाव में सभी 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. इसके लिए कांग्रेस 5 लाख स्नातक के तथा 2 लाख शिक्षक मतदाताओं के फार्म भरवाकर वोटर बनवाने के कार्य में जुट गई है. सभी जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को फार्म वितरित कर दिए गए हैं. चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ में एक कनेक्ट सेंटर स्थापित कर दिया गया है. प्रत्येक जिले में एक कोऑर्डिनेटर कमेटी बनाया जाएगा जो कनेक्ट सेंटर से जुड़ा रहेगा. सभी फ्रंटल, संगठनों को इसमें लगाया गया है विधि, शिक्षक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ को इस चुनाव के लिए विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अजय राय ने बताया कि इसके साथ ही सभी सीटों पर सांसदों/विधायकों, पूर्व सांसदों/विधायकों एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को प्रभारी बनाया जा रहा है। उनके साथ सह प्रभारी भी नियुक्त किए जा रहे हैं। एमएलसी चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में जिलों में बैठकें आयोजित होंगी। कांग्रेस की सभी जिला/ब्लाक कमेटियां वोट बनवाने से लेकर वोट पोल कराने तक का कार्य करेंगी।

अजय राय ने कहा कि प्रत्येक सीट पर चुनाव की तैयारी कर रहे संभावित प्रत्याशियों को कोऑर्डिनेटर घोषित किया जा रहा है. अभी तक 5 सीटों पर कोऑर्डिनेटर प्रत्याशी बनाए जा चुके हैं. मेरठ-सहारनपुर स्नातक विधान परिषद सीट पर विक्रांत वशिष्ठ, आगरा स्नातक विधान परिषद सीट पर रघुराज सिंह पाल, लखनऊ स्नातक विधान परिषद सीट पर डॉ. देवमणि तिवारी, वाराणसी शिक्षक विधान परिषद सीट पर संजय प्रियदर्शी और वाराणसी स्नातक विधान परिषद सीट पर अरविंद सिंह पटेल उम्मदीवार बनाए गए हैं।

## तालिबान मंत्री की दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को रोका भेदभाव पर ग़ुस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को शामिल नहीं किए जाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है. राहुल ने कहा कि जब प्रधानमंत्री ऐसे भेदभाव पर चुप रहते हैं तो यह पूरे देश की महिलाओं के प्रति कमजोरी और असंवेदनशीलता का संदेश देता है.

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, "मोदी जी, जब आप महिला पत्रकारों को किसी सार्वजनिक कार्यक्रम से बाहर किए जाने की अनुमति देते हैं तो आप देश की हर महिला को यह बता रहे हैं कि आप उनके लिए खड़े होने में कमजोर हैं. हमारे देश में महिलाओं को हर क्षेत्र में समान भागीदारी का अधिकार है. ऐसे भेदभाव पर आपकी चुप्पी 'नारी शक्ति' के आपके नारों की खोखलापन उजागर करती है."

प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कृपया भारत दौरे पर आए तालिबान के प्रतिनिधि के संवाददाता सम्मेलन से महिला पत्रकारों को दूर रखे जाने पर अपना रुख स्पष्ट करें।''

प्रियंका गांधी ने कहा, ''यदि महिलाओं के अधिकारों की आपकी स्वीकृति केवल चुनावों के बीच का दिखावा नहीं है, तो हमारे देश में जो अपनी महिलाओं को अपनी रीढ़ और गर्व मानता है, इस अपमान को कैसे स्वीकार किया गया?''

तालिबान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी की दिल्ली यात्रा के दौरान आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस पर विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार को हुई इस प्रेस वार्ता में किसी भी महिला पत्रकार को आमंत्रित नहीं किया गया, जिससे तालिबान शासन की महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण नीतियों पर फिर से सवाल उठने लगे हैं। यह घटना भारतीय जमीन पर हुई, जहां महिला सशक्तिकरण को राष्ट्रीय प्राथमिकता माना जाता है। इससे पत्रकारों व राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। आलोचकों ने इसे 'अस्वीकार्य' करार देते हुए कहा कि यह तालिबान का लिंग भेदभाव अब अंतरराष्ट्रीय मंचों तक फैल रहा है। विदेश मंत्रालय से इस पर कोई बयान नहीं आया है।

शुक्रवार को मुत्तकी की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा का दूसरा दिन था, जब दोपहर बाद उन्होंने यह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। विदेश मंत्री ने अपनी यात्रा के विवरण साझा किए, जिसमें भारत-अफगानिस्तान के बीच विकास में सहयोग, द्विपक्षीय व्यापार, क्षेत्रीय अखंडता, जन-से-जन संपर्क जैसे मुद्दों पर चर्चा शामिल थी। लेकिन इस आयोजन में केवल चुनिंदा पुरुष पत्रकारों को ही अनौपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया, जबकि महिलाओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया।

### बलिया में धर्म परिवर्तन कराने वाला गिरफ्तार-नौकरी-पैसे का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने को प्रेरित करने का आरोप

**बलिया** पुलिस ने धर्म परिवर्तन को प्रेरित करने के आरोप में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक बाइबिल पुस्तक और एक दान पात्र (ऑफरिंग बैग) बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। भीमपुरा थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आलोक कुमार नामक व्यक्ति किड़िहरापुर गांव में अपने रिश्तेदारों के यहां आया था। आलोक कुमार पर ईसाई धर्म का प्रचार करने और लोगों को यह कहने का आरोप है कि ईसाई धर्म अपनाने पर उन्हें रुपये, नौकरी और आवास मिलेगा। शिकायत में यह भी कहा गया है कि वह हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां तोड़ने के लिए प्रेरित कर रहा था। इस शिकायत के आधार पर भीमपुरा थाने में मु0अ0स0 221/2025 धारा 196, 299 बी.एन.एस और 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ल और क्षेत्राधिकारी रसड़ा आलोक कुमार गुप्ता के पर्यवेक्षण में भीमपुरा पुलिस टीम इस मामले की जांच कर रही थी।

## नाबालिग का धर्मांतरण कर सामूहिक दुष्कर्म

● आरोपियों के चंगुल से भागी पीड़िता, दी गई तहरीर।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज यमुनापार।** घूरपुर थाना अंतर्गत एक गांव की एक पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता की 8 साल पहले मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद ग्राम प्रधान ने गांव के मंगरू को बच्ची और उसके भाई को देखरेख करने के लिए सौंप दिया। कुछ दिनों तक दोनों भाई-बहन वहीं रहे, और फिर एक दिन उनके रिश्तेदार दोनों को लेकर अपने साथ गोहहैनिया आ गए। कुछ दिनों तक रहने के बाद दोनों फिर से मंगरू के पास पहुंच गए। साल भर पहले मोहम्मद आलम,मुमताज, आतिफ और आबाद होटल में काम दिलाने के नाम पर अपने साथ ले गए। पीड़िता ने बताया कि वहां पर सबसे पहले उसका धर्मांतरण कराया, और फिर उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने पीड़िता के भाई को गायब कर दिया।

8 अक्टूबर को पीड़िता किसी तरह खुद को बचाते हुए आरोपियों के चंगुल से निकलकर मंगरू के घर पहुंच गई और आपबीती बताई। जिसके बाद से यह मामला बजरंग दल के कार्यकर्ताओं तक पहुंचा। इस पर कार्यकर्ताओं ने घूरपुर थाने पहुंचकर पीड़िता के मामले में कार्रवाई को लेकर तहरीर दी। पीड़िता ने बताया कि उसे नशीला पदार्थ खिलाया जाता था,और विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। जबरन उसका धर्म-परिवर्तन कर उसका नाम आलिया रख दिया गया था। पीड़िता के साथ मोहम्मद आलम पुत्र जमील उर्फ कल्लू, निवासी ग्राम उभारी, अतीक अहमद पुत्र कमाल अहमद, चक घनश्याम दास चकिया, कर्मा, मुमताज आलम निवासी उभारी व 5 अज्ञात लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। डीसीपी यमुनानगर विवेक सिंह यादव ने बताया कि पीड़िता के बयान और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कराई जा रही है और आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

## जवाहर हत्याकांड में जेल में बंद पूर्व सांसद को बेटी की शादी के लिए मिली एक महीने की पैरोल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो चीफ प्रयागराज।** नैनी सेंटल जेल में निरुद्ध पूर्व सांसद कपिलमुनि करवरिया को अपनी बेटी की शादी के लिए एक महीने की पैरोल मिली है। वह एक महीने तक जेल से बाहर रहेंगे। शुक्रवार को शासनादेश जारी हुआ है। माना जा रहा है कि जल्द ही कपिलमुनि करवरिया सलाखों से बाहर आकर अपने परिवार वालों से मिलेंगे। पूर्व विधायक जवाहर पंडित हत्याकांड में कपिलमुनि करवरिया सहित चार लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इसी हत्याकांड में पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की सजा माफ हो चुकी है। शासनादेश के तहत कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर के तहत सेंटल जेल नैनी में निरुद्ध सिद्धदोष बंदी कपिलमुनि करवरिया (बंदी संख्या 511-19) को बेटी की शादी के लिए एक महीने के पैरोल पर कारागार से छोड़ने का आदेश जारी किया गया है।



यह प्रतिबंध भी लगाया गया है कि इस अवधि में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अच्छे चाल-चलन रखने और पैरोल की अवधि समाप्त होते ही जेल में वापस आने के लिए संतुष्टि के अनुसार दो जमानतदारों सहित एक निजी मुचलका भी दाखिल करें। बंदी के विरुद्ध कोई वाद किसी न्यायालय में विचाराधीन न हो। इसे सुनिश्चित किया जाए और बंदी का जेल आचरण संतोषजनक हो। पैरोल की अवधि को बंदी द्वारा काटी गई सजा में नहीं जोड़ा जाएगा। पैरोल की अवधि में बंदी अपने निवास स्थान के थाने में अपनी उपस्थिति की सूचना देता रहेगा। यदि पैरोल समाप्त होने पर नियत तिथि को जेल में हाजिर नहीं हुआ, तो बंदी और उसके जमानतदारों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# धरा गांव में संक्रामक रोग फैलने पर स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई, शिविर लगाकर हुई जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज यमुनापार।** तहसील बारा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह ने धरा गांव में संक्रामक रोग फैलने की सूचना पर तत्काल कार्रवाई कर दो मेडिकल टीमों को मौके पर भेजा, जिनमें डॉ अनूप सिंह और डॉ विनोद सिंह अपनी अपनी टीमों के साथ पहुंचे। इन टीमों ने पूरे गांव का भ्रमण कर संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया और चिकित्सा संबंधी परामर्श दिया। साथ ही पेयजल स्रोतों, हैंडपंपों, तालाबों और नालियों की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। संक्रमण के संभावित स्रोत का पता लगाने के लिए पेयजल के नमूने भी परीक्षण के लिए भेज दिए। गांव में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 150 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।बुखार, उल्टी- दस्त या संक्रमण वाले लोगों को दवाएं और प्राथमिक उपचार दिया गया। बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को साफ सफाई, नियमित हाथ धोने, भोजन, पानी को ढककर रखने, मच्छरों से बचाव, कचरा न फैलाने और खुले में शौच न करने को जागरूक किया। ग्रामीणों को ओआरएस घोल, क्लोरीन टेबलेट सहित अन्य दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया।अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि संक्रमण पर नियंत्रण के लिए त्वरित जांच अभियान चलाया गया है। सभी संदिग्ध लोगों और एएनएम कार्यकर्ताओं की सतर्क निगरानी में रखा गया है।

## ईरानी तेल ख़रीद पर भी आपत्ति अमेरिका ने 8 भारतीयों, 9 कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अमेरिका को क्या अब रूस के बाद ईरान से भी भारतीय तेल ख़रीद पर आपत्ति है? कम से कम अमेरिकी प्रशासन ने ईरान के ऊर्जा व्यापार को निशाना बनाने वाले अपने 'मैक्सिमम प्रेशर कैंपेन' के तहत गुरुवार को भारतीयों के ख़िलाफ़ एक बड़ा क़दम उठाया है। अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय यानी ओएफएसी ने ईरान से तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और पेट्रोकेमिकल्स के व्यापार में शामिल होने के आरोप में 9 भारतीय कंपनियों और 8 भारतीय नागरिकों पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। यह कार्रवाई ईरान के ऊर्जा निर्यात नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में अमेरिका की चल रही मुहिम का हिस्सा है। इसका मक़सद तेहरान की आय के स्रोतों को काटना है।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने एक बयान में कहा, 'वित्त विभाग ईरान के ऊर्जा निर्यात मशीन के प्रमुख स्रोतों को ध्वस्त करके तेहरान के नकदी प्रवाह को कमजोर कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में यह प्रशासन ईरान के आतंकवादी समूहों को आर्थिक सहायता देने के प्रयास को बाधित कर रहा है, जो अमेरिका के लिए ख़तरा पैदा करते हैं।' ओएफएसी के अनुसार, ये प्रतिबंध 50 से अधिक व्यक्तियों, कंपनियों और जहाजों पर लगाए गए हैं। इनमें भारतीय यूनिट प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। इन प्रतिबंधों के तहत अमेरिका में इन कंपनियों और व्यक्तियों की सभी संपत्तियां जब्त की जा सकती हैं और अमेरिकी नागरिकों या कंपनियों को इनके साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन करने की मनाही है।

अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि इन 9 भारतीय कंपनियों ने ईरानी पेट्रोकेमिकल्स के आयात और व्यापार में कुल 423 मिलियन डॉलर यानी क़रीब 3500 करोड़ रुपये की लेन-देन की हैं। ये कंपनियां मुख्य रूप से छोटे-मध्यम आकार की हैं और हाल के वर्षों में स्थापित की गई हैं। इनका ईरान के 'शैडो फ्लीट' से जुड़ाव अमेरिकी प्रतिबंधों का साफ़ उल्लंघन माना जा रहा है। नीती उन्मेष भट्ट द्वारा 100% स्वामित्व वाली इंडिसोल प्राइवेट लिमिटेड ईरानी पेट्रोकेमिकल्स के व्यापार में शामिल बताई गई है। कासाट परिवार द्वारा नियंत्रित हरेस पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड भी ईरानी तेल उत्पादों के आयात में सक्रिय थी। इनके अलावा अलकेमिकल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, पर्सिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड, कांचन पॉलीमर्स, रामनिक्लाल एंड कंपनी, जुपिटर डाई केम, ग्लोबल इंडस्ट्रियल केमिकल्स भी शामिल हैं।

ये कंपनियाँ ईरान के राष्ट्रीय तेल कंपनी एनआईओसी और ईरानी सैन्य से जुड़े नेटवर्क के माध्यम से तेल और गैस उत्पादों का परिवहन और मार्केटिंग करती थीं।ओएफएसी ने कहा कि ये सौदे ईरान को मध्य पूर्व में 'अस्थिर करने वाली गतिविधियों' और आतंकवादी संगठनों को फंड देने के लिए धन उपलब्ध कराते हैं। आठ भारतीय नागरिकों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो इन कंपनियों के निदेशक, शेयरधारक या मालिक हैं। इनमें से तीन नागरिक ऐसे जहाजों के संचालन से जुड़े हैं, जिन्होंने ईरान से 50 लाख बैरल से अधिक तेल और एलपीजी का परिवहन किया।

मार्शल द्वीप समूह-आधारित बर्था शिपिंग इंक. के मालिक वरुण पुला कोमोरोस झंडे वाले जहाज 'पामिर' का संचालन करते हैं। इस जहाज ने जुलाई 2024 से चीन को 40 लाख बैरल ईरानी एलपीजी की सप्लाई की। वेगा स्टार शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की मालकिन सोनिया श्रेष्ठ कोमोरोस झंडे वाले जहाज 'नेप्टा' का संचालन करती हैं। यह जहाज जनवरी 2025 से पाकिस्तान को ईरानी एलपीजी निर्यात कर रहा था। इवी लाइन्स इंक. के मालिक इयप्पन राजा के जहाजों ने ईरानी ऊर्जा उत्पादों का परिवहन किया। इनके अलावा नीती उन्मेष भट्ट, कासाट परिवार के सदस्य, जुगविंदर सिंह बरार शामिल हैं। ये व्यक्ति ईरान के शीर्ष राजनीतिक सलाहकार अली शमखानी के बेटे मोहम्मद हुसैन शमखानी के नियंत्रित शिपिंग साम्राज्य से जुड़े बताए जाते हैं, जो ईरान और रूस से तेल का परिवहन करता है।

# किशोरी के गैंगरेप में ढाबा संचालक की पत्नी भी थी मददगार

● पति व देवर समेत भेजी गई सलाखों के पीछे।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार।** घूरपुर थानांतर्गत एक गांव में एक किशोरी को बंधक बनाकर तीन साल तक सामूहिक दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पीड़िता से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि उसके साथ हुई दरिंदगी में ढाबा संचालक आलम की पत्नी रहनुमा भी शामिल थी। वह उसे मुंह बन्द किए रहने को धमकाती थी। कहती थी कि कहीं भी शिकायत की,तो जान से मार देंगे।फिलहाल, पुलिस ने ढाबा संचालक आलम, उसके भाई मुमताज के साथ ही पत्नी रहनुमा को भी जेल भेजा गया है।

सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में किशोरी ने अपने साथ हुई बर्बरता को बयां किया। बताया कि उसे व उसके भाई को घर से ले जाने के बाद कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक रहा। इसके बाद दोनों को ढाबे पर ले जाया जाने लगा, और उनके साथ गलत काम किया जाने लगा। इसकी शिकायत उसने रहनुमा से की, लेकिन रहनुमा ने कहा कि तू चुप रहना, मैं देखती हूं, लेकिन उसने कुछ नहीं किया। आलम के अलावा उसका भाई भी हैवानियत करता रहा। उसके भाई के द्वारा विरोध करने पर उसे बाहर कहीं भेज दिया गया। उसने दुबारा शिकायत की, तो रहनुमा भी उसे धमकाने लगी।बोली, मुंह बन्द रख, इसमें ही तेरी भलाई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, किशोरी से पूछताछ के बाद जब रहनुमा को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने पहले तो अनजान बनने का ड्रामा किया, कहा कि उसे कोई जानकारी नहीं है। किशोरी के आरोपों के बाबत कोई जानकारी होने से इंकार कर दिया। हालांकि, थोड़ी सख्ती बरतने पर सब कुछ बता दिया।

इसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोपहर बाद तीनों को न्यायालय भेजा गया, जहां रिमांड मंजूर होते ही उन तीनों को जेल भेज दिया गया। डीसीपी यमुनानगर ने बताया कि विवेचना के दौरान ढाबा संचालक की पत्नी की भी संलिप्तता सामने आई है। अब उसे भी गिरफ्तार किया गया है और अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच कराई जा रही है।

## लोगों के हस्तक्षेप करने पर खोपड़ियों का सूप पीने वाला कोलंदर अब नहीं होगा रिहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने इंसानों के खोपड़ियों का सूप पीने वाले राम निरंजन कोल उर्फ राजा कोलंदर की रिहाई मंजूर कर दी थी। मंजूरी मिलने के बाद शासन द्वारा 4 सितम्बर को रिहाई का आदेश भी जारी कर दिया गया था, जिसमें प्रिजनर्स रिलीज ऑन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा 2 और सम्बंधित नियमों का उल्लेख किया गया है, लेकिन अब राजा कोलंदर की रिहाई अटक गई है। राजा कोलंदर उन्नाव जिला जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। उन्नाव जेल के वरिष्ठ अधीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दो मामलों में आजीवन कारावास की सजा होने के कारण उसकी रिहाई सम्भव नहीं है। एक ही मामले में उसके रिहाई का आदेश जारी किया गया है। ऐसे में वह जेल में ही बंद रहेगा। उधर रिहाई की खबर सुनकर मृतक पत्रकार धीरेन्द्र के बेटे संदीप सिंह ने कहा कि कोलंदर महज उसके पिता का ही हत्यारा नहीं है, बल्कि उनके जैसे कई निर्दोषों की जान ले चुका है। ऐसा अपराधी किसी भी तरह के रहम का पात्र नहीं होता। उसे तो फांसी की सजा होनी चाहिए। राजा कोलंदर शंकरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित हिनौती गांव का निवासी है और नैनी स्थित केन्द्रीय आयुध भंडार, छिवकी में कर्मचारी था। कर्मचारी होने के बावजूद वह खुद को राजा ही समझता था। उसका कहना था कि जो आदमी उसे पसन्द नहीं है, उसे वह अपनी अदालत में सजा जरूर देता है। अजीब सोच के कारण ही उसने अपनी पत्नी का नाम फूलन देवी और दोनों बेटों का नाम अदालत और जमानत रखा था, वहीं बेटी का नाम आंदोलन रखा था। उसकी पत्नी फूलन देवी जिला



पंचायत सदस्य चुनी गई थी। उस पर 14 लोगों की हत्या का आरोप था। वह करीब 25 वर्षों से जेल में बंद है। अब तक उसने 23 वर्ष 10 महीने 27 दिन की सजा काट चुका है। रिहाई शर्तों के तहत हुई थी, जिसमें उसका बेटा नवीन कुमार अभिरक्षक रहेगा और शर्तों के उल्लंघन करने पर कोलंदर को पुनः जेल भेजा जाएगा। यह आदेश 4 सितम्बर का है, लेकिन दूसरे मामले में सजा होने के कारण वह अब जेल में ही रहेगा।

## भक्तों की भावना निर्गुण,निराकार ब्रह्म को भी साकार बना देती है

**प्रयागराज।** वैसे तो पुराणों व शास्त्रों में परमात्मा को निर्गुण,निराकार कहा गया है। वेदों का कथन है कि वह अज,अनादि, अगोचर,अगम्य, जन्म मरण से रहित और नाम से भी परे है। ब्रह्म का अर्थ है जो सबसे वृहद है,मन, बुद्धि की कल्पना से परे है, किन्तु वही अव्यक्त परमात्मा भक्त की निश्छल भावना के वशीभूत होकर उनकी इच्छा के अनुरूप शरीर धारण कर भक्तों को सुख प्रदान करने के लिए अनेक प्रकार की लीलाएं भी करते हैं। अमरनाथ दुबे के आवास पर श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथावाचक निर्मल कुमार शुक्ल ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने यद्यपि माता देवकी के गर्भ से जन्म लिया, किन्तु पुत्र सुख का आनन्द नन्द और यशोदा को प्रदान किया। यशोदा का तात्पर्य है कि जो दूसरे को यश प्रदान करें और नन्द का तात्पर्य है कि जो दूसरे को आनंद प्रदान करें। कथावाचक ने गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन,मोहिनी, मत्स्य अवतार, वामन अवतार आदि कथाओं का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीकृष्ण का चरित्र बहुत गूढ़ है,उसमें ब्रह्मा, इंद्रादिक देवता चकरा जाते हैं,इसलिए श्रद्धालुओं को कृष्ण चरित्र जानने से पहले श्रीराम का चरित्र जानना चाहिए। आज की कथा में सूर्यनिधान पाण्डेय,विश्वबंधु दुबे, कुंजनलाल मिश्रा, संतोष शुक्ल, श्रीकांत तिवारी, छोटेलाल यादव, गंगाप्रसाद सिंह पटेल, प्रकाश चन्द्र मिश्र, भोला दुबे, छेदीलाल सिंह, अनंत तिवारी, बलराम तिवारी, रमेश केसरवानी, राजेश तिवारी, राममिलन ओझा, विश्वनाथ मिश्रा, गोपालदास केसरवानी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा आयोजक दुबे परिवार वालों ने आए हुए विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप, मामला दर्ज

**ललितपुर**। ग्राम उलदना निवासी करन पुत्र दुर्जन अहिरवार ने थाना मदनपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 6 अक्टूबर 2025 की शाम को उसका विवाद गांव में ही रहने वाले दबंग विपक्षी नंदलाल पुत्र मूरत सिंह से हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई थी और ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद दोनों अपने-अपने घर चले गये थे। इसके बाद रात्रि करीब 12:00 बजे विपक्षी नंदलाल उसके घर पर आ धमका और उसके साथ जाति सूचक शब्दों से से अपमानित करते हुए जमकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। थाना मदनपुर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) तथा एससी एसटी एक्ट में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### महिला ने पड़ोसी पर लगाया गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप, मामला दर्ज

**ललितपुर**। ग्राम सिंदवाहा निवासी श्रीमती सुधा पत्नी अमित जोशी ने कोतवाली महरौनी पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 9 अक्टूबर 2025 को शाम करीब 6:00 बजे उसका विवाद उसके ही पड़ोस में रहने वाले दबंग बिपक्षी महेंद्र पुत्र अवध बिहारी से हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित महेंद्र ने उसे मौके पर दबोच लिया और उसके साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली महरौनी पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### महिला ने पति पर लगाया दहेज उत्पीडऩ का आरोप, मामला दर्ज

**ललितपुर**। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला आजादपुरा लेडिया में रहने बाली एक विवाहिता ने अपने पति पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उत्पीडऩ करते हुए गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता के शिकायती पत्र पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

शहर के मुहल्ला आजादपूरा लेडिया निवासी श्रीमती रश्मि पत्नी अभिषेक उर्फ निक्की ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह शादी के बाद से लेकर अब तक शहर के मोहल्ले में अपने पति के साथ निवास करती आ रही है। लेकिन उसका पति अभिषेक उर्फ निक्की पुत्र भागीरथ सिंह उसे अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर हमेशा ही प्रताड़ित करता रहता है। इतना ही नहीं जब वह अपने पति की इस हरकत पर विरोध जताती, तो उसके साथ गाली गलौज पर मारपीट की जाती और जान से मारने की धमकी दी जाती। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित्ता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ 85, 115(2), 352, 351(3) तथा 4 डीपी एक्ट में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### ग्रामीण और उसके भाई के साथ गाली गलौज मारपीट, मामला दर्ज

**ललितपुर**। कस्बा बानपुर निवासी काशीराम पुत्र धर्मा अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को शाम करीब 5:30 बजे उसका बिबाद उसके ही पड़ोस में रहने वाले मनीराम पुत्र धंन्नू और उसके परिजनों से हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच हुई कहासुनी से आक्रोशित मनीराम ने होने तीन अन्य परिजनों के साथ मिलकर एक राय होकर उसे मौके पर दबोच लिया और उसके साथ सरेआम जमकर गाली गलौज की। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो वह मारपीट पर आमादा हो गए। इस दौरान जब उसका भाई उसके बचाव में आया, तब सभी विपक्षियों ने उसके और उसके भाई के साथ लाठी डंड़ों मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। थाना बानपुर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने युवक गंभीर, झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर

**तालबेहट**। बिजरौठा रेलवे ट्रैक के पास एक ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान राजेश (35 वर्ष)पुत्र वनबारी निवासी लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह मनमाड़ से झांसी जा रहा था। युवक के पास से कोई रेलवे टिकट बरामद नहीं हुई है। फिलहाल घटना की जांच रेलवे पुलिस द्वारा की जा रही है।

---

### ट्रांसफार्मर काटकर कीमती मशीनरी और तेल चोरी, ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# खेत में लगे ट्रांसफार्मर को चोरों ने बनाया निशाना, किसान को लाखों का नुकसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मड़ावरा/ललितपुर**। थाना क्षेत्र के ग्राम धुरवारा में 9 अक्टूबर की रात को हुई एक संगीन घटना ने स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में डर और भूखमरी सा माहौल पैदा कर दिया है। खेत में सिंचाई के लिए लगे 63 केवीए क्षमता के विद्युत ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने काटकर उसमें रखा ट्रांसफार्मर ऑयल तथा मशीनरी निकाल ली। पीड़ित किसान रूपसिंह पुत्र मकुंद सिंह ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर नलकूप के संचालन के लिए अनिवार्य था और इसके बिना बिजली न मिलने से खेतों की सिंचाई ठप हो जाएगी। वैधानिक तौर पर जो कोई भी विद्युत उपकरण निजी या सामुदायिक उपयोग के लिए लगाया जाता है, उसकी सुरक्षा व निर्माण के लिए विभाग और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है, परन्तु इस घटना ने स्पष्ट कर दिया कि सुरक्षा के मौजूदा भुगतान पर्याप्त नहीं रहे। किसान ने मड़ावरा थाने में तहरीर दे कर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की है तथा विद्युत विभाग से मुआवजे की अपेक्षा जताई है। गांववासी भी चिंता में हैं क्योंकि

### स्थानीय प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग



ट्रांसफार्मर, केबल और तेल जैसी चीजों की चोरी न केवल आर्थिक हानि करती है बल्कि स्थानीय बिजली आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित करती है। यदि ऐसे मामले बार-बार होते रहे तो छोटे व सीमांत किसान अपने खेतों में सिंचाई व पैदावार के लिए जोखिम उठाने में असमर्थ हो सकते हैं। दर्शनीय बिंदु यह है कि पुलिस ने तहरीर मिलने की पुष्टि की है और आरोपियों की पहचान हेतु छानबीन प्रारम्भ कर दी है, परन्तु प्रभावित परिवार तत्काल और ठोस कदम की मांग पर अड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीण सुरक्षा और न्याय दोनों की आवश्यक बहाली हो सके।

#### किसान की मांगे और अपेक्षाएँ

रूपसिंह ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि मड़ावरा पुलिस आरोपियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तार करे और विद्युत विभाग को कहा जाए कि वह नुकसान की भरपाई करे। साथ ही किसान चाहते हैं कि भविष्य में ऐसे ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा के लिए फ्टेप्टज्ज्ञ, ताले व नियमित गश्त जैसी व्यवस्थाएँ लागू की जाएँ ताकि फिर से इसी प्रकार की घटना न हो। प्रभावित परिवार के अनुसार प्रशासनिक त्वरितता व पारदर्शिता से ही उनका वित्तीय व भावनात्मक संतुलन बहाल होगा।

#### प्रशासन और विभाग के सामने प्रश्न

स्थानीय लोगों का प्रश्न यह है कि क्या ग्रामीण क्षेत्रों में लगे महत्त्वपूर्ण विद्युत उपकरणों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस नीति व व्यावहारिक कदम मौजूद हैं। अगर विभागीय लापरवाही पायी जाती है तो मुआवजे की प्रक्रिया क्या होगी और उसे कैसे तेज किया जायेगा? साथ ही पुलिस और विद्युत विभाग के समन्वय से नियमित निगरानी व गश्त की क्या रूपरेखा होगी ताकि किसान अपनी आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

#### घटना का संक्षिप्त विवरण

ग्रामीण धुरवारा में स्थित किसान रूपसिंह के खेत पर लगाया गया 63 केवीए का ट्रांसफार्मर 9 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों द्वारा काटकर उसमें रखा ट्रांसफार्मर ऑयल व अन्य कीमती पार्ट्स निकाल लिए गए। घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित ने मड़ावरा थाने में लिखित तहरीर दी। इस चोरी के कारण किसान का आर्थिक नुकसान लाखों रुपये का बताया जा रहा है और नलकूप से निर्भर सिंचाई ठप होने की आशंका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन आरम्भ कर दी है, पर गाँववासी और पीड़ित त्वरित गिरफ्तारी व ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

---

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के तहत महरौनी में गोष्ठी आयोजित





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

### प्रदेश को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प

**महरौनी**। प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य के तहत शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय महरौनी में विकसित उत्तर प्रदेश /2047: समृद्धि का शताब्दी पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिनिधि राघवेन्द्र पटैरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यन्त बडौनियां ने की। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी साक्षी साहू, समस्त पार्षदगण, नगर पंचायत कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यन्त बडौनियां ने कहा कि प्रदेश को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति देने के लिए नगर निकायों को पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जानी चाहिए। साथ ही लघु एवं दीर्घ उद्योगों को प्रोत्साहन देकर नागरिकों की आय एवं जीवन स्तर में सुधार किया जा सकता है। अधिशाषी अधिकारी साक्षी साहू ने विजन डॉक्यूमेंट 2047 के अंतर्गत नागरिकों से अपने सुझाव वेबसाइट पर साझा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि चयनित सुझावों को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन अधिशाषी अधिकारी साक्षी साहू ने किया। अंत में अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यन्त बडौनियां ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं दीं।

---

# एडीएम व अपर एसपी ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर**। मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत अपर जिला अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने मेडिकल कॉलेज में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया और वहां पर काम कर रहे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरो का देखा गया तथा आगन्तुक रजिस्टर की एंट्री को चेक किया गया एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन कर उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। दोनों ही अधिकारियों द्वारा गहनता से किए गए निरीक्षण के ऊपर वन स्टॉप सेंटर पर पुलिस बल की उपस्थिति को अनिवार्य रुप से किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सहायता उपलब्ध कराई जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वन स्टॉप सेंटर पर आने वाली प्रत्येक पीड़िता को चिकित्सीय सहायता, विधिक परामर्श तथा आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को विशेष सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं के लिए आश्रय व सहारा है, अतः यहां की सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। समस्त कर्मचारियों को पीड़िताओं के साथ मानवीय व्यवहार रखने एवं उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

---

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला ने जनता से की नीलम चौबे को वोट देने की अपील



### इंडिया गठबंधन पार्टी के अंतर्गत सपा की प्रत्याशी नीलम आशीष चौबे ने किया जनसंपर्क

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर**। नगर की जनता वर्षों से जिन मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है, उनका समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। यह बात इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रीमती नीलम आशीष चौबे ने जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सपा की नीति जनता के लिए काम, विकास के लिए समर्पण पर चलते हुए वे ललितपुर नगर को एक विकसित और स्वच्छ शहर बनाएंगी। वहीं उनके समर्थन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला ने अपने समर्थकों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जन सम्पर्क किया। शनिवार को जन सम्पर्क के दौरान श्रीमती चौबे ने पठानपुरा, भदैयापुरा, खिरकापुरा कांशीराम कालोनी में जन सम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि शहर की टूटी सडक़ों, जलभराव, पेयजल संकट, सफाई व्यवस्था और आवारा पशुओं की समस्या को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। जनता की मूलभूत जरूरतें पूरी करना हमारा कर्तव्य है, राजनीति सेवा का माध्यम है, सत्ता नहीं। जनता ने भी इस दौरान इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी नीलम चौबे को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

इस दौरान हरीबाबू शर्मा, आल्हा प्रसाद निरंजन, रामदास श्रोतीय, गीता मिश्रा, पूजा बुंदेलखंडी, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष राजकुमारी गौतम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयाराम रजक, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि विजय यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, नगराध्यक्ष अभि जैन खजुरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, रोहित कुशवाहा, आरिफ कुरैशी, अशोक अहिरवार, सिकंदर मंसूरी, उपेन्द्र राजा, ज्योति सिंह लोधी, मकरंद किलेदार, जिला सचिव शाकिर अली, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, गिरधारी यादव, कीरत यादव, रामप्रताप सिंह, शत्रुघ्न यादव, अजय तोमर आदि मौजूद रहे।

---

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य सामग्री की जांच पड़ताल के लिए की छापामार कार्रवाई





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर**। दीपावली पर्व को ध्यान में रखकर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ और जिलाधिकारी अमनदीप कनसपदके निर्देश के क्रम में शनिबार को खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रथम टीम द्वारा संजय डेयरी घुसियाना से घी , खोया एवं पनीर का नमूना संग्रहित कर 30 किलोग्राम खोया नष्ट कराया गया। उसके उपरांत पिकअप पर लदे हरप्रसाद यादव निवासी उदयपुरा बाणपुर के दूध का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की द्वितीय टीम द्वारा न्यू अंकित किराना स्टोर से बेसन का नमूना एवं अनमोल स्वीट्स आजादपुरा से बर्फी का नमूना संग्रहित किया गया। जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।प्रथम टीम में सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेन्द्र पटेल, और एसएस निरंजन एवम द्वितीय टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदा नन्द शामिल रहे।

---

# नमामि गंगे योजना में भ्रष्टाचार के आरोप, अधूरे कार्य को जबरन हैंडओवर कराने की शिकायत

» ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, मरम्मत के फर्जी बिल लगाकर भुगतान कराने का आरोप

» जांच और कार्रवाई की मांग, ग्रामीणों में रोष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट**। तहसली तालबेहट के ग्राम पंचायत उगरपुर में नमामि गंगे के तहत चल रही हर घर नल-जल योजना पर गंभीर आरोप लगाने का सीधा मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान प्रवेश यादव ने मुख्यमंत्री को भेजे अपने पत्र में बताया है कि पाइपलाइन बिछाने के नाम पर गाँव की सडक़ें और फुटपाथ खोदे गए, लेकिन खोदे हुए हिस्सों की मरम्मत कार्रवाई निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं करायी गई। प्रधान के अनुसार कई स्थानों पर सीसी रोड और पेवर ब्रिक्स के काम अधूरे पड़े हैं और खुली सडक़ें तथा टूटी फुटपाथ ग्रामीणों के लिए खतरे का कारण बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि मजबूरी में पंचायत ने अपने कोष से कुछ जगहों की मरम्मत कराई, पर ठेकेदार ने उन्हीं मरम्मत कार्यों के फर्जी बिल बनाकर भुगतान करा लिया, जबकि ग्राम पंचायत को वास्तविक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ।

प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों ने ठेकेदार के साथ मिलकर अधूरे कार्य को जबरन हैंडओवर करवा लिया और पूरी परियोजना का एनओसी जारी कर दिया, जिससे गुणवत्ता की जांच और शेष कार्यों के निपटारे के रास्ते बंद कर दिए गए। जब ग्राम प्रधान ने इस तरह के फैसलों के खिलाफ आवाज उठाई तो उन पर उच्चाधिकारियों के माध्यम से दबाव बनाया गया। इस पूरे प्रकरण ने ग्रामीणों में गहरा रोष पैदा कर दिया है और पंचायत स्तर पर शासन-प्रशासन के बीच जवाबदेही और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। प्रधान ने मुख्यमंत्री से उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा पंचायत द्वारा करवाई गई मरम्मतों का भुगतान दिलाने और शेष सडक़ों व फुटपाथों की त्वरित मरम्मत सुनिश्चित कराने की मांग की है।

#### शिकायत की मूल बातें

ग्राम प्रधान ने जो तहरीर भेजी है, उसमें सार यह है कि योजना के कार्य केवल पाइपलाइन डालने तक सीमित रह गए। पाइप डालने के बाद जो क्षति हुई उसे दुरुस्त करना ठेकेदार की जिम्मेदारी थी पर वह पूरा नहीं किया गया। बदले में अधिकारियों ने अधूरे काम का हैंडओवर ले लिया और एनओसी दे दिया। पंचायत ने मजबूरी में कुछ जरूरत वाले हिस्सों की मरम्मत अपने कोष से करवाई, पर बाद में ठेकेदार ने उन्हीं मरम्मतों के दावे कर फर्जी बिल बनवाकर भुगतान निकलवा लिया - यानी पंचायत ने पैसे खर्च किए पर भुगतान ठेकेदार को मिल गया। यह स्थिति बताती है कि काम की गुणवत्ता, भुगतान पारदर्शिता और विभागीय निगरानी में गंभीर अंतराल रहा है।

#### ग्रामीण प्रतिक्रिया व प्रशासन पर प्रश्न

ग्रामवासियों में इस पूरे प्रकरण को लेकर भारी नाराजगी हैय लोगों का कहना है कि योजनाएं लाभ पहुँचाने की बजाय भ्रष्टाचार और लापरवाही के चलते गाँव की जमीनी हालत बदतर कर रही हैं। कई ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र और न्यायसंगत कार्रवाई नहीं हुई तो वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन व अन्य जनहित कदम उठाने पर मजबूर होंगे। इस मामले ने स्थानीय प्रशासन और विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं कृ विशेषकर यह कि किस प्रकार अधूरा काम हैंडओवर कराया जा सकता है और भुगतान की पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाती।

#### प्रधान की माँगें और अपेक्षाएँ

प्रवेश यादव ने मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किसने किस रूप में अनियमितता की। साथ ही उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि ग्राम पंचायत द्वारा किए गए मरम्मत कार्यों का जो वास्तविक भुगतान अभी तक नहीं हुआ, उसे सुनिश्चित किया जाए और गाँव की उन खुली पड़ी सडक़ों व फुटपाथों की शीघ्र मरम्मत करायी जाए ताकि लोगों का चलना-फिरना सुरक्षित हो सके। प्रधान ने यह भी सुझाव रखा है कि भविष्य में किसी भी कार्य का हैंडओवर तभी हो जब गुणवत्ता का सत्यापन और समुचित परीक्षण किया गया हो तथा एनओसी दिए जाने की प्रक्रिया में पंचायत व ग्रामवासी के प्रतिनिधि भी शामिल हों।

#### निष्कर्ष

उगरपुर का यह प्रकरण यह दर्शाता है कि बड़े पैमाने की योजनाओं में निगरानी व पारदर्शिता न होने पर जनता को वास्तविक लाभ नहीं मिलता। मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई और बची हुई मरम्मतों का शीघ्र निपटारा ग्रामीणों का विश्वास वापस लौटाने के लिए अनिवार्य है।

---

# भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री ने प्रत्याशी श्रीमती सोनाली विवेक जैन के पक्ष में किया जनसंपर्क

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर**। भारतीय जनता पार्टी की नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पद की प्रत्याशी श्रीमती सोनाली विवेक जैन के समर्थन में आज कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू के नेतृत्व में मुहल्ला तालाबपुरा, रामलीला मैदान, पुरानीचुंगी, सीतापाठ,बांध कालौनी आदि में जनसम्पर्क कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। इस अवसर प्रत्याशी श्रीमती सोनाली विवेक जैन ने सभी मतदाताओं वरिष्ठों, कनिष्ठों से यथाउचित चरणवन्दन, प्रणाम, अभिवादन कर अपने लिए सहयोग एवं आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी सोनाली जैन ने कहा कि उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि मैं अपनी स्वर्गीय सासो मां जी विकास के सपनों को पंख लगाने का प्रयास करुं। उन्होंने कहा कि वे शहर में कचरा प्रबंधन हेतु आधुनिक संयंत्रों को लगाने का प्रयास करेंगी ।शहर में जल श्रोतों का पुनरुद्धार कर उसे उपयोगी बनाने हेतु प्रयासरत रहूंगी। उन्होंने कहा कि मैं शहर में वनने वाले रास्तों में नालियों की पानी निकासी की सुनुयोजित ढंग से व्यवस्था करेंगी ताकि रास्ते क्षतिग्रस्त न हो सकें। उन्होंने कहा कि मेरी सासो मां ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के काल में विगत वारह साल से टल रही स्वकर प्रणाली की समस्या को हल करने का कार्य किया। उन्होंने शहर के विकास के उनके विजन को सच साबित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके अलावा झांसी प्रयागराज शिक्षक विधायक के क्षेत्र के शिक्षक विधायक डा बाबूलाल तिवारी ने जगदीश मार्केट, सदनशाह क्षेत्र, चांदमारी आदि क्षेत्रों में मतदाताओं से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, झांसी प्रयागराज शिक्षक विधान परिषद क्षेत्र के शिक्षक विधायक डा बाबूलाल तिवारी,चुनाव प्रभारी अशोक कुमार गोस्वामी, पूर्व विधायक रमेश कुमार कुशवाहा, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे,पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, हरीराम निरंजन, राजकुमार जैन,जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, श्रीमती रजनी साहू, एम एल सी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, गन्धर्व सिंह लोधी, चन्द्रशेखर पंथ आदि उपस्थित रहे।

---

# ओवररेट की कमाई से आबकारी अफसरों की चांदी, कार्रवाई से परहेज

### शिकायतों के बावजूद देशी-विदेशी मदिरा ठेकों पर खुलेआम ओवररेट का खेल

**तालबेहट**। नगर समेत ग्रामीण इलाकों में देशी-विदेशी मदिरा विक्रेताओं द्वारा ओवररेट पर शराब बेचे जाने का खेल खुलेआम जारी है, वहीं आबकारी विभाग के अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। खांदी के रानीपुरा, स्टेशन चौराहा, करीला, बस स्टैंड मॉडल शॉप सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में संचालित देशी, अंग्रेजी व वियर की दुकानों पर ग्राहकों से मनमाना वसूला जा रहा है। पव्वे पर 5 रुपये, क्वार्टर पर 10 से 20, हाफ पर 20-30 रुपये और पूरी बोतल पर 50 रुपये तक की अतिरिक्त वसूली की जा रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि रानीपुरा स्थित ठेका बंद होने के बावजूद वहां की शराब कई जगहों से बेची जा रही है। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद आबकारी निरीक्षक की चुप्पी से लोगों में नाराजगी है। जनमानस का कहना है कि ओवररेट की इस कमाई में विभाग के कुछ अफसरों की मौन साझेदारी के चलते दुकानदार बेखौफ मनमानी कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवररेट बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषी दुकानदारों व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

---

# प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारम्भ, किसानों को बांटे गए प्रमाण पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर**। प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारम्भ भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से कृषि विज्ञान केन्द्र पर किसानों हेतु सजीव प्रसारण किया गया। इस दपुराण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कृषि क्षेत्र के लिए 42,000 करोड़ रुपये के व्यय वाली 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' समेत दो बड़ी योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और प्रखंड स्तर पर फसल कटाई के बाद भंडारण को बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना और 100 चयनित जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाना है। इसके साथ ही पीएम मोदी जी द्वारा 11,440 करोड़ रुपये के व्यय के साथ दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की शुरूवात की गयी। आयोजित कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि इसका उद्देश्य दालों की उत्पादकता के स्तर में सुधार करना, दालों की खेती के रकबे का विस्तार करना, मूल्य श्रृंखला - खरीद, भंडारण, प्रसंस्करण को मजबूत करना और घाटे में कमी सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिहं चौहान द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री धन धान्य योजना में 11 मंत्रालय के 36 योजनाओं का समन्वय किया गया है जिसके अन्तर्गत देश के 100 जिलों का चयन कर किसानों को उन्नत बीज, सिंचाई तथा ऋण प्रबध्ंान जैसे सुविधाओं को आगे बढ़ाया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मन्नू लाल पंत, राज्य मंत्री, श्रम एवं स्वरोजगार विभाग, उ0प्र0 की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्ज्वल के साथ आरम्भ किया गया। डा0 मुकेश चन्द, अध्यक्ष, केवीके द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान भाइयों को फसल विविधिकरण अपनाने में बुन्देलखण्ड में दलहनी-तिलहनी के क्षेत्रफल को बढ़ाने, बाजार उपलब्धता हेतु एफ0पी0ओ0 को मजबूत करने पर बल दिया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला कृषि अधिकारी, राजीव भारती, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डा0 भगवान सिंह, जिला सूचना अधिकारी, दयाशंकर, एल0डी0एम0, नाबार्ड, डा0 सरिता देवी, गृह वैज्ञानिक, कु0 रिशु उपाध्याय, एटीएस, कृषि विभाग, के0वी0के0, एन0आई0सी0 एवं अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, कृषक बन्धुओं (पुरूषध्महिला) सहित 380 ने प्रतिभाग किया। मन्नू लाल पंत, राज्य मंत्री, श्रम एवं स्वरोजगार विभाग, उ0प्र0 द्वारा कृषकों को बधाई दी गयी और प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के मूल उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि इस योजना के माध्यम से कृषक अपनी आय में वृद्धि करें। कार्यक्रम का संचालन पशुपालन वैज्ञानिक डा0 अनुज कुमार गौतम द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### शाहगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध पटाखों की 12 पेटियां बरामद




**त्योहार से पहले अवैध कारोबार पर लगा अंकुश, क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने दी जानकारी**

**जौनपुर।** थाना शाहगंज पुलिस ने त्योहारी सीजन से पहले अवैध पटाखों के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चेकिंग अभियान के दौरान 12 पेटी पटाखे बरामद किए हैं। यह कार्रवाई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अजीत सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस टीम नियमित चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी दौरान संदिग्ध वाहन की तलाशी में भारी मात्रा में पटाखे बरामद हुए। फिलहाल पुलिस ने बरामद माल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि इन पटाखों को कहां से लाया जा रहा था और किसे आपूर्ति की जानी थी। श्री चौहान ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे लाइसेंसधारी दुकानों से ही पटाखे खरीदें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। शाहगंज पुलिस की सतर्कता से अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप त्योहार से पहले बड़ी कामयाबी।

### अवैध पटाखों के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी के निर्देश पर अवैध पटाखों व आतिशबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार की देर शाम उदयपुर पुलिस को एक घर से अवैध पटाखों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई। उदयपुर के उप निरीक्षक सत्यम तिवारी शुक्रवार की देर शाम पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से कुम्भीआइमा में एक घर में पटाखों के अवैध कारोबार की सूचना मिली। पुलिस ने छापेमारी करके उस घर से करीब चार सौ पैकेट पटाखा, दो सौ पचास फायर पटाखा तथा बड़े पैमाने पर पटाखा निर्मित में प्रयोग होने वाली सामग्रियों की बरामदगी की। पुलिस ने मौके से पटाखा निर्माण करते आरोपी सलमान पुत्र स्व0 लल्लू को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गयी है।

### दहेज प्रताड़ना का पति व सास पर मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दहेज को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में पुलिस ने पति व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के तिलक का पुरवा तारापुर गांव की सरिता यादव पत्नी लवकुश यादव का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर उसके पति लवकुश व सास शोभा देवी उसे गाली देते हुए मारते पीटते हैं। आरोपीगण पीड़िता को दहेज की मांग पूरी न होने पर जानलेवा धमकी भी देते हैं। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद पति व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### गोंडा के युवक की ट्रेन से गिरकर मौत, घर में मचा कोहराम

**मुंबई से घर लौटते वक्त हुआ हादसा, पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल**

**गोण्डा।** मुंबई से अपने घर लौट रहे इटियाथोक थाना क्षेत्र के निबिहा परसापुर निवासी मदन पांडेय (32) की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, मदन पांडेय अपने भाई शिवनाथ पांडेय (45) के साथ मुंबई की एक कंपनी में काम करते थे। तीन दिन पहले दोनों भाई गोंडा आने वाली ट्रेन से घर लौट रहे थे। यात्रा के दौरान शिवनाथ पानी लेने ट्रेन से उतरे थे, तभी मदन गलती से सिकंदराबाद जाने वाली ट्रेन में चढ़ गए। जब उन्हें ट्रेन के गलत होने का पता चला, तो उतरने की कोशिश में चलती ट्रेन से गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। शव घर पहुंचने पर पत्नी खुश्बू और परिजन बेसुध हो गए। मृतक के पीछे दो बेटियाँ नैंसी (11), सृष्टि (9) और एक बेटा राज (7) रह गए हैं। ग्राम प्रधान अनूप तिवारी ने बताया कि परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# त्योहारों, परीक्षाओं व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर डीएम और एसएसपी ने की वर्चुअल गोष्ठी - दिए सख्त दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर-** आगामी दीपावली, धनतेरस सहित विभिन्न त्यौहारों एवं जिले में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के मद्देनज़र शनिवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने संयुक्त रूप से वर्चुअल माध्यम से एक उच्च स्तरीय समीक्षा गोष्ठी आयोजित की। बैठक में जनपद के समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारीगण शामिल रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों और क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां सतर्कता बढ़ाएं। भीड़भाड़ वाले बाजारों, पूजा स्थलों व प्रमुख चौराहों पर साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था तथा अग्निशमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएम ने नगर निगम, विद्युत विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया ताकि मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि धनतेरस और दीपावली के दिनों में बाजारों में भारी भीड़ उमड़ती है, ऐसे में ट्रैफिक प्लान को पहले से तैयार कर लागू किया जाए। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, व पेट्रोलिंग की ठोस रूपरेखा तैयार करें। भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन कैमरे से निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए। एसएसपी ने यह भी कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि प्रदूषण एवं अनावश्यक भीड़भाड़ पर रोक सुनिश्चित की जाए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस कर्मियों को सौहार्दपूर्ण व्यवहार के साथ तत्परता से ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी व एसएसपी दोनों ने अधिकारियों से कहा कि प्रशासन व पुलिस का प्रयास यही होना चाहिए कि त्योहारों की खुशियां शांति, सुरक्षा और सौहार्द के साथ संपन्न हों। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, एडीएम, एसपी सिटी, एसपी ट्रैफिक सहित सभी संबद्ध अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्र में जनता से संवाद स्थापित कर त्योहारों को शांतिपूर्वक और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराएं।

# सियासत में असफल, अब शराब कारोबार से बना दबंग में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर।** राजनीति में किस्मत आज़माने वाला एक चर्चित नेता इन दिनों शराब कारोबार के चलते सुर्खियों में है। बताया जाता है कि इस नेता ने कभी हरदोई जिले से यूथ राजनीति में बड़ा पद पाने की कोशिश की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद लखनऊ यूनिवर्सिटी की छात्र राजनीति में सक्रिय हुआ और छात्र सभा का महत्वपूर्ण पद भी संभाला।

**सत्ता से नज़दीकियाँ और बढ़ता कारोबार**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, छात्र राजनीति के बाद इस नेता ने राजधानी के बड़े नेताओं की नज़दीकियों का फायदा उठाकर धन उगाही और अन्य गतिविधियों में दखल देना शुरू किया। बताया जाता है कि राजधानी लखनऊ में इसका एक रिज़ॉर्ट भी संचालित होता है, जो इसकी आर्थिक हैसियत का संकेत देता है।

**हत्या कांड का गवाह रह चुका है**

चर्चाओं में यह भी सामने आया है कि यह शख्स एक चर्चित हत्या कांड का मुख्य गवाह भी रह चुका है। अब राजनीतिक जमीन खोने के बाद इसने शराब कारोबार में गहरी पैठ बना ली है। इलाके में इसे लोग शराब कारोबार से जुड़ा दबंग मानते हैं।

**संरक्षण का आरोप**

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध कारोबार को राजनीतिक संरक्षण मिलने की वजह से यह फल-फूल रहा है। हालांकि, इस मामले में किसी भी स्तर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# फर्जी पत्रकारों की करतूतों से शर्मसार हुई पत्रकारिता

**●जिला प्रशासन जिन्हें पहले ही 'फर्जी पत्रकार' घोषित कर चुका – अब वही कुछ चैनलों पर बन रहे हैं 'हीरो'!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर।** पत्रकारिता, जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, आज कुछ फर्जी चेहरों की करतूतों से सवालों के घेरे में है। जनपद जौनपुर में ऐसी घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं जहाँ जिला प्रशासन द्वारा पहले से फर्जी घोषित व्यक्ति खुद को पत्रकार बताकर सक्रिय हैं – और चौंकाने वाली बात यह कि कुछ चैनल इन्हीं को "पत्रकार" बताकर प्रचारित कर रहे हैं। नतीजा, सच्ची पत्रकारिता की साख पर गहरा धब्बा लग गया है। याद दिला दें कि जिला महिला अस्पताल प्रकरण में भी ऐसे ही दो तथाकथित पत्रकार शामिल थे। उन्होंने अस्पताल में जबर्दस्ती घुसकर वीडियो बनाया, फिर महिला मरीज की निजता भंग करते हुए धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की थी। उस मामले में प्रशासन ने स्पष्ट किया था कि दोनों व्यक्ति किसी भी मान्यता प्राप्त मीडिया संस्थान से जुड़े नहीं हैं, बल्कि फर्जी आईडी के सहारे खुद को पत्रकार बताकर ब्लैकमेलिंग जैसी गतिविधियों में लिप्त थे।

अब वही नाम एक बार फिर सुर्खियों में हैं – कुछ मीडिया प्लेटफ़ॉर्म उन्हें "सच्चाई की आवाज़"बताकर प्रसारित कर रहे हैं, जबकि प्रशासनिक अभिलेखों में वे ब्लैकलिस्टेड और अयोग्य घोषित किए जा चुके हैं। पत्रकार संगठनों और वरिष्ठ संपादकों ने ऐसी हरकतों पर कड़ी नाराज़गी जताई है। उनका कहना है कि "फर्जी पहचान के सहारे सस्ती सुर्खियाँ बटोरने वाले"न केवल पत्रकारिता की आत्मा को चोट पहुँचा रहे हैं, बल्कि ईमानदार मीडियाकर्मियों की मेहनत और विश्वसनीयता पर भी कालिख पोत रहे हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, ऐसे चैनलों व पोर्टलों की निगरानी शुरू कर दी गई है, जिन्होंने फर्जी व्यक्तियों को पत्रकार बताकर रिपोर्ट प्रसारित की है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। अब सवाल सिर्फ इतना है क्या पत्रकारिता की गरिमा बचाने के लिए ऐसे नकली चेहरों पर शिकंजा कसा जाएगा, या फिर लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ कुछ लोगों के स्वार्थ की भेंट चढ़ता रहेगा?

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कार्रवाई की आंधी- राज्यपाल की नाराज़गी के बाद पांच अधिकारी हटाए गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर-** वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में अव्यवस्थाओं पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की कड़ी नाराज़गी का असर तीसरे दिन भी जारी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने लगातार कार्रवाई करते हुए अब तक पांच अधिकारियों को पद से हटाया है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने प्रशासनिक सख्ती दिखाते हुए चीफ वार्डन प्रो. सौरभ पाल को उनके पद से हटा दिया है। उनकी जगह एमबीए विभाग के शिक्षक एवं मानव संसाधन विकास शाखा के विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश पार्थिडकर को नया चीफ वार्डन नियुक्त किया गया है। कुलपति ने संकेत दिए हैं कि जांच के निष्कर्षों के बाद आगे और भी कार्रवाई हो सकती है।

इससे पहले, ट्रांजिट हॉस्टल के वार्डन डॉ. रतिराम सोनकर और द्रोपदी महिला हॉस्टल की वार्डन पूजा सक्सेना को तत्काल प्रभाव से हटाया जा चुका है। वहीं, समारोह के दौरान मंच पर बिजली गुल होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए इलेक्ट्रिशियन धीरज श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया। विश्वविद्यालय ने तीन अलग-अलग मामलों की जांच के लिए तीन समितियां गठित की हैं। गुरुवार को चीफ प्रॉक्टर प्रो. राजकुमार सोनी को भी पद से हटाने का आदेश जारी किया गया था।कुलसचिव केशलाल द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन पारदर्शिता, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। राज्यपाल द्वारा प्रबंधन में पाई गई कमियों पर असंतोष जताए जाने के बाद कुलपति ने विश्वविद्यालय में जवाबदेही और अनुशासन लागू करने की मुहिम तेज कर दी है।

### ट्रक के चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत



**जौनपुर।** चंदवक थाना क्षेत्र के रामदेवपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रक की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई वही सुचना पर पहुंचे थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने मौके पर पहुंच कर शव को पहचान न होने पर शव को पोस्टमार्टम हाउस मोर्चरी मे भेज दिया वहीं रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो जाने से करीब घंटो जाम लगा रहा।आननफानन मे तत्परता दिखाते हुए सत्य प्रकाश सिंह थाना प्रभारी मय फोर्स के साथ जाम को खाली कराया गया।

# सपा नेता व अन्य ने दलित ट्रैक्टर चालक को पीटा, वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर जफराबाद।** नगर पंचायत कजगाव के पानी टँकी के पास शुक्रवार की देर शाम को सपा नेता व उसके पुत्र सहित तीन लोगों ने दलित ट्रैक्टर चालक को दबंगो ने लाठी डंडे से मारा पीटा।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।तहरीर के आधार पर तीन लोगों पर गम्भीर धाराओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। लाइनबाजार क्षेत्र के तहरपुर परियावा गांव की दलित बस्ती निवासी प्रमोद कुमार पुत्र श्रीपत ट्रैक्टर लेकर कजगाव पानी टँकी के पास आया था।उसने ट्रैक्टर सड़क पर एक दुकान के सामने खड़ा किया हुआ था।आरोप है कि दुकानदार ने उसे वहां से ट्रैक्टर तुरन्त हटाने को कहा।जिसपर विवाद हो गया।देखते ही देखते सपा के मल्हनी विधानसभा अध्यक्ष निजामुद्दीन सहित कुछ लोगो ने उसको गाली देते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे।प्रमोद जब ट्रैक्टर को लेकर जाने के लिये ड्राइविंग सीट पर था तब भी उसपर लाठी डंडे से हमला किया गया।प्रमोद की तहरीर पर सपा नेता निजामुद्दीन अंसारी पुत्र पीर मुहम्मद,उनके पुत्र नवी अहमद तथा सेजर आलम पुत्र हाफिज के ऊपर मारपीट की धाराओं व 3(2) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया ट्रेक्टर को हटाने के लिए यह घटना हुई।आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### जनपद के सभी थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**देवरिया।** शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे और जनता की समस्याओं को सुनकर मौके पर कई मामलों का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में बेहतर जनसुनवाई, उत्तरदायित्व निर्धारण एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम लागू किया गया। इस व्यवस्था के तहत हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी अपनी डेस्क लगाकर जनता की शिकायतें सुनते हैं। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद पाण्डेय ने थाना बघौचघाट में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। मौके पर कुल चार प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम रवाना की गई। जनपद के सभी थानों पर कुल 109 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 17 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई के लिए संयुक्त टीमें गठित की गई।

# एक दिन की तहसीलदार बनी सारा चौधरी - बंदरों के आतंक से दिलाई राहत

**●अधिशाषी अधिकारी को दिया निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खेतासराय/ शाहगंज।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत शनिवार को शिवब्रत स्कूल की इंटरमीडिएट की मेधावी छात्रा 15 वर्षीय सारा चौधरी पुत्री राकेश चौधरी निवासी सुरिस को एक दिन के लिए तहसीलदार बनाया गया। सुबह तहसीलदार आशीष सिंह, कानूनगो संजय सिंह और लेखपाल ऋतुराज चौधरी,भावेश एडवोकेट ने उनका स्वागत किया। सारा ने तहसीलदार की कुर्सी संभालकर फरियादियों की समस्याएँ सुनीं ।जिसमे ज़मीन सम्बन्धी मामलों को संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उनकी समझदारी और तत्परता देखकर सभी प्रभावित हुए। नगर में बढ़ते बंदरों के आतंक की शिकायत पर सारा ने तत्काल नगर पालिका अधिकारी को फोन कर बंदरों को पकड़वाने और सुरक्षित स्थान पर छोड़े जाने के आदेश दिए। इस त्वरित निर्णय पर तहसील परिसर तालियों से गूंज उठा। सारा ने कहा - "अफसर बनने का मतलब जनता की समस्याएँ सुनकर उनका समाधान करना है।" तहसीलदार आशीष सिंह ने कहा कि यह पहल छात्राओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने वाली है। दिनभर के अनुभव के बाद सारा ने साबित किया कि बेटियाँ अवसर मिलने पर हर जिम्मेदारी बखूबी निभा सकती हैं।

# अन्नदाताओं के सम्मान के साथ के लिया गया समृद्ध राष्ट्र के निर्माण का संकल्प



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट-** अन्नदाताओं का सम्मान, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण के संकल्प के तहत शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना व दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करते हुए किसानों को 42000 करोड़ की कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया। साथ ही कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास बटन दबाकर किया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के सोनेपुर स्थित कलेक्टरेट सभागार में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा किसानों को इन योजनाओं का लाभ बताया गया। कलेक्टरेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने पीएम मोदी द्वारा शुरु की गई नई किसान परियोजनाओं की जानकारी देते हुए जनपद में कृषि से संबंधित दलहन, तिलहन, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए किसानों से अपील की। बताया कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने पशु मित्र अशोक कुमार, छविलाल, राजकुमार निषाद, अरविंद कुमार सिंह, अनीता सिंह सहित 23 लोगों को उत्कृष्ट कृत्रिम गर्भाधान कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वर्तमान में जनपद में कुल 109 पशु मित्र हैं। इस मौके पर कृषि उपनिदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार पाण्डेय, उपनिदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, महानगर अध्यक्ष रवि गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नौवें दीक्षांत समारोह में 37 मेधावियों को दिया जाएगा गोल्ड मेडल

**●सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में तीन नवंबर को दीक्षांत समारोह आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में तीन नवंबर को दीक्षांत समारोह आयोजित होगा विवि प्रशासन की ओर से नौवें दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल पाने वाले 37 मेधावियों की सूची जारी कर दी गई है। इसमें जारी मेधावियों के बारे में आपत्ति 14 अक्टूबर तक मंगा गया है। आपत्ति निस्तारण के बाद गोल्ड मेडल के लिए अंतिम सूची को जारी किया जाएगा। सिद्धार्थ विवि के कुलसचिव दीनानाथ यादव की ओर से जारी पत्र के मुताबिक नौवें दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की अंतिम श्रेष्ठता सूची, श्रेष्ठता सूची निर्माण व पदक निर्माण समिति के सदस्यों के द्वारा निर्मित कर ली गई है।

श्रेष्ठता सूची के संदर्भ में कोई आपत्ति 14 अक्टूबर तक मान्य होगी। उसके बाद सूची को फाइनल मानकर चिंहित छात्र-छात्राओं को तीन नवंबर को आयोजित दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। पुष्पलता यादव, बीए, एआरसी पीजी कॉलेज मुडाडीहा बैंग संतकबीरनगर ,अर्पिता शर्मा, बीकॉम, सरस्वती देवी महाविद्यालय निचलौल महराजगंज ,ज्योति पासवान, बीएससी गृह विज्ञान, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, हर्षिता यादव, बीएससी कृषि, चौधरी चरण सिंह पदमापुर पांडव नगर बस्ती, अर्पिता सिंह, बीबीए, एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर, आयशा खातुन, बीसीए, एआरसी पीजी कॉलेज मुड़ाडीहा वेग संतकबीरनगर ,कुमारी भार्गव मणि तिवारी, एलएलबी, मनु ला कॉलेज चिउटहा महराजगंज ,आशीष अधिकारी, एमए प्राचीन इतिहास, संतकबीर विद्या पीठ महाविद्यालय मगहर संतकबीरनगर, शांभ्वी पाठक, एमए अर्थशास्त्र, शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज बस्ती, आयुष श्रीवास्तव, एमए अंग्रेजी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सलमा खातुन, एमए गृह विज्ञान, श्रीराम सहाय सिंह कन्या महाविद्यालय महरीपुर बस्ती, कुमारी रोशनी जायसवाल, एमए मनोविज्ञान, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु ,शिवम पटेल, एमए इतिहास, श्रीमोहन धनसीरा महाविद्यालय जंगल बेलहर संतकबीरनगर, निक्कु गुप्ता, एमए राजनीति शास्त्र, जीपीएस स्नाकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद,प्रिया अग्रहरि, एमए संस्कृत, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, तसनीम अंजुम, एमए उर्दू, जीएस महाविद्यालय जामडीह बस्ती, कुमारी दीपशिखा अग्रहरि, एमए लोक प्रशासन, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु ज़ वैष्णवी त्रिपाठी, एमए समाजशास्त्र, सरस्वती देवी महाविद्यालय निचलौल महराजगंज , साक्षी त्रिपाठी, एमकॉम, प्रेमलता महाविद्यालय अछिया मेहदावल संतकबीरनगर ,मो. अयान अली, एमएससी बायोटेक्नालॉजी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, आराधना वर्मा, एमएससी वनस्पति विज्ञान, एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर, ललिता यादव, एमएससी रसायन विज्ञान, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सची मिश्रा, एमएससी गणित, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, अनामिका त्रिपाठी, एमएससी जंतु विज्ञान, एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर, अंशी देवी, एमए, एमएससी एपीएन पीजी कॉलेज बस्ती, दीपाली, एमएससी भौतिक विज्ञान, एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर, आकाश, एमएससी एजी एग्रोनोमी, चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज पदमापुर पांडव नगर बस्ती, काजल चौधरी, एमएससी एजी हर्टिकल्चर, चौधरी चरण सिंह पदमापुर पांडव नगर बस्ती, सृजना चौधरी, एमएससी एजी एक्स्टेसन, चौधरी चरण सिंह पदमापुर पांडव नगर बस्ती, प्राची जायसवाल, एमबीए, सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु, तुषार चौधरी, बीपीएड, शिवशंकर चतुर्वेदी स्नाकोतर महाविद्यालय टुंगपार संतकबीरनगर , आकृति श्रीवास्तव, बीएड, एचआर पीजी कॉलेज खलीलाबाद, सुरभी सिंह, एमएड, पंडित अंबिका प्रताप नरायण स्नाकोत्तर महाविद्यालय डुमरी हरिहरपुर, संतकबीरनगर, जोबेरिया जरीन बीएससी विमला विक्रम महाविद्यालय पचपेड़वा बलरामपुर , कुमारी रागनी राय, एमए शिक्षा शास्त्र, एचआरपीजी कॉलेज खलीलाबाद ,किरन बाला, एमए भूगोल, चौधरी चरण सिंह पदमापुर पांडव नगर बस्ती, शशि त्रिपाठी, एमए हिंदी, जवाहर लाल नेहरु स्मारक पीजी कॉलेज महराजगंज शामिल हैं।

# मेडिकल कॉलेज के पानी टंकी में अशोक की दम घुटने से हुई थी मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में 6 अक्टूबर को पानी की टंकी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया था। सूचना पर क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान रेड्डी ने बताया कि पुलिस जांच में मृतक की पहचान अशोक गवांडे (61 वर्ष) पुत्र स्व. बीकाजी गवांडे, निवासी आदित्य विश्व कॉम्प्लेक्स, चंद्रोदय कॉम्प्लेक्स के सामने, कुलगांव, थाना अम्बरनाथ, जिला ठाणे, महाराष्ट्र के रूप में हुई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें डॉक्टरों ने दम घुटने से मौत की पुष्टि की है। शव का विसरा सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संघर्ष की साक्षात् प्रतिमूर्ति थे जयप्रकाश नारायण - चंद्रभूषण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** देश के स्वतंत्रता आंदोलन और आजादी के बाद लोकतंत्र को चिरस्थायी बनाने के लिए कठिन संघर्ष करने वाले समाजवादी पुरोधा लोकनायक जयप्रकाश नारायण संघर्ष की साक्षात् प्रतिमूर्ति थे। यह बातें सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित जयप्रकाश नारायण जयंती कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने बिना कोई पद लिए राष्ट्र को आजादी दिलाई और आपातकाल समाप्त कराकर लोकतंत्र को नया जीवन दिया। वे चाहते तो प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बन सकते थे, लेकिन उन्होंने दूसरों को आगे बढ़ाया और स्वयं संघर्ष को अपना जीवन बनाया। उन्होंने आजादी के पहले अंग्रेजों की जेलों में कठोर यातनाएं सही और आजादी के बाद इमरजेंसी के दौरान भी लोकतंत्र की रक्षा हेतु जेल यातनाएं भोगीं। उनका सम्पूर्ण जीवन लोकहित, लोकमत और लोककल्याण के लिए समर्पित रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना समाधान दिवस पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा फरियादियों की समस्याओं का किया गया निस्तारण



**कानपुर।** आज दिनांक 11.10.2025 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना पनकी में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गई। इस दौरान उन्होंने उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को न्यायोचित, पारदर्शी एवं त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। महोदय द्वारा अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके।

### 13 अक्टूबर तक छात्रों की छात्रवृत्ति स्वीकृति व अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से डाटा होगा लॉक

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम् (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12) योजना में आनलाइन पिछड़ी जाति वर्ग के छात्रों हेतु 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा शुद्ध डाटा के सम्बन्ध में निर्णय लिया जायेगा एवं पात्र छात्रों की छात्रवृत्ति स्वीकृति की जायेगी तथा जनपद स्तरीय अधिकारी, विभागीय अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से डाटा लॉक किया जायेगा।

### शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की मोटर साइकिल बरामद

**प्रतापगढ़।**वादी निवासी ग्राम भुपिया मऊ, थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़ के द्वारा थाना कोतवाली नगर पर तहरीर गई थी कि 04 अक्टूबर को जिला अस्पताल प्रतापगढ़ से मोटरसाइकिल चोरी गई है। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 498/25, धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर के उप निरीक्षक प्रशान्त दूबे मय हमराह द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 498/25, धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त मो0 साहिल पुत्र मो0 समीम निवासी सराय सुहागा फरीदीपुर थाना गोसाईगंज जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 21 वर्ष को 01 चोरी की मोटर साइकिल सुपर स्पलेंडर के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत के पास से गिरफ्तार किया गया है।अभियुक्त के कब्जे से एक चोरी की मोटर साइकिल सुपर स्पलेंडर की बरामदगी के संबंध में उक्त अभियोग में धारा 317(2)/317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला

**सिद्धार्थनगर ।** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के डोकम अमया गांव में शनिवार की सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अतीउल्लाह (22) पुत्र शेर बहादुर निवासी डोकम अमयानिवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अतीउल्लाह शुक्रवार दोपहर से लापता था। परिजनों ने देर रात तक उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह गांव के पश्चिम स्थित आम के बाग में कुछ चरवाहों ने पेड़ से लटका शव देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि वह अतीउल्लाह हैं। यह देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। अतीउल्लाह की डेढ़ वर्ष पहले शादी हुई थी और उसकी एक वर्ष की बेटी भी है। सूचना पर त्रिलोकपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई की गई और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस संबध में थानाध्यक्ष राम देव का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

# दीपावली पर्व पर मिलावटखोरों पर बड़ी कार्यवाही

**●बड़ी मात्रा में तेल, खोया-छेना दूध नष्ट किया**

**ग्राहक संतुष्टि फीडबैक स्टीकर लगवाए गए**

**35705 लीटर खाद्य तेल व 315 किलो खराब खोया-छेना सीज दूध/नष्ट**

**कुल मूल्य 53,51,291/- की जब्त/नष्ट कार्यवाही।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वद्ध संजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही की गई।

**नमूना संग्रहण एवं निरीक्षण**

इस दौरान खोया, पनीर, दूध, घी, मिठाई, नमकीन, ड्राई फ्रूट्स, खाद्य तेल, वनस्पति,



रंगीन मीठे खिलौने आदि के कुल 25 नमूने विभिन्न प्रतिष्ठानों से संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

**मुख्य कार्यवाहियां**

मेसर्स-गायत्री तेल उद्योग, फजलगंज, कानपुर नगर खाद्य सचल प्रयोगशाला (एफएसडब्ल्यू) की जांच में संदेहास्पद पाए जाने पर 35705 लीटर खाद्य तेल (अनुमानित मूल्य ?53,,03,087/-) को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सीज किया गया। उपरोक्त प्रतिष्ठान पर नजदीक समय में कालातीत होने वाले खाद्य तेल के टिन पर अग्रिम तिथि के स्टीकर लगाये जा रहे थे। मेसर्स-सत्यम स्वीट्स हाउस, महाराजपुर, कानपुर नगर-अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्मित खराब गुणवत्ता के 75 किलोग्राम छेना (अनुमानित मूल्य 22,500/-) को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा नष्ट कराया गया।

रेऊना, घाटमपुर, कानपुर नगर अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्मित खराब गुणवत्ता का 240 किलोग्राम खोया व बदबूदार दूध (अनुमानित मूल्य 23,000/-) नष्ट कराया



गया। साथ ही 10 किलोग्राम वेजीटेबल फैट (अनुमानित मूल्य 2,704/-) को सीज किया गया। कुल कार्यवाही का मूल्यांकन कुल सीज/नष्ट खाद्य सामग्री का अनुमानित मूल्य 53,51,291/-

**अन्य महत्वपूर्ण बिंदु**

खाद्य सचल प्रयोगशाला (एफएसडब्ल्यू) द्वारा विभिन्न स्थलों पर मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच की गई।

**स्वच्छता एवं उपभोक्ता सुरक्षा संबंधी निर्देश**

खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता एवं हाइजीनिक दशाओं में खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही दूध एवं छेने से बनी मिठाइयों के विक्रेताओं को अपनी दुकान पर उपयोग अवधि (Shelf Life) बड़े अक्षरों में अंकित करने के निर्देश प्रदान किए गए। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनमानस को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। त्योहारी सीजन के दृष्टिगत यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा और मिलावटखोरों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत सर्किट हाउस सभागार में पूनम द्विवेदी करेंगी जनसुनवाई



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित कराने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने तथा महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनपद कानपुर नगर में दिनांक 15 अक्टूबर, 2025 को आयोग की मा. सदस्य श्रीमती पूनम द्विवेदी का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सर्किट हाउस के सभागार में महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात द्वितीय सत्र में "मिशन शक्ति" अभियान के अंतर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी।

## पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल द्वारा विवेचनाओं की समीक्षा एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** दिनांक 11.10.2025 को पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल श्रवण कुमार सिंह द्वारा थाना स्वरूपनगर व नजीराबाद के विवेचकों का सेंट्रल जोन कार्यालय पर अर्दली रूम किया गया एवं आगामी त्योहारों दीवाली, भैया दूज एवं छठ पूजा – के दृष्टिगत सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल द्वारा दिए गए प्रमुख निर्देश निम्नलिखित हैं- शीघ्र एवं निष्पक्ष विवेचना - लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। गुणवत्तापूर्ण विवेचना - भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को समाहित कर विवेचना को मजबूत बनाया जाए। अपराधी किस्म का सत्यापन - आपराधिक प्रवृत्ति, सांप्रदायिक तत्वों और माफिया किस्म के व्यक्तियों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाए। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल श्रवण



कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि कठोर कार्रवाई - चिन्हित अपराधियों एवं भू-माफियाओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। लंबित मामलों का निस्तारण - C M-डैशबोर्ड, IGRS और अन्य लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। त्योहारों के मद्देनज़र विशेष सतर्कता - दीवाली, भैया दूज और छठ पूजा के अवसर पर संवेदनशील स्थलों पर विशेष पुलिस व्यवस्था, फ्लैग मार्च, CCTV/ड्रोन निगरानी और भीड़ नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का विधायक, डीएम, जनप्रतिनिधियों व किसानों ने देखा सजीव प्रसारण

**● पशुपालन विभाग के 16 पशु मित्रों को वैक्सीन कार्य में सराहनीय योगदान हेतु किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन मिशन योजना का शुभारम्भ पर जनपद मुख्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, समस्त विकास खण्ड मुख्यालय, समस्त ग्राम पंचायत भवन, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, सहकारी समितियो, मण्डी समिति/एग्रीकल्चर मार्केट में सजीव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित कराकर जनपद के कृषको एवं जनप्रतिनिधियो व अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। कृषि भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि बी0एल पटेल, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा एवं जनपद के कृषको व उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिकता विभाग के अधिकारियो/कर्मचारियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव



द्वारा सभी उपस्थित कृषको, अधिकारियो एवं जनप्रतिनिधियो का स्वागत किया गया तथा प्रधानमंत्री जी द्वारा शुभारम्भ की जा रही योजना के बारे में जानकारी दी गयी। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन मिशन योजना में सम्मिलित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र अवधेश सहित गोविन्द सरोज विकास खण्ड गौरा, रामसुमेर विकास खण्ड कालाकांकर द्वारा प्रतिभाग कर वहां से योजना के बारे में जानकारी की गयी। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज व जिलाधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग के 16 पशु मित्रो को वैक्सीन कार्य में सराहनीय योगदान करने पर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियो द्वारा कृषि भवन में मिलेट्स/श्री अन्न के उपभोग प्रति लोगो को जानकारी प्रदान करने हेतु निर्मित मिलेट्स गैलरी का अवलोकन किया गया, जिसकी जिलाधिकारी द्वारा उप कृषि निदेशक की प्रशंसा भी की गयी तथा जनपद के कृषको से मिलेट्स के संबध में जानकारी प्रदान कर उसे अपने आहार में अपनाने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक द्वारा कृषको को अवगत कराया गया कि जनपद में रबी फसल हेतु दलहनी तिलहनी बीजो की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है, जिसे किसान गण 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त सरसो व अलसी बीज मिनीकिट का वितरण कृषि विभाग के पोर्टल के माध्यम से 20 अक्टूबर तक ऑनलाइन बुकिंग कर किसानों को निःशुल्क अपने विकास खण्ड के बीज भण्डार से प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम के उपरान्त विधायक विश्वनाथगंज एवं अन्य जनप्रतिनिधियो द्वारा जनपद के 100 कृषको को प्रदेश बाहर भ्रमण करने हेतु 02 बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। भ्रमण दल में जनपद के समस्त विकासखण्ड के कृषको द्वारा पंतनगर एवं भरतपुर राजस्थान में स्थित कृषि विश्व विद्यालयो में भ्रमण कर कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी प्राप्त की जायेगी।

# खेती किसानी बिजली की बदतर व्यवस्था भाजपा शासित राज्यों की सबसे बड़ी नाकामी- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा की सरकार में किसान नौजवान तथा युवाओं समेत हर तबके को निराशा हाथ लग रही है। उन्होने कहा कि भाजपा का किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े बड़े दावे की असलियत इस समय खाद की कालाबाजारी से उजागर हो गयी है। उन्होने कहा कि सरकार में बैठे मंत्री और अधिकारी अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भरने के लिए किसानों को खाद नहीं उपलब्ध करा पा रहे हैं। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि किसानों को जब भी यूरिया की आवश्यकता होती है तो साधन सहकारी समितियों व सरकारी केन्द्रों से यह नदारद मिला करती है। उन्होने कहा कि किसानों को मजबूर होकर बढ़े दाम पर बाजार से कालाबाजारी की पीड़ा के साथ खाद लेनी पड़ती है। शनिवार को रांकी में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने किसानी तथा खेती के साथ बिजली के क्षेत्र में असफलताओं पर भाजपा सरकार की जमकर घेराबंदी की। उन्होने कहा कि प्रदेश में मांग के अनुसार बिजली की आपूर्ति करने में भी भाजपा सरकार असफल हो रही है। उन्होने कहा कि आपूर्ति के तय रोस्टर में भी बिजली की आपूर्ति न होना आम आदमी के लिए तकलीफदेह है। उन्होने कहा कि छात्रों



एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ व्यापारी वर्ग का कारोबार भी बिजली संकट से अंधकारमय हो उठा है। उन्होने कहा कि आपूर्ति के बदतर हालात में ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर के जरिए अब बिजली का बिल कई गुना अधिक आ रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि जर्जर तारों एवं टूटे खम्भों को बदलने में नाकाम सरकार स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ताओं पर बिल का बोझ लाद रही है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने जनसभा में मध्य प्रदेश तथा राजस्थान में खांसी की दवा के नाम पर बच्चों को जहर पिलाने की घटना को भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी की पराकाष्ठा कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा शासित राज्य हरियाणा में एडीजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई पूरन कुमार को जातीय आधार पर उत्पीड़न और अपमान तथा प्रताड़ना के चलते आत्महत्या करनी पड़ी। उन्होने कहा कि ग्यारह साल में भाजपा के राज में दलित अधिकारी के उत्पीड़न की घटना संविधान में समता के अधिकार का खुला उल्लंघन है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकारी आंकड़े खुद बता रहे हैं कि भाजपा राज में दलित, महिलाओं, गरीब अल्पसंख्यक और अनुसूचित जाति का उत्पीड़न सर्वाधिक हुआ है। उन्होने रामपुरखास के लोगों को विधायक मोना के द्वारा संचालित विकास योजनाओं को समयबद्ध पूरा कराये जाने का भी भरोसा दिलाया। जनसभा की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संचालन गंगेश सिंह ने किया। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी नसीरपुर के स्वतंत्रता सेनानी बृजेशचंद्र कौशिक इण्टर कालेज में हुए शैक्षिक महोत्सव में शामिल हुए। यहां उन्होने शैक्षिक परिवेश की मजबूती को लेकर विधायक मोना की ओर से शिक्षण कक्ष के लिए विधायक निधि से दो लाख रूपये की सौगात दिये जाने की घोषणा की। दीवानगंज में सांसद प्रमोद तिवारी श्यामशंकर पाण्डेय के संयोजन में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में भी शामिल हुए। लालगंज बाजार में रवी जायसवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भी सांसद प्रमोद तिवारी ने व्यापारियों को कारोबारी के क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आशीष उपाध्याय, दृगपाल यादव, पूर्व जिपंस महेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, दिवाकर सिंह, डा0 इंद्रजीत सिंह, बृजेश सिंह, दशरथ कोरी, रामाधार कोरी, सुशील सिंह, आशुतोष मिश्र, आदि रहे।

## बच्चे देश के कर्णधार है उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए- क्षेत्राधिकारी रघुवंशी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** बच्चे देश के कर्णधार हैं उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। उक्त विचार पट्टी कोतवाली में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के तहत 03 से 11अक्टूबर तक मनाये जा रहे अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के क्रम में शनिवार को तरुण चेतना द्वारा संचालित बाल अधिकार परियोजना के बच्चों के एक्सपोजर विजिट के दौरान क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने कही।श्री रघुवंशी ने बच्चों को एफआईआर प्रक्रिया, पॉक्सो एक्ट,और बाल सुरक्षा के बारे में जानकारी दिया। बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होने कहा कि आप अपने रुचि अनुसार तनावमुक्त पढ़ाई करें सफलता अवश्य मिलेगी। इसी क्रम में मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक अर्चना ने बच्चों को साइबर क्राइम 1930, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस हेल्पलाइन 112 सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उपनिरीक्षक




ज्योति ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर पुलिस द्वारा नियंत्रण और त्वरित कार्यवाही के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल ने भी कविताओं के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पट्टी अभिषेक कुमार सिरोही ने बच्चों को मिशन शक्ति केंद्र, बंदी गृह, व थाना परिसर का भ्रमण कराकर पुलिस द्वारा किए जा रहे अपराध नियंत्रण की भौतिक जानकारियां दी। सिरोही ने मिशन शक्ति के तीन स्तंभ ÷नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,एवं नारी स्वावलंबन÷ पर विशेष जोर देते हुए बालिकाओं को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने संस्था व परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए गुड टच, बैड टच व बाल आधिकारों का हनन होने पर चुप्पी तोड़ने का आह्वान किया। कार्यकम में बाल अधिकार परियोजना के कोऑर्डिनेटर अच्छेलाल बिंद, हकीम अंसारी, शकुंतला देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन तरुण चेतना के उप निदेशक श्याम शंकर शुक्ल ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मी, कामिनी, माही गुप्ता, साक्षी, आयरा अंजुम सहित सैंकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग कर बाल आधिकारों की जानकारी लिया।

## कृषक कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक कृषि तकनीकी अपनाएं - डॉ प्रदीप कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के सोहना कृषि विज्ञान केन्द्र में शनिवार को कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने और किसानों को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (PMDDKY) एवं दलहन आत्मनिर्भर मिशन के शुभारंभ का सजीव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 300 से अधिक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत



सदस्य प्रदीप कसौधन ने किसानों को केंद्र व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और नई जानकारी का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार ,डॉ. शेष नारायण सिंह ,डॉ. सर्वजीत , डॉ. प्रवेश कुमार , डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र ने कार्यक्रम में मौजूद किसानों को तकनीकी विधि से खेती करने की सलाह दी।कार्यक्रम में किसानों को कृषि विशेषज्ञों ने फसल प्रबंधन, नई तकनीक और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी वक्ताओं ने किसानों से केंद्र से जुड़े रहने और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील की ।

## सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है हरियाणा आईपीएस की आत्महत्या का मामला- शिवबाबू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट–** बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने हरियाणा राज्य में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा जातिवादी शोषण व प्रताड़ना के कारण की गई आत्महत्या पर दुःख प्रकट किया है। साथ ही इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों का सख्त सजा दिए जाने की मांग की है। बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह दुःखद घटना अत्यंत गंभीर है। खासकर एक सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है और यह साबित करती है कि भले ही बड़े-बड़े दावें किए जाएं, किंतु जातिवाद का दंश शासन-प्रशासन में भी हावी है और सरकारे इसे रोक



पाने में विफल साबित हो रही है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की समयबद्ध स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और इसके दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। जिससे सभ्य समाज को शर्मिंदा करने वाली ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा कहीं न होने पाए। हरियाणा सरकार इस घटना को पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता से लेते हुए इसकी लीपापोती करने का प्रयास न करें और जांच के नाम पर खानापूर्ति नहीं होनी चाहिए। साथ ही भारत सरकार को भी इस घटना का संज्ञान लेना चाहिए। इसके अलावा ऐसी घटनाओं को उन लोगों को जरूर सीख लेनी चाहिए, जो एससी/एसटी व ओबीसी आरक्षण को आर्थिक स्थिति से जोड़कर क्रीमी लेयर की बात करते है। इस घटना से पता चलता है कि धन व पद पा लेने के बाद भी जातिवाद उनका पीछा नहीं छोड़ता है और प्रत्येक स्तर पर जातिवादी शोषण, अत्याचार व उत्पीड़न लगातार जारी रहता है। जिसके लिए बहुजन समाज पार्टी निरंतर संघर्ष करते हुए सर्व समाज को हक और बराबरी दिलाने का प्रयास कर रही है।

## समाधान दिवस में अफसरों ने सुनीं शिकायतें, निस्तारण शून्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में लालगंज कोतवाली में बीस शिकायतें आयी। अफसरों ने सुनवाई करते हुए फरियादियों को समाधान का भरोसा दिलाया। यहां सीओ आशुतोष मिश्र ने शिकायतों की सुनवाई की। लीलापुर थाने में जिले के अपर पुलिस अधीक्षक बृजनन्दन राय तथा एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की। यहां पांच शिकायतें आयी। सांगीपुर थाने में सोलह शिकायतें आयी। थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने शिकायतों की सुनवाई की।

# जयप्रकाश नारायण की एक सौ तेइसवी जयन्ती पर सपा महानगर कार्यालय मे विचार गोष्ठी

**●जे0 पी0 ने इंडियन मेडिकल एसोसियेशन की छत से सन 1974 में सम्बोधन में कहा था**

**सम्पूर्ण क्रान्ति आन्दोलन से भ्रष्टाचार का अन्त व सत्ता परिवर्तन होगी- फ़ज़ल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर की ने लोकतन्त्र के सजग प्रहरी जयप्रकाश नारायण की एक सौ तेईसवीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी दिन में 3 बजे सपा हाल नवीन मार्केट में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता मे आरंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन महासचिव संजय सिंह बंटी ने किया कार्यक्रम संयोजक अर्पित त्रिवेदी अध्यक्ष युवजन सभा ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि जयप्रकाश नारायण का जन्म ॥ अक्टूबर




1902 को ग्राम सारण मे हुआ था जय प्रकाश नारायण की शिक्षा अमेरिका कैलीफोर्निया में हुई और इसके बाद समाजवादी मिशन में आजादी की लड़ाई के लिये कूद पड़े। इन्हें अंग्रेजो ने,जेल में कई बार लम्बे समय बन्द सखा और यातनायें देकर प्रताडित किया लेकिन यह डिगें नहीं और बराबर आजादी के लिये संघर्ष करते रहे। अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि बिहार के बाद सन 1974 में इन्डियन मेडिकल एसोसियेशन छत लाखों नवजवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण क्रान्ति अन्दोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्ता परिवर्तन की लडाई जीती जायेगी जनसभा मे एसोसियेशन बिल्डिंग से लेकर परेड नवीन मार्केट चौराहे तक लाखों-लाख की भीड़ थी। इसके बाद 24 जून 1975 को दिल्ली में रैली हुई और 25 जून को सुबह 4 बजे जयप्रकाश नारायण सहित सभी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया इसके बाद इमरजेन्सी लगी लेकीन 18 जनवरी 1977 लोकसभा चुनाव घोषित हुआ और जनता पार्टी की सरकार बनी। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी,नंदलाल जयसवाल,आंनद शुक्ला, सत्यनारायण गहरवार, रजत मिश्रा, अर्पित त्रिवेदी,दीपक खोटे, शादाब आलम, शिवकुमार बाल्मिक, प्रवीण मिश्रा, राजेंद्र जयसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कैमहरा में चल रही श्री कृष्ण रासलीला में कालिया दहन का किया गया मंचन

**मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कौशल वर्मा ने पूजा अर्चना कर की आरती।**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला छोटी काशी तहसील क्षेत्र के गांव कैमहरा में स्थित देवेश्वर नाथ मन्दिर पर दिनांक पांच अक्टूबर से ग्यारह अक्टूबर तक चलने वाली श्री कृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छठवें दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सनशाइन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. कौशल वर्मा ने पूजा अर्चना कर भगवान् की आरती की। आयोजकों द्वारा डॉ. कौशल वर्मा को सम्मानित किया गया। शाम की लीला में ब्रंदावनधाम से पधारे कलाकारों ने कालिया दहन का प्रसंग दिखाया, भगवान् श्री कृष्ण ग्वाल वालों के साथ गेंद खेल रहे थे, गेंद यमुना नदी में चली जाती है। भगवान् कृष्ण गेंद नदी में गिरने के बाद नदी में कूद जाते हैं। और कालिया नाग पर नाचते हुए उसे परास्त कर देते हैं। भगवान् कृष्ण के चरण- चिन्ह अंकित होने के बाद कलिया नाग गरुण के भय से मुक्त होकर रमणीक दीप चला जाता है। साथ ही सुंदर- सुंदर सजीव चित्रण के साथ श्रोताओं ने श्री कृष्ण की लीलाओं का भरपूर आनंद लिया इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### विद्या निकेतन में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 11अक्टूबर 2025 को स्थानीय विद्यालय वि0कुँ0स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज गोला में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। जिसका उद्देश्य बालिकाओं को विकास के अवसर प्रदान कर समाज में बालिकाओं को सम्मान और अधिकार दिलाना है तथा बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती गरिमा अखिलेश वर्मा वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, कार्यक्रम अध्यक्ष- श्रीमती मधु त्रिपाठी प्राचार्या वि0 कुँ0 स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन, विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंजुलता अध्यक्ष भा0ज0पा0 महिला मोर्चा, सुजीता कुमारी महिला आयोग सदस्य श्रीमती मोना भसीन, श्रीमती सौरभ वर्मा, श्रीमती ख़दीजा खातून, श्रीमती सारलेस वर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र का माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।इस साल की थीम "लड़कियों का नेतृत्व और उनकी स्वतंत्र पहचान" है। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती गरिमा अखिलेश वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालिकायें केवल भविष्य की आशा नहीं हैं, बल्कि आज बदलाव लाने की असली शक्ति भी हैं। हर बालिका में समाज और समुदाय को दिशा देने की क्षमता मौजूद है, बस उसे पहचान और अवसर की जरूरत है। इस अवसर पर विभिन्न परीक्षाओं में चयनित विद्यालय की छात्राओं मल्लिका गुप्ता-ISS, अनुष्का वर्मा सीए प्रज्ञा वर्मा नीट, तान्या पटेल-नीट एवं अनुष्का वर्मा- नीट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती पूजा पाण्डेय द्वारा किया गया।

### राजस्थान- दिल का दौरा पड़ने से पुलिस कांस्टेबल की मौत

**राजस्थान** के जयपुर में पुलिस के एक सिपाही की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 52 वर्षीय कैलाश चंद्र गुर्जर यहां श्याम नगर थाने में वाहन चालक के पद पर तैनात थे। पुलिस के मुताबिक, कैलाश चंद सामोद के सुल्तानपुरा गांव के रहने वाले थे।श्याम नगर थाना अध्यक्ष दलवीर सिंह ने बताया कि लगभग 27 वर्ष से राजस्थान पुलिस में कार्यरत रहे कैलाश पिछले आठ साल से श्याम नगर थाने में तैनात थे। उन्होंने बताया कि कैलाश चंद बृहस्पतिवार शाम को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद सामोद अपने घर लौट गये थे। अधिकारी ने बताया, "वह रोजाना सुबह लगभग चार बजे उठकर काम के लिए तैयार होते थे लेकिन शुक्रवार को जब वह नहीं उठे तो उनके परिवार के सदस्य उन्हें देखने गए और मौके पर उन्हें बेहोश पाया।" उन्होंने बताया कि परिवार उन्हें सामोद के एक अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि सोते समय दिल का दौरा पड़ने से कैलाश चंद की मौत हो गयी। अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया।

# बंगाल में आरजी कर जैसी एक और वारदात, मेडिकल छात्रा को अस्पताल के बाहर से घसीटकर ले गए और रेप किया

**● मेडिकल छात्रा के पिता ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें उनकी बेटी के दोस्त ने घटना की सूचना दी। उन्होंने आरोप लगाया, जब मैं वहाँ पहुँचा, तो मेरी बेटी की हालत गंभीर थी और अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पश्चिम बंगाल में एक निजी मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा को अस्पताल परिसर में कथित तौर पर घसीटकर उसके साथ बलात्कार किया गया। यह घटना 2024 के आरजी कर मामले की याद दिलाती है, जिसमें एक जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या कर दी गई थी। पीड़िता, जो ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है, राजधानी कोलकाता से 170 किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्र दुर्गापुर के शोभापुर के पास स्थित एक निजी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। सूत्रों के अनुसार, छात्रा शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे अपने एक पुरुष मित्र के साथ परिसर से बाहर निकली थी। परिसर के गेट के पास एक व्यक्ति उसे कथित तौर पर अस्पताल के पीछे एक सुनसान इलाके में खींचकर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और जाँच शुरू की। पीड़िता को मेडिकल जाँच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों और महिला के साथ आए उसके दोस्त सहित अन्य लोगों से भी पूछताछ शुरू कर दी है।

**'कैंपस में कोई सुरक्षा नहीं'**

मेडिकल छात्रा के पिता ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें उनकी बेटी के दोस्त ने घटना की सूचना दी। उन्होंने आरोप लगाया, जब मैं वहाँ पहुँचा, तो मेरी बेटी की हालत गंभीर थी और अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने आगे बताया कि उनकी बेटी अपने प्रेमी वासिफ अली के फोन के बाद फुचका (गोलगप्पे) खाने के लिए कैंपस के बाहर गई थी। पीड़िता के पिता ने बताया, जब वह कैंपस के गेट पर पहुँची, तो वहाँ चार-पाँच लोग मौजूद थे। उनमें से एक ने उसके साथ बलात्कार किया, उसका मोबाइल फ़ोन छीन लिया और उसे वापस करने के लिए 3,000 रुपये मांगे। लड़का उसे छोड़कर भाग गया। उन्होंने उसके साथ बलात्कार किया।

**राज्य सरकार की आलोचना**

इस घटना के सामने आने के बाद, पश्चिम बंगाल डॉक्टर्स फ्रंट (WBDF) ने मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की कड़ी निंदा की और इसे एक और डरावनी याद दिलाने वाला बताया कि महिलाएँ (राज्य में) परिसरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। लड़की के लिए न्याय की माँग करते हुए, डब्ल्यूबीडीएफ ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को मामले का संज्ञान लेना चाहिए और न्यायिक जाँच का आदेश देना चाहिए। पश्चिम बंगाल की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने भी ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बार-बार विफल हो रही है।

## थाना गोला व हैदराबाद क्षेत्र में स्थित स्थाई पटाखा की दुकानों को चेक किया गया।

**गोला उप जिलाअधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने पटाखो की दूकानो को चेक कर परखी उनकी सुरक्षा ब्यवस्था।**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कस्बा गोला क्षेत्र में 05 दुकाने मोहम्मदी रोड व तहसील रोड पर तथा ग्रामीण क्षेत्र भैंठिया जलालपुर मूडासवारान व हैदराबाद थाना क्षेत्र के ममरी कस्बे मे तीन स्थित लाइसेंस स्थायी दुकाने कुल 11 स्थायी लाइसेंस धारको की दुकानो को उपजिलाधिकारी गोला युगांतर त्रिपाठी पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक क्राइम संतोष सिंह व हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद सुनील मलिक अग्निशमन के प्रभारी सुरेन्द्र सिह शिन्दें द्वारा चेक किया गया।इस दौरान पटाखे की दुकाने चेक करने के दौरान निर्देशित किया गया कि वह अपनी अपनी दुकानो के रख रखाव सुनिश्चित करे। व लाइसेंस मे जितना स्टाक है उससे ज्यादा मसाला आदि न रखे। अग्नि भुझाने के लिये यंत्र आदि ऐक्टिंव मोड पर रखे।हालाकि जो दुकाने जहां पर पूर्व की भांति रखी गई थी वह वही ही रहेगी।कोई भी नया नियम आदि नही रहेगा।

# जेल से चुनाव लड़ने का अधिकार पर वोटिंग का नहीं... अब सुप्रीम कोर्ट..............

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पेज न. 1 की शेष खबर**

यहां तक कि एक देनदार (एक व्यक्ति जिसने अदालत के फैसले के बावजूद अपने कर्ज का भुगतान नहीं किया है) जिसे एक नागरिक के रूप में गिरफ्तार किया गया है, उसे वोट देने के अधिकार से वंचित किया जाता है. सिविल जेलों में नजरबंदी अपराधों के लिये कारावास के विपरीत है. दक्षिण अफ्रीका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, कनाडा, आदि देशों के विपरीत यह प्रतिबंध उचित वर्गीकरण का अभाव है. वर्गीकरण का यह अभाव अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के तहत समानता के मौलिक अधिकार के लिये अभिशाप है.

**मतदान से संबंधित कैदियों के क्या हैं अधिकार?**

संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मतदान का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 62(5) के तहत यह प्रावधान है कि जो व्यक्ति पुलिस की कानूनी हिरासत हैं एवं दोषी ठहराए जाने के बाद जेल की सजा काटने वाला शख्स मतदान नहीं कर सकता. विचाराधीन कैदियों को भी चुनाव में भाग लेने से बाहर रखा जाता है, भले ही उनके नाम मतदाता सूची में हों.

याचिका में यह भी स्वीकार किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 62 (5) की वैधता को पहले अनुकूल चंद्र प्रधान बनाम भारत संघ (1997) के मामले में बरकरार रखा गया था. हालांकि यह कहा गया है कि उस समय सर्वोच्च अदालत ने मतदान के अधिकार को संविधान के तहत एक वैधानिक अधिकार माना था, ना कि मौलिक अधिकार. याचिका में अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ (2023) के फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है कि तब से, मतदान के अधिकार पर सर्वोच्च न्यायालय का रुख बदल गया है. न्यायालय ने कहा था कि मतदान का अधिकार केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं है, बल्कि संविधान के भाग III के अंतर्गत आता है, जिसका अर्थ है कि इसे मौलिक अधिकार का दर्जा प्राप्त है.

**सुप्रीम कोर्ट से याचिकाकर्ता ने की ये मांग**

इसलिए, याचिकाकर्ता ने अब सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह किया है कि वह विचाराधीन कैदियों (चुनाव कानूनों के तहत भ्रष्ट आचरण के लिए दोषी ठहराए गए लोगों को छोड़कर) को मतदान का अधिकार प्रदान करने के लिए दिशानिर्देश जारी करे, चाहे इसके लिए अधिकारियों को जेलों में मतदान केंद्र स्थापित करने का आदेश दिया जाए या डाक मतपत्रों की अनुमति दी जाए.

याचिकाकर्ता ने न्यायालय से जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 62(5) के "रिक्त स्थान" को भरने का भी अनुरोध किया है, जिसमें ऐसी शर्तें जोड़ी जाएं, जिनके तहत किसी कैदी को मामले-दर-मामला न्यायिक निर्णयों के आधार पर मतदान के अधिकार से वंचित किया जा सकता है, चाहे वह केवल इस बात से संबंधित हो कि कैदी को कुछ अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया है या किसी विशेष कारावास की सजा वाले अपराधों के लिए.

# अफगानिस्तान से कोई आतंकी भारत नहीं आएगा, तालिबानी मंत्री से मुलाकात के बाद बोले मदनी

**● जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी और अन्य पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा के बीच स्वागत किया। सुरक्षाकर्मियों ने कड़े प्रोटोकॉल का पालन किया, लेकिन सैकड़ों छात्र और स्थानीय निवासी उनका स्वागत करने के लिए मदरसे में जमा हुए।**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर ख़ान मुत्तक़ी ने शनिवार को ऐतिहासिक दारुल उलूम देवबंद इस्लामी मदरसे का दौरा किया और कहा कि भारत-अफ़ग़ानिस्तान संबंध और मज़बूत होने वाले हैं। भारत की छह दिवसीय यात्रा के तहत, इस यात्रा को बदलते क्षेत्रीय परिदृश्य के बीच एक धार्मिक और कूटनीतिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली से सड़क मार्ग से आए मुत्तकी का दारुल उलूम के कुलपति मुफ़्ती अबुल कासिम नोमानी, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी और अन्य पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा के बीच स्वागत किया। सुरक्षाकर्मियों ने कड़े प्रोटोकॉल का पालन किया, लेकिन सैकड़ों छात्र और स्थानीय निवासी उनका स्वागत करने के लिए मदरसे में जमा हुए।

पत्रकारों से बात करते हुए, मुत्तकी ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया मैं इस भव्य स्वागत और यहाँ के लोगों द्वारा दिखाए गए स्नेह के लिए आभारी हूँ। मुझे उम्मीद है कि भारत-अफ़ग़ानिस्तान संबंध और भी मज़बूत होंगे। मुत्तकी की यात्रा को एक महत्वपूर्ण धार्मिक और कूटनीतिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि यह पाकिस्तान के उस दावे को चुनौती देता है कि वह देवबंदी इस्लाम का मुख्य रक्षक और तालिबान का प्रमुख समर्थक है।

देवबंद की यात्रा करके, मुत्तकी ने संकेत दिया कि तालिबान की धार्मिक जड़ें भारत से जुड़ी हैं, जो तालिबान की कूटनीति में बदलाव और पाकिस्तान पर निर्भरता में संभावित कमी का संकेत देता है।

1866 में स्थापित, दारुल उलूम देवबंद दक्षिण एशिया के सबसे प्रभावशाली इस्लामी संस्थानों में से एक है। इस मदरसे ने ऐसे विद्वान और नेता तैयार किए हैं जो इस्लामी शिक्षा और शासन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। तालिबान दारुल उलूम को एक आदर्श संस्थान मानता है और इसके स्नातकों को अक्सर अफ़ग़ानिस्तान की सरकारी भूमिकाओं में प्राथमिकता दी जाती है। अफ़ग़ानिस्तान में वर्तमान में लगभग 15 छात्र दारुल उलूम में पढ़ रहे हैं, हालाँकि 2000 के बाद सख्त वीज़ा नियमों के कारण छात्रों की संख्या कम हो गई है।

# तेरी नामक एनजीओ के अधीन में माउंटेन तू मंगरव्स के लिए विश्वनाथ और लखीमपुर जिले की लोगों के साथ हुई बैठक

**● बैठक में देश विदेश की नामी हस्तियां शामिल**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**असम धेमाजी 11 अक्टूबर।** विश्व की कोका-कोला फाउंडेशन नामक एक बड़ी संस्था ग्लोबल वार्निंग के लिए तथा प्रकृति से जो जो हमारी बीच से गायब हो रही है वह पेड़ संरक्षण के लिए एक कदम उठाया है। जिससे हमारी बकरी ठीक सौंदर्य बाजार रखने के साथ-साथ किसानों को भी आर्थिक लाभ मिल इस तरह का एक प्रोग्राम लेकर आज विश्वनाथ जिले के कुमार बड़ी स्थित एक स्थाई तेरी की कार्यालय में विश्वनाथ और लखीमपुर जिले के लोगों के साथ बातचीत की जिससे लोगों के बीच पैरों की अहमियत और पैरों से किस तरह से हमें आर्थिक लाभ के साथ-साथ परिवेश की प्रदूषण भी रोक सकते हैं। इस बैठक में विदेशी लोग हमारे किसानों की समस्या और हमारे किसानों को किस तरह से आर्थिक लाभ के साथ प्रकृति की सुंदरता किस तरह से रख सकते हैं इसलिए कोका-कोला फाउंडेशन के वेंकट ईयर, आदित्य पांडा और माउंटेन तू मंगरव्स के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ मल्होत्रा, नील बोर (एनआरआई) की तरह दोनों संस्था से देश विदेश की करीब 9 लोक दोनों जिले की किसानों से बातचीत की और उन लोगों ने दोनों जिला को मिलाकर करीब 10 लाख हेक्टर जमीन पर पौधा लगाने की लक्ष्य लिया है इसके लिए उन लोगों को दोनों जिले की किसने की मदद मांगी है।

इस बैठक में विश्वनाथ जिले के समाज सेवक चिरंजीवी पाठक भी शामिल हुए और किसने की समस्या को लेकर उन लोगों से बातचीत की। पाठक ने भी उन लोगों की इस कदम का सरियाना किया। तेरी नामक एनजीओ संस्था की अस्थाई कार्यालय में हुई बैठक के दौरान पाठक ने सरिया ना लेते हुए बोला कि ग्लोबल वार्मिंग के वजह से जिस तरह क्लाइमेट चेंज देखने को मिला इससे हमें किसानों के बीच जागरूकता लाकर पौधों को लगाकर परिवेश को बचाना चाहिए और जिस किसानों को भी आर्थिक लाभ वन हो इस तरह कार्यक्रम लेकर आने के लिए डाक कोका-कोला फाउंडेशन को भी धन्यवाद ज्ञापन की।

## क्यों हुआ था अखिलेश यादव का फेसबुक पेज सस्पेंड, अब सपा प्रमुख ने खुद बताई वजह

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने फेसबुक अकाउंट के निलंबन पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि एक पत्रकार की मौत और बलिया में एक महिला की संदिग्ध मौत से संबंधित उनके पोस्ट को ग़लती से वयस्क यौन शोषण और हिंसा के रूप में चिह्नित किया गया था। आज सुबह, सपा प्रमुख का फेसबुक अकाउंट बहाल कर दिया गया। अखिलेश ने मीडिया को बताया कि मुझे बाद में पता चला कि मेरा अकाउंट कुछ आपत्तियों के कारण निलंबित कर दिया गया है। मुझे बताया गया कि आपत्ति %वयस्क यौन शोषण और हिंसा% थी। जब मुझे पूरी रिपोर्ट मिली, तो उसमें बलिया की एक महिला और एक पत्रकार की हत्या से संबंधित पोस्ट थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे पता चला कि मेरा अकाउंट इसलिए सस्पेंड कर दिया गया है क्योंकि कुछ आपत्तियाँ थीं। मुझे बताया गया कि आपत्ति %वयस्क यौन शोषण और हिंसा% से जुड़ी थी। जब मुझे पूरी रिपोर्ट मिली, तो उसमें बलिया की एक महिला से जुड़ी पोस्ट थीं, एक पत्रकार की हत्या से जुड़ी पोस्ट थीं... इसमें ग़लत क्या था? हम समझ गए हैं कि जितना ज़मीन पर काम करेंगे, हमारी लड़ाई उतनी ही सफल होगी और इसलिए हम ज़मीन पर ही काम करेंगे।

इससे पहले, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि अकाउंट सस्पेंड करने में केंद्र सरकार की कोई भूमिका नहीं थी। वैष्णव ने आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा करते हुए संवाददाताओं से कहा कि फेसबुक ने कार्रवाई की है; इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है। उनके अकाउंट पर एक



बेहद अपमानजनक पोस्ट थी, इसलिए फेसबुक ने अपनी नीति के अनुसार अकाउंट सस्पेंड कर दिया। इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है। इससे पहले आज समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी विपक्ष की आवाज़ दबा रही है। समाजवादी पार्टी (सपा) नेता फखरुल हसन चांद ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि यादव का अकाउंट सस्पेंड करना लोकतंत्र पर हमला है।

# अमेरिका के मिसिसिपी के स्कूल में फायरिंग, 4 लोगों की मौत

**● ली ने बताया कि गोलीबारी मुख्य सड़क पर हुई। उन्होंने बताया कि लोग लेलैंड हाई स्कूल के घर वापसी मैच के लिए शहर में थे। लेलैंड स्कूल डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट से पता चलता है कि लेलैंड हाई स्कूल को चार्ल्सटन हाई स्कूल के खिलाफ घर वापसी मैच खेलना था।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

मिसिसिपी के लेलैंड में शनिवार सुबह तड़के हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। लेलैंड के मेयर जॉन ली ने सीबीएस न्यूज़ को बताया कि गोलीबारी आधी रात के आसपास हुई और चार घायलों को स्थानीय अस्पतालों में एयरलिफ्ट किया गया। उनकी हालत के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

किसी भी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है और जाँच जारी है। ली ने बताया कि गोलीबारी मुख्य सड़क पर हुई। उन्होंने बताया कि लोग लेलैंड हाई स्कूल के घर वापसी मैच के लिए शहर में थे। लेलैंड स्कूल डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट से पता चलता है कि लेलैंड हाई स्कूल को चार्ल्सटन हाई स्कूल के खिलाफ घर वापसी मैच खेलना था। लेलैंड, वाशिंगटन काउंटी का एक छोटा शहर है। 2020 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, इसकी आबादी लगभग 4,000 है। लेलैंड में सामान्य से अधिक व्यस्तता थी, क्योंकि स्थानीय हाई स्कूल में घर वापसी के उपलक्ष्य में फुटबॉल मैच खेला जाना था, जो कि अमेरिका की वार्षिक परंपरा है, आमतौर पर शरद ऋतु में, जब पूर्व छात्रों का स्कूल की भावना और समुदाय का जश्न मनाने के लिए स्वागत किया जाता है।

## भारत से रिश्ते सुधारने में लगे ट्रंप, अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने की जयशंकर ने मुलाकात

**भारत-अमेरिका संबंधों और इसके वैश्विक महत्व पर चर्चा हुई। उन्हें उनकी नई ज़िम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, 9 से 14 अक्टूबर तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान गोर के साथ प्रबंधन एवं संसाधन उप-सचिव माइकल जे. रिगास भी मौजूद रहेंगे।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की, जो सीनेट द्वारा उनकी नियुक्ति की पुष्टि के बाद छह दिवसीय नई दिल्ली यात्रा पर हैं। जयशंकर ने ङ्क पर पोस्ट किया आज नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत-पदनामित सर्जियो गोर से मिलकर प्रसन्नता हुई। भारत-अमेरिका संबंधों और इसके वैश्विक महत्व पर चर्चा हुई। उन्हें उनकी नई ज़िम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, 9 से 14 अक्टूबर तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान गोर के साथ प्रबंधन एवं संसाधन उप-सचिव माइकल जे. रिगास भी मौजूद रहेंगे।

यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और अमेरिका रणनीतिक और व्यापारिक संबंधों को मज़बूत करने के लिए काम कर रहे हैं। दोनों पक्ष एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और प्रौद्योगिकी एवं रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीके तलाश रहे हैं। अमेरिकी दूतावास के अनुसार, हाल ही में भारत पहुँचे गोर बाद में औपचारिक रूप से अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने भी शनिवार को गोर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साझा किया विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने आज भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। उनके बीच भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी और इसकी साझा प्राथमिकताओं पर उपयोगी बातचीत हुई। विदेश सचिव ने मनोनीत राजदूत गोर को उनके कार्यभार के



लिए शुभकामनाएं दीं।

इससे पहले, जयशंकर ने 24 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के दौरान गोर से मुलाकात की थी, जहाँ दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर चर्चा की थी। मुलाकात के बाद, अमेरिकी विदेश विभाग ने एक्स पर साझा किया, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत और भारत में राजदूत नामित सर्जियो गोर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान भारत के विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की। वे अमेरिका-भारत संबंधों की सफलता को और बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं।

## गाजा विरोध में पाकिस्तान लहूलुहान- पुलिस-इस्लामी समूह झड़प में 11 की मौत, तनाव गहराया

**● पंजाब पुलिस को फ्रइज़राइली गुंडेफ्र बताते हुए, तहरीक-ए-लब्बैक ने दावा किया कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें उसके 11 सदस्य मारे गए और 50 से ज़्यादा घायल हो गए। सुबह से अब तक टीएलपी के 11 लोग मारे जा चुके हैं। लगातार गोलाबारी और गोलीबारी हो रही है।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

लाहौर में शनिवार को पुलिस और इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के बीच हिंसक झड़पें जारी रहीं, क्योंकि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को राजधानी की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश की, जहाँ वे फ़िलिस्तीन समर्थक रैली निकालने वाले थे। पंजाब पुलिस को ÷इज़राइली गुंडे÷ बताते हुए, तहरीक-ए-लब्बैक ने दावा किया कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें उसके 11 सदस्य मारे गए और 50 से ज़्यादा घायल हो गए। सुबह से अब तक टीएलपी के 11 लोग मारे जा चुके हैं। लगातार गोलाबारी और गोलीबारी हो रही है।

इज़राइल द्वारा गाजा में की गई हत्याओं के विरोध में गुरुवार को शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन शनिवार को और तेज़ हो गया जब पुलिस ने कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया, जिसमें द डॉन की रिपोर्ट के अनुसार दर्जनों पुलिसकर्मी घायल हो गए। लाहौर के आज़ादी चौक के पास झड़पें तेज़ हो गईं, जहाँ कई पुलिस वाहनों में आग लगा दी गई और कई अधिकारी घायल हो गए।

कई इलाकों में पुलिस ने बैरिकेड्स लगा दिए, शिपिंग कंटेनर रख दिए और यहाँ तक कि खाइयाँ भी खोद दीं ताकि टीएलपी के हज़ारों प्रदर्शनकारियों को, जिनका नेतृत्व संगठन के प्रमुख साद रिज़वी कर रहे थे, इस्लामाबाद की ओर अमेरिकी दूतावास के पास प्रदर्शन के लिए जाने से रोका जा सके। लाहौर इस्लामाबाद से लगभग 370 किलोमीटर दूर है। अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को बड़ी भीड़-भाड़ से बचने और अपने आस-पास के वातावरण के प्रति सचेत रहने की सलाह दी है।